दैनिक नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

आज महावीर जयंती

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, गुरूवार, 10 अप्रैल 2025 शुक्ल पक्ष-त्रयोदशी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-10 अंक- 351 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

ट्रंप के 104% टैरिफ पर चीन ने अमेरिका पर लगाया 84% एक्स्ट्रा टैरिफ

■ चीन पर अमेरिकी टैरिफ वैश्विक व्यापार स्थिरता के लिए गंभीर खतरा

नई दिल्ली/ए.। अमेरिका और चीन के बीच व्यापार ट्रेड वॉर थमने का नाम नहीं ले रही है। बीते दिन ट्रंप ने चीन पर 104 प्रतिशत जवाबी टैरिफलगाने का ऐलान किया था। इसके जवाब में आज चीन ने घोषणा की कि वह गुरुवार से अमेरिकी वस्तुओं पर 84 प्रतिशत तक टैरिफ लगाएगा, जो पहले घोषित 34 प्रतिशत से काफी ज्यादा है। चीन का यह कदम डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा चीनी वस्तुओं पर 104 प्रतिशत का चौंका देने वाला टैरिफ लगाए जाने के बाद उठाया गया है। बुधवार को चीन ने वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन से कहा कि स्थिति खतरनाक रूप से बढ़ गई है और चेतावनी दी कि चीन पर अमेरिकी टैरिफ वैश्विक व्यापार स्थिरता के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं।

लागू हुए ट्रंप के रेसिप्रोकल टैरिफ

ट्रंप ने कई देशों पर लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ बुधवार से प्रभावी हो गए हैं। इनमें चीनी वस्तुओं पर लगाया गया भारी शुल्क भी शामिल है, जिससे ग्लोबल ट्रेड वॉर बढ़ गया

ट्रंप की चेतावनी, फार्मा इंडस्ट्री के लिए टैरिफ छूट खत्म होगी, भारत पर होगा बड़ा असर

न्यूयॉर्क/ए.। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा कि फार्मास्यूटिकल्स को रेसिप्रोकल टैरिफ से दी गई छूट जल्द समाप्त हो जाएगी। भारत अमेरिका को बड़ी मात्रा में फार्मास्यूटिकल्स का निर्यात करता है। मंगलवार रात को उन्होंने कहा हम बहुत जल्द ही फार्मास्यूटिकल्स पर एक बड़ा टैरिफलगाने की घोषणा करने जा रहे हैं। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब अमेरिका की ओर से लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ बुधवार से प्रभावी हो गए हैं। उन्होंने वाशिंगटन में नेशनल रिपब्लिकन कांग्रेसनल कमेटी के डिनर में अपने भाषण में चीन का जिक्र किया, लेकिन भारत का जिक्र नहीं किया।

भारत अमेरिका को बड़ी मात्रा में फार्मास्यूटिकल्स का निर्यात करता

आज बेबाक

एक फिल्म में शाहरूख खान का डायलॉग था कि - बड़े बड़े देशों में छोटी बातें हो जाये करती हैं। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर शायद शाहरूख खान के बहुत बड़े पंखें हैं। उन्होंने बैंगलोर में महिला के उत्पीड़न की एक घटना को लेकर शाहरूख खान स्टाइल में यह डायलॉग मारा है कि - बैंगलोर जैसे बड़े शहर में ऐसी छोटी घटना होती रहती है। महिला उत्पीड़न की शर्मनाक घटना को लेकर गृह मंत्री का ऐसा हास्यास्पद बयान यह बताता है कि वे महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों को लेकर कितने गंभीर हैं? वाकई हद है असंवेदनशीलता की।

पुतिन ने पीएम मोदी को परेड में शामिल होने दिया निमंत्रण

मॉस्को/ए.। रूसी सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 9 मई को मॉस्को में 80वें विजय दिवस समारोह में भाग लेने के लिए औपचारिक रूप से आमंत्रित किया है। यह समारोह द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर सोवियत संघ की विजय का प्रतीक है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रूसी उप-विदेश मंत्री आंद्रे रुडेंको ने पुष्टि की कि नई दिल्ली को आधिकारिक निमंत्रण भेजा गया है और उच्च स्तरीय यात्रा की तैयारियां अभी चल रही हैं। रूसी सरकारी समाचार एजेंसी तास के हवाले से रुडेंको ने मंगलवार को कहा, इस पर काम जारी है, यह इसी साल होना चाहिए। उन्हें निमंत्रण मिला है। उप विदेश मंत्री यह भी कहा कि रूस ने मॉस्को के प्रतिष्ठित रेड स्क्वायर पर आयोजित होने वाली वार्षिक सैन्य परेड में भाग लेने के लिए कई मित्र देशों के नेताओं को इसी तरह का निमंत्रण दिया है।

नवा रायपुर में खुलेगी राष्ट्रीय तीरंदाजी अकादमी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर अटल नगर में जल्द ही राष्ट्रीय स्तर की अत्याधुनिक तीरंदाजी अकादमी की स्थापित होगी। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन और आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण ने लगभग 10.03 एकड़ भूमि का चिन्हांकन कर लिया है। यह भूमि सेक्टर-33 के ग्राम उपरवारा क्षेत्र में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 40,614.216 वर्गमीटर है। अकादमी के बनने से नवा रायपुर न केवल खेल के क्षेत्र में एक नई पहचान बनाएगा, बल्कि यह देश के युवा तीरंदाजों के लिए एक उत्कृष्ट प्रशिक्षण केंद्र के रूप में उभरेगा।

बंगाल में वक्फ संशोधन अधिनियम लागू नहीं होगा : ममता

कोलकाता(ए.)। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में बीते दिन हुई वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों और पुलिस के बीच हुई झड़प के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने बुधवार को कहा कि राज्य में वक्फ (संशोधन) अधिनियम लागू नहीं होगा। कोलकाता में जैन समुदाय के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि वह अल्पसंख्यक लोगों और उनकी संपत्ति की रक्षा के लिए हम कदम उठाएंगी। उन्होंने कहा, मैं जानती हूं कि वक्फ अधिनियम के लागू होने से आप दुखी हैं। भरोसा रखें, बंगाल में ऐसा कुछ नहीं होगा, जिससे कोई समाज में फूट डालकर राज कर सके।

पैकेज्ड फूड पर केंद्र तीन महीने में ले फैसला : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। पैकेज्ड फूट पर चेतावनी लेबल लगाने की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को निर्देश दिया है कि वह अगले तीन महीनों में सिफारिशों को लागू करे। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से तीन महीने के भीतर एफएसएस लेबलिंग और डिस्प्ले रेगुलेशन 2020 में संशोधन पर फैसला लेने को कहा है। आपको बता दें कि जस्टिस जेबी पारदीवाला ने पैकेज्ड फूड के पैकेट पर चेतावनी की मांग करने वाली जनहित में दायर याचिका पर ये टिप्पणी की है।

अहमदाबाद में कांग्रेस का 84वां राष्ट्रीय अधिवेशन

देश संविधान से चलेगा, टैरिफ, भाजपा और आरएसएस पर जमकर बरसे राहुल

हरिओम चौहान

अहमदाबाद/नवप्रदेश। गुजरात के अहमदाबाद में कांग्रेस का 84वां दो दिवसीय अधिवेशन चल रहा है। मंगलवार को पहले दिन कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक चार घंटे चली। बुधवार को आखिरी दिन कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम में राहुल गांधी ने एक बार फिर से जाति जनगणना को लेकर आवाज उठाई है।

तेलंगाना में हमने एक क्रांतिकारी कदम उठाया

राहुल गांधी ने कहा कि, तेलंगाना में हमने एक क्रांतिकारी कदम उठाया है। हमने जाति जनगणना करायी है। राहुल गांधी ने कहा कि कुछ महीने पहले, मैंने संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूछा था कि हमें देश में जाति जनगणना करवानी चाहिए। मैं जानना चाहता था कि इस देश में किसकी कितनी हिस्सेदारी है और क्या यह देश सही मायने में आदिवासी, दलित और पिछड़े समुदायों का सम्मान करता है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस ने जाति जनगणना से साफ इनकार कर दिया क्योंकि वे नहीं चाहते कि इस देश में अल्पसंख्यकों को कितनी हिस्सेदारी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भाजपा की मनुवादी सोच

इस मामले को लेकर कांग्रेस ने मंगलवार को भाजपा पर दलित विरोधी होने का आरोप लगाया था। साथ ही भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से उसके नेता द्वारा किए गए इस कृत्य पर माफी मांगने की मांग की थी। घटना का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, भाजपा की दलित विरोधी और मनुवादी सोच का एक और उदाहरण! भाजपा लगातार दलितों का अपमान और संविधान पर हमला करती रही है।

राहुल के निशाने पर संघ और भाजपा

राहुल गांधी ने भाजपा और संघ पर निशाना साधते हुए कहा कि, वे संस्थाओं पर आक्रमण कर रहे हैं। अदाणी-अंबानी को देश का पूरा धन दिया जा रहा है। संविधान में कहीं नहीं लिखा कि देश का पूरा धन दो-तीन लोगों के हाथ में होना चाहिए। संविधान में कहीं नहीं लिखा कि देश के सभी वाइस चांसलर आरएसएस के होना चाहिए। संविधान में कहीं नहीं लिखा कि देश में कोई खास भाषा ही पढ़ाई जाएगी। जिस पार्टी के पास विचारधारा, स्पष्टता नहीं है, वो भाजपा और आरएसएस के सामने खड़ी नहीं हो सकती। जिसके पास विचारधारा है, वही भाजपा और आरएसएस के सामने खड़ी हो सकती है, वही उन्हें हराएगी।

पीएम मोदी पर साधा निशाना

राहुल गांधी ने कांग्रेस अधिवेशन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, संविधान का सम्मान करना ही नहीं, बल्कि उसकी रक्षा करना भी जरूरी है। मोदी जी, देश संविधान और उसके आदर्शों से चलेगा, न कि मनुस्मृति से, जो बहुजनों को दोयम दर्जे का नागरिक मानती है।

दलितों का अपमान

रामनवमी के अवसर पर अलवर की एक आवासीय सोसायटी में रविवार को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। कांग्रेस नेता जूली इस कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इसके बाद भाजपा नेता ज्ञानदेव आहूजा वहां पहुंचे और मंदिर में गंगा जल छिड़कर शुद्धिकरण किया।

ट्रंप के टैरिफ पर कुछ नहीं बोलते पीएम मोदी

अमेरिकी टैरिफ के मुद्दे पर राहुल ने कहा, पहले मोदी अमेरिका जाते थे। राष्ट्रपति ट्रंप के गले मिलते थे। अब आपने ट्रंप से गले मिलने वाली फोटो देखी। ट्रंप ने नए टैरिफ लगा दिए। मोदी जी की चूं तक नहीं निकली। जनता का ध्यान वहां न जाए, संसद में ड्रामा करवाया। सच ये है कि आर्थिक तूफान आने वाला है। कोरोना में मोदी जी ने थाली बजवाई थी। अब कहां छिप गए हैं?

भाजपा पर लगाया दलित विरोधी मानसिकता रखने का आरोप

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा पर दलित विरोधी मानसिकता रखने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा लगातार दलितों का अपमान और संविधान पर हमला करती रही है। इसलिए संविधान का सम्मान और रक्षा करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि देश संविधान और उसके आदर्शों से चलेगा, न कि मनुस्मृति से। राहुल गांधी ने यह टिप्पणी राजस्थान के अलवर में भाजपा नेता द्वारा राम मंदिर में गंगा जल छिड़कर शुद्धिकरण किए जाने के संदर्भ में की, जहां कांग्रेस नेता टीकाराम जूली ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हिस्सा लिया था।

भारत की विकास दर 6.7 % का अनुमान

भारत वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद लचीला विकास दिखा रहा है-एडीबी

नई दिल्ली (वार्ता)। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने उच्च घरेलू मांग, बढ़ती ग्रामीण आय, एक मजबूत सेवा क्षेत्र और नरम मुद्रास्फीति के बल पर उपभोक्ता विश्वास बढ़ाने से चालू वित्त वर्ष में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का बुधवार को अनुमान जताया। एडीबी द्वारा आज जारी एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) अप्रैल 2025 के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इन सेक्टरों पर की टिकीं हैं उम्मीदें

- ■ शहरी मध्यम वर्ग और समृद्ध परिवारों की बढ़ती मांग
- ■ बुनियादी ढांचे के विकास और रोजगार सृजन
- ■ मजबूत सेवाओं, कृषि क्षेत्रों और मध्यम वर्ग के लिए प्रोत्साहन
- ■ सेवा क्षेत्र व्यापार सेवाओं के निर्यात
- ■ शिक्षा-स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत होना
- ■ शहरी बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ेगा, 100 अरब रुपए
- ■ विनिर्माण क्षेत्र में फिर से उछाल की उम्मीद

2032 तक छठा बड़ा बीमा बाजार होगा भारत : सीतारमण

लंदन (वार्ता)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत को विदेशी बैंकों के लिए एक आकर्षक विकास अवसर प्रदान करने वाला बताते हुए बुधवार को यहां कहा कि सरकार बैंकिंग क्षेत्र में विदेशी निवेश को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित कर रही है तथा भारत 2032 तक छठा सबसे बड़ा बीमा बाजार बनने के लिए तैयार है। श्रीमती सीतारमण ने यहां विभिन्न पेंशन फंड, बीमा कंपनियों, बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 60 ब्रिटिश निवेशकों के साथ भारत-यूके निवेशक गोलमेज चर्चा में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मध्यम वर्ग के विस्तार और मजबूत और स्थिर नीतिगत माहौल के साथ भारत 2032 ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मुंबई हमले का आरोपी राणा आज आएगा भारत

■ मुंबई हमले के मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत भेजा

नई दिल्ली(वार्ता)। मुंबई में 26/11 के आतंकवादी हमले के मुख्य साजिशकर्ता पाकिस्तानी तुहव्वुर राणा को न्यायिक प्रक्रिया के तहत कार्यवाही के लिए अमेरिका से प्रत्यर्पित कर बुधवार को भारत के लिए रवाना किया गया। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार राणा को एक विशेष विमान से भारत के लिए रवाना कर दिया गया है। राणा को लेकर आ रहे विमान के भारतीय समयानुसार आज देर रात यहां पहुंचने की संभावना है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि उसका विमान भारत में कहां उतारा जाएगा और राणा को किस स्थान पर रखा जाएगा। इससे पहले अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने राणा की उस याचिका को खरिज कर दिया था जिसमें उसने खुद को भारतीय अधिकारियों को सौंपे जाने का विरोध किया था।

26 राफेल लड़ाकू विमान खरीदने मेगा डील को मिली मंजूरी

नई दिल्ली/वार्ता। भारत ने फ्रांस से 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमान खरीदने के लिए मेगा डील को मंजूरी दे दी है। 63,000 करोड़ रुपये से अधिक के इस सरकारी सौदे पर जल्द ही हस्ताक्षर किए जा सकते हैं। इस सौदे के तहत भारतीय नौसेना को 22 सिंगल-सीटर और चार ट्विन-सीटर विमान मिलेंगे। सरकारी सूत्रों के हवाले से समाचार एजेंसी एएनआई ने यह दावा किया है। यह सौदा भारतीय वायुसेना के राफेल विमानों की क्षमताओं को भी अपग्रेड करने में मदद करेगा। राफेल-एम जेट को भारतीय नौसेना के विमानों के बेड़े में शामिल किया जाएगा।

न हो नक्सलियों की जासूसी, कहा- पहाड़ों में लगे हैं सैकड़ों आईईडी

नक्सली सांता ने पत्र जारी कर कहा-यहां न आएं ग्रामीण

जगदलपुर/नवप्रदेश। नक्सलियों के द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से आए दिन ग्रामीणों के घायल होने के साथ ही जान भी गवां रहे हैं, जिसको देखते हुए नक्सलियों के वेंकटापुरम वाजेड एरिया कमेटी के सचिव ने तेलुगु भाषा में प्रेस नोट जारी करते हुए ग्रामीणों से अपील की है कि पहाड़ी की ओर ना जाएं। नक्सलियों के द्वारा वहां सैकड़ों की संख्या में आईईडी लगाए हैं, जिससे बड़ा नुकसान हो सकता है। बता दें कि बीजापुर और तेलंगाना सीमा पर नक्सलियों ने सैकड़ों की संख्या में आईईडी लगा रखे हैं, नक्सलियों को लगातार टारगेट करते हुए जवान नक्सलियों की बटालियन को ध्वस्त करने में जुटे हुए हैं, लगातार पुलिस की बढ़ती सफलता और नक्सलियों को हो रहे बड़े नुकसान को देखते हुए जवानों के ऑपरेशन और हमलों से बचने के लिए नक्सलियों ने बीजापुर और तेलंगाना सीमा पर स्थित करेगुट्टा पहाड़ियों में सैकड़ों की संख्या में सीरियल बम लगा रखे हैं।

तेलुगु भाषा में जारी किया प्रेस नोट

नक्सलियों के वेंकटापुरम वाजेड एरिया कमेटी की सचिव शांता ने तेलुगु भाषा में प्रेस नोट जारी कर जानकारी दी है। नक्सली नेता शांता ने ग्रामीणों से पहाड़ियों की ओर शिकार या अन्य काम से न आने की अपील की है। ऐसा करने पर एक बड़ा नुकसान होने के साथ ही ग्रामीणों को अपनी जान तक गवानी पड़ सकती है।

गरमा-गरम

भारतमाला में भ्रष्टाचार — घोटालेबाज अधिकारियों-भूमाफियाओं पर कसेगा शिकंजा

राजस्व विभाग ने 11 जिलों के कलेक्टरों को दिए जांच के निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित भारतमाला प्रोजेक्ट में हुई गड़बड़ियों को लेकर जांच अब और तेज हो गई है। रायपुर समेत कुल 11 जिलों में जांच शुरू करने के निर्देश जारी किए गए हैं। राजस्व विभाग के सचिव अविनाश चंपावत ने सभी संबंधित जिलों के कलेक्टरों को जांच कर रिपोर्ट जमा करने के निर्देश दिए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, रायपुर, दुर्ग, धमतरी, धमतरी, कांकेर, कोंडागांव, कोरबा, रायगढ़, जशपुर, राजनांदगांव, बिलासपुर और जांजगीर-चांपा जिलों में जांच की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इससे पहले कुछ जिलों में हुई प्रारंभिक जांच की रिपोर्ट अब आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा ने मांगी है। जिसके बाद अब घोटलेबाज अधिकारियों-भूमाफिआयों पर शिकंजा कसने की तैयारी है।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने उठाया था मुद्दा

इस घोटाले को लेकर चरणदास महंत ने विधानसभा बजट सत्र 2025 में भी मुद्दा उठाया था इसके बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में इस प्रकरण की जांच ईओडब्ल्यू को सौंपने का निर्णय लिया गया था। अब ईओडब्ल्यू ने इस पूरे मामले की जांच को और तेज कर दिया है।

शुरुआती जांच में 43 करोड़, अब तक 220 करोड़ के भ्रष्टाचार की संभावना

शुरुआती जांच में यह सामने आया था कि कुछ सरकारी अधिकारियों, भू-माफियाओं और प्रभावशाली लोगों ने मिलीभगत कर फर्जी तरीके से लगभग 43 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि हासिल कर ली। लेकिन विस्तृत जांच में यह आंकड़ा 220 करोड़ रुपये से ज्यादा तक पहुंच गया है. अब तक 164 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेन-देन का रिकॉर्ड भी जांच एजेंसी को मिल चुका है. मामले की गंभीरता को देखते हुए नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने 6 मार्च को प्रधानमंत्री कार्यालय और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर सीबीआई जांच की मांग की है।

क्या है भारतमाला परियोजना का मुआवजा घोटाला?

छत्तीसगढ़ में भारतमाला परियोजना ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आरोपी को जल्द सजा दिलाने एसपी ने गठित की एसआईटी

दुर्ग/नवप्रदेश। छह वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म और उसके हत्या के मामले में दुर्ग पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला ने विशेष जांच दल का गठन किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (आईयूसीएडब्ल्यू) पद्मश्री तंवर की अगुवाई में गठित टीम पूरे मामले में साक्ष्य जुटाने से लेकर फास्ट ट्रेक कोर्ट में चार्ज शीट पेश करने का काम करेगी। पुलिस अधीक्षक द्वारा गठित विशेष जांच दल में मोहन नगर थाना प्रभारी निरीक्षक शिव प्रसाद चंद्रा, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक श्रद्धा पाठक, छावनी थाना प्रभारी उप निरीक्षक चेतन चंद्राकर, उप निरीक्षक पारस ठाकुर (मोहन नगर थाना), सहायक उप निरीक्षक राजेन्द्र देशमुख (थाना मोहन नगर), सहायक उप निरीक्षक संगीता मिश्रा, (रक्षा टीम) प्रधान आरक्षक लक्ष्मी नारायण पात्रे (मोहन नगर थाना) को शामिल किया गया है। मामले में प्रार्थी ओम नगर, उरला निवासी सन्नी यादव पिता स्व. मनोहर लाल यादव की रिपोर्ट पर मोहन नगर थाना में अपराध क्रमांक 133/25 धारा 137 (2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण में धारा 103 (1), 64 (2)(एफ), 65 (2), 66, 238(ए) बीएनएस एवं 6 पाक्सो एक्ट का समावेश किया गया है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में जमकर गरजे मल्लिकार्जुन खड़गे

अहमदाबाद के रास्ते दिल्ली तक पहुंचेगी कांग्रेस

हरिओम चौहान

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने ईवीएम के बदले बैलेट पेपर से चुनाव कराने की पुरजोर ढंग से मांग उठाई

अहमदाबाद/नवप्रदेश। यहां साबरमर्ती रिवर फ्रंट में आयोजित कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। खड़गे ने चुनाव आयोग पर भी आरोप लगाया कि वह मोदी सरकार के दबाव में आकर निष्पक्ष कार्यवाही नहीं कर रही है। ईवीएम से चुनाव कराने के कारण जमकर धांधली हो रही है। दुनिया के सारे विकसित देश ईवीएम से किनारा कर बैलेट पेपर से चुनाव करा रहे हैं लेकिन सिर्फ भारत में ही ईवीएम का उपयोग किया जा रहा है। यही नहीं बल्कि चुनाव प्रक्रिया में भी पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है। इसका उदाहरण महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव है जहां अचानक पचास लाख मतदाता बढ़ गये थे इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी पार्टियों ने चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाया था लेकिन चुनाव आयोग ने विपक्ष की शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया। महाराष्ट्र में भाजपा ने 150 सीटों पर चुनाव लड़ा था जिसमें से 137 सीटों पर उसे जीत मिली थी। इस तरह उसे 90 प्रतिशत से ज्यादा सफलता मिलना इस संदेह को बल देता है कि वहां बड़े पैमाने पर धांधली की गई है। देश में चुनाव निष्पक्षता से हो इसके लिये यह जरूरी है कि ईवीएम को हटाया जाये और बैलेट पेपर से चुनाव कराया जाये। चुनाव प्रक्रिया में भी पूरी पारदर्शिता बरती जाये।

मोदी जी हमेशा झूठ बोलते हैं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए खड़गे ने कहा कि किसानों की आय दोगुना करने का वादा करने वाले मोदी जी बतायें कि आज तक किसानों की आय दोगुना क्यों नहीं हुई है। नतीजतन देशभर के किसान अपने वाजिब हक की मांग को लेकर आंदोलन पर बाध्य हो रहे हैं। बेरोजगारों की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है और युवाओं को रोजगार दिलाने में मोदी सरकार विफल सिद्ध हो रही है। मोदी जी देश को बेचने पर उतारू हैं। उन्हें गरीबों की कोई चिंता नहीं है। अपने चंद उद्योगपति मित्रों को ही वे लाभ दिला रहे हैं। उन्होंने केन्द्र सरकार पर विपक्षी पार्टियों के नेतृत्व वाली राज्य सरकारों के साथ सौतला व्यवहार करने का भी आरोप लगाया। हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना के कांग्रेसी मुख्यमंत्री तथा झारखंड के मुख्यमंत्री लगातार केन्द्र सरकार से नरेगा के लिए राशि आबंटित करने की मांग कर रहे हैं लेकिन केन्द्र सरकार विपक्षी पार्टियों की राज्य सरकारों के हितों की अनदेखी कर रही है। गैर एनडीए वाली राज्य सरकारों को मोदी सरकार परेशान कर रही है। इन राज्यों के राज्यपाल केन्द्र के एजेन्ट के रूप में काम कर रहें है। खड़गे ने तमिलनाडू का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां के राज्यपाल ने तमिलनाडू सरकार द्वारा पारित विधेयकों को लंबे समय तक रोक कर रख लिया था। जिसपर सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडू के राज्यपाल को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा है कि राज्यपाल के पास कोई विवेकाधिकार नहीं होता है उन्हें मंत्रिमंडल की सलाह से काम करना पड़ता है। ऐसे में राज्यपाल द्वारा 10 विधेयकों को लंबे समय से रोक कर रखना अवैध और मनमाना कदम है।

खड़गे ने कहा कि तमिलनाडू के राज्यपाल की तरह ही गैर एनडीए शासित अन्य राज्यों के राज्यपाल भी इसी तरह की मनमानी करके उन राज्य सरकारों को परेशान कर रही है। खड़गे ने भाजपा और आरएसएस पर भी आरोप लगाया कि वे सुनियोजित रूप से विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश कर रहे हैं। जिसे कांग्रेस पार्टी बर्दाशत नहीं करेगी।

केन्द्र सरकार मनमाने ढंग से संसद चला रही है। जहां विपक्ष की बात सुनी नहीं जाती। हमारे कांग्रेस पार्टी के नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को सदन में बोलने नहीं दिया जाता। भाजपा लोकतंत्र की और संविधान की भावनाओं के खिलाफ काम कर रही है। जिसके विरूद्ध कांग्रेसजन देशभर में आवाज उठायेंगे और कांग्रेस कार्यकर्ता मोदी सरकार की असफलताओं को जन जन तक पहुंचायेंगे।

बिहार में इस बार बनेगी महागठबंधन की सरकार : नलिन रंजन झा

अहमदाबाद। कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेने आये बिहार से आईसीसी के सदस्य नलिन रंजन झा ने दैनिक नवप्रदेश से चर्चा करते हुए कहा कि मोदी के गढ़ गुजरात में हो रहे कांग्रेस के इस राष्ट्रीय अधिवेशन से पूरे देश के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। बिहार से भी अनेक वरिष्ठ कांग्रेस नेता इस अधिवेशन में भाग लेने आये हुए हैं और यहां से लौटकर हम सब कांग्रेस कार्यकर्ता दोगुने जोश के साथ विधानसभा चुनाव की तैयारी में जूट जाएंगे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के हालिया बिहार के प्रवास के बाद वहां के कांग्रेस के पक्ष में अच्छा माहौल बना है। उन्होंने दावा किया कि बिहार विधानसभा चुनावों में इस बार कांग्रेस 50 से ज्यादा सीटें जितने जा रही है और वहां महागठबंधन की सरकार बनने जा रही है।

अहमदाबाद में कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन की झलकियां

कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में छत्तीसगढ़ के पूर्व उप मुख्यमंत्री टी. एस. सिंहदेव

कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री ताम्र ध्वज साहू

दैनिक नव प्रदेश से चर्चा करते हुए गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष हीराभाई जेटवा

कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में बिहार से एआईसीसी मेंबर नलिन रंजन झा

कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में दैनिक नव प्रदेश से चर्चा करते हुए सांसद सैंथिल

कैशलेस इलाज योजना में देरी पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

नई दिल्ली। मोटर दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस चिकित्सा उपचार में देरी को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को फटकार लगाई है। साथ ही अदालत ने सड़क परिवहन मंत्रालय के सचिव को वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए स्पष्टीकरण देने के लिए तलब किया। मामले में सुनावई के दौरान जस्टिस अभय एस ओका और उज्जल भुइयां की पीठ ने इस बात पर आपत्ति जताई कि 8 जनवरी के आदेश के बावजूद केंद्र सरकार ने इसका अनुपालन नहीं किया। कोर्ट ने आगे कहा कि 8 जनवरी को दिए गए आदेश के बावजूद केंद्र ने योजना को लागू नहीं किया, जो कि एक गंभीर उल्लंघन है। सुनवाई के दौरान जस्टिस अभय एस ओका और उज्जल भुइयां की पीठ ने इस पर आपत्ति जताई। साथ ही कहा कि यह न केवल अदालत के आदेश का उल्लंघन है, बल्कि एक लाभकारी कानून को लागू करने में भी देरी हो रही है। अदालत ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल विक्रमजीत बनर्जी से कहा कि यह उनका खुद का कानून है और यदि योजना लागू नहीं की जाती तो लोग अपनी जान गंवा सकते हैं। कोर्ट ने सड़क परिवहन मंत्रालय के सचिव को 28 अप्रैल को स्पष्टीकरण देने के लिए बुलाया।

धमपुर में सुरक्षा बलों की आतंकवादियों के साथ मुठभेड़

जम्मू (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर में उधमपुर जिले के रामनगर के जंगलों में बुधवार की दोपहर सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक जोफर गांव में आतंकवादियों की गतिविधियों की खुफिया सूचना मिलने पर पुलिस और सेना की संयुक्त टीम ने घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किया। इसी दौरान सुरक्षा बलों की आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ शुरू हो गयी। उन्होंने बताया कि मौके पर दो से तीन आतंकवादी हो सकते हैं। अंतिम सूचना मिलने तक अभियान जारी है।

बिम्सटेक को कृषि तकनीक सहयोग देगा भारत

काठमांडू(वार्ता)। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बिम्सटेक क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा, जलवायु अनुकूलन और कृषि को सतत बनाने के प्रयासों की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा है कि बिम्सटेक कृषि उत्कृष्टता केंद्र जलवायु जोखिम को कम करने, प्राकृतिक खेती, लैंगिक समानता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर ध्यान केंद्रित करेगा। चौहान ने बुधवार को नेपाल में काठमांडू में बिम्सटेक कृषि मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के लिए 'पड़ोसी पहले' और 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' की प्रमुख विदेश नीति प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए बिम्सटेक एक स्वाभाविक विकल्प है। बिम्सटेक में दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया को जोड़ने की क्षमता है। क्षेत्र का साझा इतिहास और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है जो इसे स्वाभाविक साझेदार बनाती है।

म्यांमार भूकंप से कई मोबाइल संचार स्टेशन क्षतिग्रस्त

यांगून(वार्ता)। म्यांमार में 28 मार्च को आए 7.9 तीव्रता के भूकंप से देश में 6,730 मोबाइल संचार स्टेशन क्षतिग्रस्त हो गए। सरकारी दैनिक 'द मिरर' ने बुधवार को बताया कि छह अप्रैल तक 5,999 स्टेशनों को दुरूस्त कर दिया गया, जबकि 731 स्टेशनों की मरम्मत चल रही है।

भारत-चीन सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रहे, कुछ मुद्दों पर काम किया जाना बाकी : एस जयशंकर

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को भारत और चीन संबंधों को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के संबंध सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हालांकि, अभी भी कुछ मुद्दे बाकी हैं, जिन पर काम किया जाना बाकी है। रिश्तों को सामान्य बनाने के लिए इन मुद्दों पर काम करने की जरूरत है। विदेश मंत्री ने एक सम्मेलन में बोलते हुए यह बात कही। गलवान घाटी में झड़पों के बाद भारत-चीन संबंध 1962 के युद्ध के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए थे। हालांकि, कूटनीतिक और सैन्य वार्ताओं के बाद, अक्तूबर 2024 में दोनों पक्षों के बीच पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर अंतिम दो टकराव बिंदुओं- देपसांग और डेमचोक के लिए एक विघटन समझौता हुआ, जिसके चलते दोनों पक्षों ने टकराव वाले स्थानों से अपने सैनिक वापस बुला लिए। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि सीमा पर कुछ मुद्दे अभी भी बने हुए हैं, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में सेना का निर्माण हुआ है। उन्होंने कहा कि इस अवधि के दौरान कई अन्य चीजें भी हुईं, जिनमें से कुछ स्थिति का परिणाम थीं। उन्होंने कोविड काल का उदाहरण दिया और कहा कि कोविड के दौरान चीन के लिए हमारी सीधी उड़ानें बंद हो गईं, जो फिर से शुरू नहीं हो सकी हैं। इस अवधि के दौरान कैलाश मानसरोवर यात्रा भी बंद हुई। यह भी फिर से शुरू नहीं हो सकी है।

देपसांग-डेमचोक विघटन समझौता महत्वपूर्ण था : जयशंकर

विदेश मंत्री जयशंकर ने सम्मेलन में बोलते हुए कहा कि देपसांग-डेमचोक विघटन समझौता महत्वपूर्ण था। क्योंकि समझौते को अंतिम रूप दिए जाने के कुछ दिनों बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कजान में बातचीत की। इस दौरान दोनों नेताओं ने संबंधों को बेहतर बनाने के लिए कई फैसले लिए।

सूद ने स्कूल मालिकों को फीस बढ़ाने की छूट देने का भरोसा दिया: आतिशी

नयी दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद की निजी स्कूलों के मालिकों के साथ मुलाकात का दावा करते हुए आरोप लगाया है कि उन्होंने स्कूल मालिकों को फीस बढ़ाने की छूट देने का भरोसा दिया है।

आतिशी ने बुधवार को कहा कि छह अप्रैल को शिक्षा मंत्री के घर पर हुई इस बैठक में स्कूल मालिकों को भरोसा दिया गया कि उन्हें हर साल 10 प्रतिशत फीस बढ़ाने का अधिकार दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमें विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि छह अप्रैल रविवार को दोपहर एक बजे श्री आशीष सूद के निवास पर उनकी निजी स्कूल के मालिकों के साथ बैठक हुई है। इसमें निजी स्कूल के मालिकों को आश्वासन दिया गया है कि उनके खिलाफ कोई भी कड़ी कार्रवाई नहीं होगी। उनको बोला गया कि अभी माता-पिता के प्रदर्शन और आम आदमी पार्टी की ओर से मुद्दा उठाए जाने की वजह से मुद्दा गरम है, जैसे ही ठंडा होगा एक आदेश दिल्ली सरकार की ओर से निकाला जाएगा जिसमें दिल्ली के हर निजी स्कूल को हर साल 10 प्रतिशत फीस बढ़ाने की छूट दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि दिल्ली के इतिहास में कभी भी ऐसी छूट निजी स्कूलों को नहीं दी गई। 10 साल से आम आदमी पार्टी इन निजी स्कूलों के खिलाफ लड़ रही थी। उनकी फीस नियंत्रित करके रखी थी। इनसे कोर्ट में लड़ रही थी और ऑडिट करवा रही थी। अब आश्वासन दिया जा रहा है कि जैसे ही मामला ठंडा होगा, निजी स्कूलों को खुली छूट दी जाएगी।

अंतरराष्ट्रीय नशीले पदार्थों की तस्करी बड़ी समस्या

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने कहा है कि मिजोरम एक लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करता है। अंतरराष्ट्रीय सीमा से नशीले पदार्थों की तस्करी एक बड़ी समस्या है। इसे रोकने के लिए कड़े कदम उठाने की जरूरत है। यह बात उन्होंने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के निदेशक जनरल अनुराग गर्ग से अपने कार्यालय में मुलाकात के दौरान कही। बैठक में उन्होंने मिजोरम में बढ़ते नशीले पदार्थों के खतरे से निपटने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर चर्चा की। इस बैठक में मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने अंतरराष्ट्रीय सीमा से नशीले पदार्थों के बढ़ते प्रवेश को रोकने के लिए प्रयासों को मजबूत करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि उन उपायों पर तुरंत कार्रवाई करने की जरूरत है, जिससे तस्करी को रोका जा सकता है। हर पहलु पर गौर करने की जरूरत है। उन्होंने सीमा क्षेत्रों में ड्रग तस्करी को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए बेहतर बुनियादी ढांचे और पर्याप्त मानव संसाधन की महत्ता पर जोर दिया। बैठक में उन्होंने राज्य सरकार की ओर से केंद्रीय सरकार और गृह मंत्रालय के तहत मिजो टेरिटोरियल आर्मी स्थापित करने के लिए अपील की है।

यमन में अमेरिकी हवाई हमलों में 6 की मौत

सना(वार्ता)। यमन में मंगलवार को अमेरिकी हवाई हमलों में छह लोग मारे गए और 15 अन्य घायल हो गए। हूती संचालित अल-मसीरा टीवी ने स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी। उसने बताया कि होदेइदाह के रेड सी पोर्ट शहर में अमेरिकी हवाई हमलों में छह लोग मारे गए और 13 लोग घायल हो गये।

कैबिनेट से जीरकपुर बाईपास और PMKSY की उप-योजना मंजूर

नई दिल्ली । केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में बुधवार को कई अहम फैसलों को मंजूरी दी गई। फैसलों की जानकारी केंद्रीय रेल और सूचना-प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने रेल लाइन प्रोजेक्ट और बाईपास परियोजनाओं पर मुहर लगा दी है। इसके अलावा केंद्रीय कैबिनेट ने जीरकपुर बाईपास के निर्माण, तिरुपति-पाकला-कटपडी सिंगल रेलवे लाइन के दोहरीकरण और कमांड एरिया डेवलपमेंट एंड वाटर मैनेजमेंट (एम-सीएडीडब्ल्यूएम) के आधुनिकीकरण को भी मंजूरी दी है।

जीरकपुर बाईपास के निर्माण को मंजूरी

वैष्णव ने बताया कि पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में हाइब्रिड एन्युटी मोड पर पंजाब और हरियाणा में 1878.31 करोड़ रुपये की लागत से 19.2 किलोमीटर लंबाई वाले 6 लेन वाले एक्सेस कंट्रोल्ड जीरकपुर बाईपास के निर्माण को मंजूरी दी गई। इस परियोजना का उद्देश्य पटियाला, दिल्ली, मोहाली एरोसिटी से यातायात को डायवर्ट करके और हिमाचल प्रदेश को सीधा संपर्क देकर जीरकपुर, पंचकूला और आसपास के क्षेत्रों में भीड़भाड़ को कम करना है। वर्तमान प्रस्ताव का उद्देश्य यात्रा के समय को कम करना और NH-7, NH-5 और NH-152 के भीड़भाड़ वाले शहरी खंड में परेशानी मुक्त यातायात सुनिश्चित करना है।

रेल लाइन परियोजना को भी मंजूरी

दक्षिण भारत से जुड़ी विकास परियोजनाओं को मिली मंजूरी की जानकारी देते हुए, वैष्णव ने बताया कि कैबिनेट ने आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में तिरुपति-पाकला-कटपडी सिंगल रेलवे लाइन सेक्शनके दोहरीकरण को मंजूरी दी। इसकी कुल लागत 1332 करोड़ रुपये होगी। मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना से लगभग 400 गांवों और लगभग 14 लाख आबादी तक कनेक्टिविटी बढ़ेगी। तिरुमाला वेंकटेश्वर मंदिर से कनेक्टिविटी के साथ-साथ, यह परियोजना खंड श्री कालहस्ती शिव मंदिर, कनिपकम विनायक मंदिर और चंद्रगिरी किला जैसे अन्य प्रमुख स्थलों को रेल कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। कैबिनेट ने 2025-2026 की अवधि के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) की उप-योजना के रूप में कमांड एरिया डेवलपमेंट एंड वाटर मैनेजमेंट (एम-सीएडीडब्ल्यूएम) के आधुनिकीकरण को भी मंजूरी दी है।

पीएम मोदी जैन दर्शन पर बोले- भारत की पहचान बनाने में जैन धर्म की अहम भूमिका रही है

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत की पहचान को सशक्त बनाने में जैन धर्म की भूमिका अमूल्य रही है। इस अनमोल विरासत को सहेजने को लेकर हमारी प्रतिबद्धता हमारे लोकतंत्र के मंदिर नई संसद में भी हर ओर दिखाई देती है। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित 'नवकार महामंत्र दिवस' कार्यक्रम की अहमियत को रेखांकित किया और कहा, इसके माध्यम से शांति, आध्यात्मिक जागृति और सार्वभौमिक सद्भाव को बढ़ावा देने का सौभाग्य मिला। बकौल पीएम मोदी, 'हमारी नई पीढ़ी को नई दिशा मिले और समाज में शांति, सद्भाव और करुणा बढ़े, इसके लिए हमें इन 9 संकल्पों को अपने जीवन में अपनाना होगा।' उन्होंने पर्यावरण से जुड़ी चुनौतियों से निपटने का आह्वान करते हुए कहा कि टिकाऊ जीवनशैली ही एकमात्र उपाय है। जैन धर्म से जुड़े प्रतीकों का देश की संसद में उपयोग किए जाने पर प्रधानमंत्री ने कहा, लोकतंत्र के मंदिर नए संसद भवन में जैन धर्म का प्रभाव देखा जा सकता है...लोकसभा के प्रवेश द्वार पर तीर्थंकर की प्रतिमा है। यह प्रतिमा ऑस्ट्रेलिया से वापस लाई गई है...दक्षिणी भवन की दीवारों पर सभी 24 तीर्थंकरों को देखा जा सकता है।

रणनीतिक साझेदारियां ... समझौते ओडिशा को एक मज़बूत औद्योगिक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा

ओडिशा के मुख्यमंत्री की नई दिल्ली यात्रा से औद्योगिक क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां

नई दिल्ली। ओडिशा के माननीय मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की दो दिवसीय नई दिल्ली यात्रा (7 और 8 अप्रैल, 2025) राज्य के औद्योगिक परिदृश्य को सशक्त बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों के साथ संपन्न हुई। इस यात्रा के दौरान हुई रणनीतिक साझेदारियाँ और समझौते ओडिशा को पेट्रोकेमिकल और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में एक मज़बूत औद्योगिक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। मुख्य आकर्षण के रूप में, ओडिशा सरकार ने नई दिल्ली में देश के अग्रणी औद्योगिक समूहों के साथ कई उच्च-मूल्य के समझौता ज्ञापनों (स्श्वह्व) पर हस्ताक्षर किए। इसमें सबसे महत्वपूर्ण समझौता इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (ढ्ढह्रष्टरु) के साथ ओडिशा में डुअल-फीड नेफ्था क्रैकर परियोजना स्थापित करने हेतु किया गया, जिसकी अनुमानित लागत ?98,880 करोड़ है। यह परियोजना लगभग 67,000 नौकरियों का सृजन करेगी और राज्य की पेट्रोकेमिकल क्षमता एवं विनिर्माण अवसंरचना को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगी। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने अपने मुख्य भाषण में कहाः ÷आज इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के साथ किया गया स्श्व ओडिशा की औद्योगिक यात्रा में एक ऐतिहासिक क्षण है। यह हमारे साझा दृष्टिकोण और ओडिशा की क्षमता में विश्वास का प्रतीक है। परादीप, अपनी रणनीतिक स्थिति और उन्नत अवसंरचना के साथ, पश्चिम के दहेज की तरह एक परिवर्तनकारी औद्योगिक केंद्र बनने को तैयार है। ओडिशा तैयार है– आपका स्वागत है। यही समय है, सही समय है। यात्रा की प्रमुख झलकियाँः स्श्व हस्ताक्षर और मेगा रोड शो : कार्यक्रम की शुरुआत ओडिशा के मुख्य सचिव मनोज आहूजा के स्वागत भाषण से हुई, जिसके बाद ढ्ढह्रष्टरुके चेयरमैन श्री ए.एस. सहनी ने संबोधित किया। रासायनिक क्षेत्र की पारिस्थितिकी पर एक वीडियो और उद्योग एवं स्स्स्ध्व के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री हेमंत शर्मा द्वारा प्रस्तुतिकरण ने ओडिशा की औद्योगिक विकास रणनीति को प्रस्तुत किया। IOCL के साथ डुअल-फीड नेफ्था क्रैकर परियोजना हेतु हुए समझौते को कार्यक्रम का सबसे महत्वपूर्ण पल माना गया। इस ऐतिहासिक समझौते के अंतर्गत ?58,042 करोड़ के निवेश के साथ 24,000 रोजगार के अवसर उत्पन्न होने की उम्मीद है। IOCL के अलावा, इंडियन स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिज़र्व्स लिमिटेड (IOCL) और पेट्रोनैट LNG के साथ भी अहम समझौते किए गए, जो राज्य के लिए एक रणनीतिक औद्योगिक स्थिति को दर्शाते हैं। कुल 13 स्श्वह्व पर हस्ताक्षर किए गए, जिनका कुल निवेश मूल्य ?1,03,090 करोड़ है और जिनसे लगभग 95,915 रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है।

हरित जेल बनाने अभियान का केंद्रीय जेल में दिख रहा सकारात्मक असर

पौधरापेण, इकोब्रिक्स, बॉयोएन्जाइम, वर्मी कम्पोष्ट, बिजली-पानी की बचत में उठाए जा रहे जरुरी कदम

बिलासपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय जेल बिलासपुर में हरित जेल बनाने के लिए शुरु किए गए अभियान का सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। पानी, प्लास्टिक, पर्यावरण संरक्षण को लेकर जेल अधीक्षक खोमेश मंडावी के नेतृत्व में लगातार नई पहल शुरु की जा रही है।

पाकशाला में सब्जियों के धोने का पानी हो, चावल का माड या आरओ का वेस्ट वाटर सभी का उपयोग करते हुए पेड़-पौधों में पानी दिया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय जेल में इन दिनों पॉलीथीन का प्रयोग कम हो गया है। जिन जगहों पर प्लास्टिक का उपयोग हो रहा है उसे बहुत ही सुंदर ढंग से रियूज किया जा रहा है। दुध के पैकेट में पौधरोपण के साथ ही पॉलीथीन का उपयोग इकोब्रिक्स बनाने में हो रहा है। जेल अधीक्षक ने बताया कि अभी तक 47 सौ से ज्यादा इकोब्रिक्स बनाए गए हैं। एक ब्रिक्स को बनने में 300 ग्राम प्लास्टिक उपयोग में लाया जाता है। 47 सौ इकोब्रिक्स बनने में लगभग 1410 किलो प्लास्टिक का उपयोग किया गया है इससे लगभग 9 एकड़ की जमीन को बचा लिया गया। जेल में बंदियों द्वारा एकत्र पॉलीथीन को प्लास्टिक बॉटल में भरकर ब्रिक्स बनाए गए हैं। इन ब्रिक्स से बेहद ही सुंदर तरीके से केंद्रीय जेल को सजाया जा रहा है। हानिकारक रसायनों का उपयोग कम करने के लिए बॉयोएन्जाइम बनाने का प्रशिक्षण बंदियों को दिया गया है। इसके निर्माण में साइट्रिक फलों के छिलके, गुड, मठा व पानी का उपयोग किया जा रहा है। सब्जियों के डंठल, छिलके को प्रतिदिन गौशाला भेजा जा रहा है। गौशाला से एकत्रित गोबर से वर्मी कम्पोष्ट का निर्माण किया जा रहा है, जिसका उपयोग जेल के अंदर होने वाले बागवानी में हो रहा है। बिजली के खपत को कम करने के लिए सौर ऊर्जा का उपयोग किया जा रहा है, जिससे बिजली की खपत में कमी आई है। पानी की बचत करने के लिए जेल में जागरुकता कार्यक्रम भी लगातार चलाया जाता है। इसके फलस्वरुप जल के उपयोग में प्रतिदिन 115000 लीटर पानी के उपयोग में कमी देखी गई है। जेल परिसर को ऑक्सीजोन बनाने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

पानी के उपयोग में आई कमी

जेल अधीक्षक ने बताया कि वर्तमान में जेल परिसर में एकत्रित होने वाले पॉलीथीन में कमी आई है। पहले 8 किलोग्राम प्रतिदिन पॉलीथीन का उपयोग होता था। वर्तमान में यह मात्रा घटकर 400 ग्राम प्रतिदिन हो गया है। निरुद्ध बंदियों से मुलाकात में आने वाले परिजनों को भी कपड़े या कागज के थैले में बंदियों को सामान देने का आग्रह किया जा रहा है। जेल परिसर को पूर्ण रुप से पॉलीथीन मुक्त करने के लिए प्रयास जारी है। जल्द ही केंद्रीय जेल पॉलीथीन मुक्त होगा। बागवानी को बढ़ावा दिया जा रहा है इससे आने वाले समय में केंद्रीय जेल हरित जेल बन जाए। पाकशाला में 4 लाख 25 हजार लीटर प्रतिदिन जल का उपयोग होता था। वर्तमान में यह घटकर 3 लाख 10 हजार हो चुका है।

बदलाव होगा सार्थक

जेल अधीक्षक श्री मंडावी ने बताया कि हरित जेल अभियान के तहत जेल एवं जेल परिसर को हरा-भरा व छायादार बनाने हर संभव प्रयास जेल प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। स्वच्छ पर्यावरण, जल संरक्षण, बिजली बचत तथा जेल एवं जेल परिसर को पूर्णतः हरित जेल बनाने के अभियान को सफल करने के लिए प्रयास जारी है। आने वाले समय में विशेष कदम उठाकर इस बदलाव को और भी सार्थक बनाया जाएगा।

न्यूज गैलरी

जनपद पंचायत स्थायी सदस्यों व सभापतियों का निर्वाचन 16 व 22 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 47 तथा जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत स्थायी समितियां नियम 1994 के नियम 6 में प्रदत्त शक्तियों के तहत जनपद पंचायत कोटा, बिल्हा एवं तखतपुर के स्थायी समिति के सदस्यों एवं सभापतियों के निर्वाचन की कार्यवाही संपन्न होगी। जिसमें जनपद पंचायत कोटा में 16 अप्रैल को सवेरे 11 बजे से जनपद पंचायत कोटा के सभा कक्ष में कोटा अनुविभागीय अधिकारी श्री एस.एस. दुबे पीठासीन अधिकारी एवं सीईओ युवराज सिन्हा सहायक पीठासीन अधिकारी की उपस्थिति में संपन्न होगी। इसी प्रकार जनपद पंचायत बिल्हा में 16 अप्रैल को सवेरे 11 बजे से जनपद पंचायत बिल्हा के सभा कक्ष में बिल्हा अनुविभागीय अधिकारी बजरंग सिंह वर्मा पीठासीन अधिकारी एवं सीईओ एस.एस. पोयाम सहायक पीठासीन अधिकारी की उपस्थिति में संपन्न होगी। जनपद पंचायत तखतपुर में 22 अप्रैल को सवेरे 11 बजे से जनपद पंचायत सभा कक्ष में अनुविभागीय तखतपुरअधिकारी शिवकुमार कंवर पीठासीन अधिकारी एवं सीईओ सत्यव्रत तिवारी सहायक पीठासीन अधिकारी की उपस्थिति में संपन्न होगी।

सचिवों को 24 घंटे के भीतर काम पर लौटने शासन का अल्टीमेटम

नवनिर्वाचित सरपंचों को अब तक नहीं मिला प्रभार, कैसे होगा गांवों का विकास

***बिलासपुर/नवप्रदेश।** शासकीयकरण सहित अपने विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल में गए पंचायत सचिवों को शासन ने अब काम पर लौटने 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। वहीं नवनिर्वाचित सरपंचों को अब तक प्रभार नहीं मिल पाया है, जिसके कारण गांवों के कई जनहित के कार्य नहीं हो पा रहे हैं।*

ग्राम पंचायतों के सचिवों के अनिश्चितकालीन हड़ताल में चले जाने पर ग्राम विकास थम सा गया है, क्योंकि नवनिर्वाचित सरपंचों को अभी तक प्रभार नहीं मिला है और प्रभार नहीं मिलने के कारण सरपंचों में मायूसी छाई हुई है। साथ ही गांव के कई विकास कार्य रुके हुए हैं। हालांकि शासन द्वारा सचिवों के कार्य को करारोपण अधिकारियों और रोजगार सहायकों के माध्यम से कराए जाने का आदेश जारी किया गया है। दूसरी ओर शासन ने सचिवों को 24 घंटे में काम पर लौटने का आदेश जारी किया है। सचिव संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि चाहे कुछ भी हो जाए हम काम पर नहीं लौटेंगे। शासकीयकरण सहित हमारे अन्य मांगों पर शासन को ध्यान देना ही होगा। लंबे समय से हड़ताल चलने के कारण अब समस्याएं होने लगी है, जिसे जिला पंचायत द्वारा दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल सचिवों का अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है।

जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने कहा कि ग्राम पंचायतों में सभी काम सुचारु रुप से चल रहे हैं। फिलहाल मुख्य समस्या पानी की है जिसे दूर कर रहे हैं। पंचायत सचिवों के अनिश्चितकालीन हड़ताल में रहने के कारण करारोपण अधिकारियों और रोजगार सहायकों के माध्यम से पंचायत के कार्य किए जा रहे हैं।

> शासन से अभी स्पष्ट रुप से कोई निर्णय नहीं लिया गया है जिसके कारण अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगा। हमारी मुख्य मांग शासकीयकरण का है। हमारी समास्याओं को ध्यान में रखते हुए शासन को उचित निर्णय लेना चाहिए।
>
> **सतीश टण्डन**
> **ब्लाक अध्यक्ष सचिव संघ**
> **मस्तूरी**

चाकू दिखाकर डराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। सार्वजनिक स्थान पर लोगों को चाकू दिखाकर डराने धमकाने वाले 2 आरोपियों को सिरगिट्टी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से धारदार दो नग चाकू को जब्त किया गया है। आरोपियों ने तारबाहर अंडर ब्रीज के पास ड्यूटी आने जाने वाले रेल्वे कर्मचारियों को चाकू दिखाकर डराया धमकाया जा रहा था। पुलिस के अनुसार 9 अप्रैल के रात्रि में चेक गस्त डियूटी के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि तारबाहर अंडरब्रीज के पास सार्वजनिक स्थान पर दो व्यक्ति हाथ में धारदार चाकू लेकर चाकू को लहरा कर डियूटी आने जाने वाले रेल्वे कर्मचारियो को डरा धमका रहा है कि सूचना पर थाना प्रभारी कृष्णचंद सिदार द्वारा हमराह स्टाफ के तत्काल मौके पर पहुचा तो आरोपी पुलिस को देखकर भाग रहा था जिसे घेराबंदी कर दौडाकर पकड़ा गया। आरोपी प्रदीप गोड एवं विकास बंजारे के कब्जे से एक-एक नग धारदार चाकू को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्णचंद सिदार, सउनि संजय शर्मा आर. गोविंद शर्मा, राजेश श्रीवास का विशेष योगदान रहा।

एनटीपीसी सीपत ने परियोजना प्रभावित ग्राम में विकास कार्य के लिए किया भूमिपूजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज एनटीपीसी सीपत ने रांक ग्राम में विभिन्न कार्यों के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया जिसमें मंगल भवन निर्माण, बंधुआ तालाब विकास कार्य, दर्रीपारा पेयजल सप्लाई, नैयापारा पेयजल सप्लाई के कार्य शामिल हैं जिनकी कुल लागत लगभग एक करोड़ रुपए है। भूमि पूजन में दिलीप लहरिया, विधायक मस्तूरी, सरस्वती देवी, जनपद अध्यक्ष मस्तूरी, रेवा शंकर साहू, जनपद सदस्य रांक, विक्रम प्रताप सिंह, सरपंच रांक एवं स्थानीय ग्रामीणों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इन नवीनीकरण प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गति तेज होगी और वहां रहने वाले लोगों की जीवन स्तर में सुधार आएगा। इससे सामुदायिक कल्याण और सतत विकास के लिए एनटीपीसी सीपत की प्रतिबद्धता और मजबूत होगी।

डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती 14 को

मस्तूरी/पचपेड़ी। समाज सुधारक भारतीय संविधान के शिल्पी भारत रत्न डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर के 134 वी जयंती पर पचपेड़ी में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा, कार्यक्रम 14 अप्रैल को दोपहर 12 से पचपेड़ी सब स्टेशन बिजली घर के पास अंबेडकर चौक से बाबासाहेब अंबेडकर की मूर्ति में माल्यार्पण करके शाम 5 बजे भव्य शोभा यात्रा निकालकर ग्राम भ्रमण किया जाएगा।

जिला पंचायत स्थायी सदस्यों व सभापतियों का निर्वाचन 15 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 47 तथा जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत स्थायी समितियां नियम 1994 के नियम 6 में प्रदत्त शक्तियों के तहत जिला पंचायत बिलासपुर के स्थायी समिति के सदस्यों एवं सभापतियों के निर्वाचन की कार्यवाही संपन्न कराने अपर कलेक्टर शिव कुमार बनर्जी को पीठासीन अधिकारी एवं तहसीलदार मुकेश देवांगन, राहुल शर्मा को सहायक पीठासीन अधिकार नियुक्त किया गया है।

---

45 लीटर महुआ शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। चकरभाठा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नगाराडीह में अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री करने वाले एक आरोपी को प्लास्टिक के जेरीकेन में रखे 45 लीटर महुआ शराब सहित गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार एसएसपी रजनेश सिंह द्वारा जिला बिलासपुर में अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने के व्यापक दिशा निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देश के पालन में थाना चकरभाठा क्षेत्र अंतर्गत स्थित ग्राम नगाराडीह में एक व्यक्ति बिक्री करने हेतु अवैध रूप से महुआ शराब रखने की सूचना पर थाना प्रभारी उत्तम साहू द्वारा थाना चकरभाठा से प्रधान आरक्षक 505 निर्मल सिंह ठाकुर के हमराह स्टाफ टीम गठित कर तत्काल ग्राम नगाराडीह में आरोपी के घर रेड कार्रवाई कराया गया जहां पर आरोपी लाल बहादुर कुर्रे के कब्जे से प्लास्टिक के जरीकेन में भरा हुआ 45 लीटर महुआ शराब मिला जिसे विधिवत कब्जे में लेकर आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्यवाही कर रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया है। प्रकरण की उक्त कार्यवाही में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चकरभाठा उत्तम कुमार साहू, प्रधान आरक्षक निर्मल सिंह, आरक्षक भागवत चंद्राकर, गोवर्धन शर्मा, मनीष साहू, प्रवीण पंकज, एवं महिला आरक्षक गोपालनी, का विशेष योगदान रहा।

भारत स्काउट्स व गाइड्स ने किया 6 प्याऊ घर का शुभारंभ

भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत पहुंचाने लिया निर्णय

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत स्काउट्स और गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा एक माह तक निरंतर चलने वाले प्याऊ घर का आज सम्पूर्ण राज्य में एक साथ शुभारंभ हुआ। इसी तारतम्य में बिलासपुर जिला में 6 स्थानों पर प्याऊ घर का शुभारंभ राज्य मुख्य आयुक्त डा सोमनाथ यादव के करकमलों से हुआ। ग्रीष्मकाल की तीव्र गर्मी को देखते हुए प्यासे राहगीरों को राहत पहुंचाने हेतु जिले के 6 अलग - अलग क्षेत्रों में 9 अप्रैल को प्याऊ घर का भव्य उद्घाटन डॉ. सोमनाथ यादव के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला मुख्य आयुक्त चंद्रप्रकाश बाजपेयी, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ अनिल तिवारी जिला शिक्षा अधिकारी,राज्य संगठन आयुक्त स्काउट विजय कुमार यादव, व सहायक राज्य आयुक्त स्काउट भूपेंद्र शर्मा उपस्थित थे। प्याऊ घर के उद्घाटन के साथ ही जिला संघ बिलासपुर के द्वारा डॉ. सोमनाथ यादव का जन्म दिवस भी मनाया गया। मुख्य अतिथि डॉ. सोमनाथ यादव ने इस अवसर पर कहा कि स्काउट्स एवं गाइड्स हर उस स्थान पर तैयार रहते हैं, जहां जनता के प्रति सेवा देने का कार्य संचालित हो। यह पहल न केवल सामाजिक उत्तरदायित्व का उदाहरण है,बल्कि स्काउटिंग के मूल सिद्धांत - सेवा, त्याग और समर्पण का वास्तविक स्वरूप भी प्रस्तुत करता है। गर्मी के इस मौसम में राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध कराने हेतु चलाए जा रहे प्याऊ घरों के विषय में जानकारी दिया गया।

बिलासपुर/नवप्रदेश। नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी व उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप सहित सदस्यों ने जिला पंचायत में स्थित अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर किया। इस अवसर पर सीईओ संदीप अग्रवाल सहित भाजपा शहर/ग्रामीण अध्यक्ष दीपक सिंह और मोहित जायसवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

सुविधा

सामान्य श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों को मिलेगी सुगम आवागमन की सुविधा

भिवंडी-संकरेल व खड़गपुर-ठाणे के मध्य 3 फेरों के लिए समर स्पेशल ट्रेन शुरु

बिलासपुर/नवप्रदेश। ग्रीष्मकालीन के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये सामान्य श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों की विशेष सुविधा हेतु भिवंडी-संकरेल एवं खड़गपुर-ठाणे के मध्य 03 फेरों के लिए समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है । गाड़ी संख्या 01149 भिवंडी-संकरेल साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन, भिवंडी से 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक (03 फेरा) प्रत्येक बुधवार को चलेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01150 खड़गपुर-ठाणे साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन, खड़गपुर से 12 अप्रैल 2025 से 26 अप्रैल तक (03 फेरा) प्रत्येक शनिवार को चलेगी। गाड़ी संख्या 01149 भिवंडी-संकरेल साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन, भिवंडी से 09 अप्रैल 2025 से 23 अप्रैल 2025 तक प्रत्येक बुधवार को 22.30 बजे प्रस्थान कर, मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुये दूसरे दिन अर्थात प्रत्येक गुरुवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ठहराव वाली स्टेशन गोंदिया स्टेशन आगमन 16.30 बजे, प्रस्थान 16.32 बजे, रायपुर स्टेशन आगमन 20.05 बजे, प्रस्थान 20.10 बजे, बिलासपुर स्टेशन आगमन 22.50 बजे, प्रस्थान 22.52 बजे, एवं अन्य स्टेशनों पर ठहराव के बाद शुक्रवार को 13.00 बजे संकरेल स्टेशन पहुंचेगी। इस गाड़ी में यात्रीगण भिवंडी-खड़गपुर के मध्य सभी ठहराव वाले स्टेशनों तक यात्रा कर सकेंगे। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 01150 खड़गपुर-ठाणे साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन, खड़गपुर से 12 अप्रैल से 26 अप्रैल तक प्रत्येक शनिवार को 13.45 बजे प्रस्थान कर, मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुये दूसरे दिन अर्थात प्रत्येक रविवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ठहराव वाली बिलासपुर स्टेशन आगमन 10.45 बजे, प्रस्थान 10.47 बजे प्रस्थान होगी।

इन गाड़ियों के वाणिज्यिक ठहराव

रास्ते में ये गाडियाँ दोनों दिशाओं में कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, मनमाड, जलगाँव, भुसावल, अकोला, बड़नेरा, वर्धा, नागपुर, गोंदिया, रायपुर, बिलासपुर, झारसुगुड़ा, राऊरकेला, चक्रधरपुर, टाटानगर, खड़गपुर स्टेशनों पर रुकेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें। उक्त विशेष ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं या NTES ऐप डाउनलोड करें।

सुविचार

दुनिया में कोई भी व्यक्ति सर्वगुण संपन्न नहीं होता इसलिए कुछ खामियों को नजरअंदाज कर आपसी रिश्ते बनाए रखने में ही समझदारी है।-अज्ञात

बंगाल सरकार को सुप्रीम कोर्ट से झटका

बंगाल में शिक्षकों की भर्ती के नाम पर जो भारी भ्रष्टाचार हुआ था उससे हजारों पात्र शिक्षकों की नौकरी चली गई है। गौरतलब है कि बंगाल में 25 हजार शिक्षकों की भर्ती की गई थी। जिसमें बड़ी संख्या में अपात्र लोगों को भी नियुक्ति दे दी गई थी। इस भर्ती में जो भ्रष्टाचार हुआ था उसके आरोप में तात्कालीन शिक्षा मंत्री के घर से करोड़ों रुपए की बरामदगी हुई थी और वे शिक्षक भर्ती घोटाले के आरोप में अभी तक जेल की हवा खा रहे हैं। यह घोटाला उजागर होने के बाद कोलकाता हाईकोर्ट ने शिक्षकों की सारी नियुक्तियां रद्द कर दी थीं। हाईकोर्ट के इस फैसले को बंगाल की ममता बनर्जी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने भी हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए बंगाल सरकार को बड़ा झटका दे दिया है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद बंगाल के पच्चीस हजार शिक्षकों का भविष्य अंधारकारमय हो गया है जो पिछले कई सालों से शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। इनमें से अधिकांश शिक्षक मैरिट के आधार पर चुने गये थे लेकिन बंगाल के तात्कालीन शिक्षा मंत्री ने बड़ी संख्या में अपात्र लोगों की भी नियुक्ति कराकर शिक्षा भर्ती घोटाले को जन्म दिया था। जिसके चलते अब सभी शिक्षकों की नियुक्तियां अवैध ठहरा दी गई है। नतीजतन पात्र शिक्षकों के लिए गेंहू के साथ घुन पिसने वाली कहावत चरितार्थ हो गई है। इन पीड़ित शिक्षकों के एक प्रतिनिधि मंडल ने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात की और न्याय की गुहार लगाई तो ममता बनर्जी ने उनसे यह कह दिया है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश को नहीं मानेंगी भले ही उन्हें न्यायालय की अवमानना के आरोप तें जेल जाना पड़े। लेकिन शिक्षकों की नियुक्ति रद्द नहीं की जाएगी। ममता बनर्जी के इस ऐलान से भी पीड़ित शिक्षकों को संतुष्टि नहीं मिली है। क्योंकि वे जानते हैं कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ कोई भी सरकार नहीं जा सकती। इधर इस मामले को लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक पत्र लिखकर उनसे अनुरोध किया है कि बंगाल में शिक्षक भर्ती प्रक्रिया रद्द हो जाने के कारण हाजारों स्कूली शिक्षकों का भविष्य अधर में लटक गया है। इसलिए राष्ट्रपति इस मामले में हस्तक्षेप करें। बहरहाल बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाले के कारण जिन हजारों पात्र शिक्षकों को अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ा है। वे बंगाल सरकार को पानी पी पीकर कोस रहे हैं। क्योंकि शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं बरती गई थी और तात्कालीन शिक्षा मंत्री पैसे लेकर आपात्र लोगों की भी नियुक्ति करा दी थी। जिसके चलते पहले हाईकोर्ट में और उसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने भी पूरी भर्ती प्रक्रिया को आमान्य घोषित कर दिया है। कोर्ट के इस फैसले से पात्र शिक्षकों के सामने विकट स्थिति निर्मित हो गई है। अब देखना होगा कि इन पात्र शिक्षकों को नौकरी पर बहाल करके उनके साथ न्याय करने में बंगाल की ममता बनर्जी सरकार क्या कदम उठाती है। बंगाल सरकार को सुप्रीम कोर्ट का फैसला तो मानना ही पड़ेगा। ऐसे में तत्काल शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया फिर से शुरू करनी होगी और उसमें पूरी पारदर्शिता बरतनी होगी। ताकि पात्र लोगों की ही इसमें नियुक्ति हो और पूर्व में मैरिट के आधार पर जिन शिक्षकों की भर्ती की गई थी। उन्हें नई भर्ती में प्राथमिकता मिले तभी सही मायनों में पीड़ित शिक्षकों के साथ न्याय हो पाएगा।

जम्मू कश्मीर विधानसभा में व्यर्थ का बवाल

संसद द्वारा पारित वक्फ संसोधन अधिनियम राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद देशभर में प्रभावी हो गया है। केन्द्र सरकार ने इस बारे में अधिसूचना भी जारी कर दी है। वक्फ बिल की खिलाफत करने वाले संगठन इस विधेयक के विरूद्ध देशभर में प्रर्दशन भी कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट में भी वक्फ बिल के खिलाफ कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और अन्य पार्टियों द्वारा याचिका दाखिल की गई है। जिस पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करने जा रहा है। इस बीच जम्मू कश्मीर विधानसभा में वक्फ बिल को लेकर सत्ता पक्ष के विधायक ही व्यर्थ का बवाल खड़ा कर रहे हैं। पिछले तीन दिनों से सत्तारूढ़ पार्टी नेशनल कांफ्रेन्स के विधायक विधानसभा में वक्फ बिल पर चर्चा कराएं जाने की मांग को लेकर हंगामा कर रहे हैं। जिसके चलते नेशनल कांफ्रेन्स और भाजपा के विधायकों के बीच धक्का मुक्की की भी स्थिति निर्मित हो गई थी। नेशनल कांफ्रेन्स के विधायक इस बिल के विरोध में कपड़े भी फाड़ने लगे थे। जम्मू-कश्मीर विधानसभा के अध्यक्ष जो नेशनल कांफ्रेन्स के ही हैं। उन्होंने वक्फ बिल पर सदन में चर्चा कराने से इंकार कर दिया। दरअसल, संसद में पारित किसी विधेयक के खिलाफ किसी भी राज्य की विधानसभा में चर्चा कराने का कोई प्रावधान नहीं है। इस नियम को जानते हुए भी नेशनल कांफ्रेन्स के विधायक अपनी जिद पर अड़े हुए हैं और व्यर्थ का बवाल खड़ा कर विधासभा की कार्यवाही को चलने नहीं दे रहें हैं। यह तो वही बात हो गई कि सुप्रीम कोर्ट के किसी फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील करके उस पर बहस कराने की मांग की जाए। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होनी थी। लेकिन इस सत्र के तीन दिन सत्तारूढ़ पार्टी के विधायकों के हंगामे के कारण व्यर्थ चले गए। जिसके चलते सदन की कार्यवाही और दो दिन आगे बढ़ाने की बात हो रही है। लेकिन सत्तारूढ़ पार्टी के विधायकों के तेवर को देखते हुए यह लगता है कि यदि विधानसभा की कार्यवाही के लिए और दो दिन बढ़ाए जाते हैं तो भी वे हंगामों की ही भेंट चढ़कर रह जाएंगे।

सदैव प्रासंगिक रहेगी भगवान महावीर की अमृतवाणी

योगेश कुमार गोयल

'अहिंसा परमो धर्मः' का उद्घोष करने वाले भगवान महावीर का अहिंसा दर्शन आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक और आवश्यक बन गया है। आधुनिक युग में जब मानव अपने स्वार्थ और लोभ के वशीभूत होकर किसी भी अनुचित कार्य को करने में संकोच नहीं करता, यहां तक कि अपने लाभ के लिए हिंसा तक को जायज ठहराने लगा है, तब महावीर स्वामी के सिद्धांत हमें नैतिकता, सहिष्णुता और करुणा की ओर लौटने का आह्वान करते हैं। वर्तमान सामाजिक, मानसिक, नैतिक और पर्यावरणीय संकटों से घिरे मानव समाज के लिए भगवान महावीर के विचार और दर्शन समाधान का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने जीवन भर मानवता को ऐसे अनेक उपदेश और अमृत वचन दिए, जो न केवल आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करते हैं बल्कि व्यावहारिक जीवन में भी शांति, संयम और संतुलन बनाए रखने में सहायक हैं। उनके सिद्धांतों को यदि हम अपने आचरण और व्यवहार में उतार लें तो न केवल व्यक्तिगत जीवन को सार्थकता मिलती है, बल्कि समाज में भी सद्भाव, अहिंसा और करुणा की भावना को बढ़ावा मिलता है। महावीर स्वामी का दर्शन इस बात की शिक्षा देता है कि हर जीव मात्र के प्रति सम्मान और समता की भावना रखी जाए क्योंकि सभी प्राणी एक समान पीड़ा का अनुभव करते हैं और मुक्ति की आकांक्षा रखते हैं। आज के हिंसा और तनाव से भरे समय में भगवान महावीर का यह जीवन दर्शन मानवता को स्थायी शांति, आत्मशुद्धि और परस्पर सौहार्द की राह दिखाता है।

डालते हैं भगवान महावीर के ऐसे ही अमृत वचनों पर नजरः संसार के सभी प्राणी बराबर हैं, अतः हिंसा को त्यागिए और 'जीओ व जीने दो' का सिद्धांत अपनाइए।

-जिस प्रकार अणु से छोटी कोई वस्तु नहीं और आकाश से बड़ा कोई पदार्थ नहीं, उसी प्रकार अहिंसा के समान संसार में कोई महान् व्रत नहीं।

- जो मनुष्य स्वयं प्राणियों की हिंसा करता है या दूसरों से हिंसा करवाता है अथवा हिंसा करने वालों का समर्थन करता है, वह जगत में अपने लिए वैर बढ़ाता है। धर्म उत्कृष्ट मंगल है और अहिंसा, तप व संयम उसके प्रमुख लक्षण हैं। जिन व्यक्तियों का मन सदैव धर्म में रहता है, उन्हें देव भी नमस्कार करते हैं। मानव व पशुओं के समान पेड़-पौधों, अग्नि, वायु में भी आत्मा वास करती है और पेड़ पौधों में भी मनुष्य के समान दुख अनुभव करने की शक्ति होती है। संसार में प्रत्येक जीव अवध्य है, इसलिए आवश्यक बताकर की जाने वाली हिंसा भी हिंसा ही है और वह जीवन की कमजोरी है, वह अहिंसा कभी नहीं हो सकती। जिस जन्म में कोई भी जीव जैसा कर्म करेगा, भविष्य में उसे वैसा ही फ्ल मिलेगा। वह कर्मानुसार ही देव, मनुष्य, नारक व पशु-पक्षी की योनि में भ्रमण करेगा। कर्म स्वयं प्रेरित होकर आत्मा को नहीं लगते बल्कि आत्मा कर्मों को आकृष्ट करती है। जिस मनुष्य का मन सदैव अहिंसा, संयम, तप और धर्म में लगा रहता है, उसे देवता भी नमस्कार करते हैं। धर्म का स्थान आत्मा की आंतरिक पवित्रता से है, बाह्य साधन धर्म के एकान्त साधक व बाधक नहीं हो सकते। संसार का प्रत्येक प्राणी धर्म का अधिकारी है। क्रोध प्रेम का नाश करता है, मान विषय का, माया मित्रता का नाश करती है और लालच सभी गुणों का। जो व्यक्ति अपना कल्याण चाहता है, उसे पाप बढ़ाने वाले चार दोषों क्रोध, मान, माया और लालच का त्याग कर देना चाहिए। रूग्णजनों की सेवा-सुश्रुषा करने का कार्य प्रभु की परिचर्या से भी बढ़कर है। वासना, विकार व कर्मजाल को काटकर नारी व पुरूष दोनों समान रूप से मुक्ति पाने के अधिकारी हैं। जब तक कर्म बंधन है, तब तक संसार मिट नहीं सकता। गति भ्रमण ही संसार है। छोटे-बड़े किसी भी प्राणी की हिंसा न करना, बिना दी गई वस्तु स्वयं न लेना, विश्वासघाती असत्य न बोलना, यह आत्मा निग्रह सद्पुरूषों का धर्म है। ज्ञानी होने का यही एक सार है कि वह किसी भी प्राणी की हिंसा न करे। यही अहिंसा का विज्ञान है। जो लोग कष्ट में अपने धैर्य को स्थिर नहीं रख पाते, वे अहिंसा की साधना नहीं कर सकते। अहिंसक व्यक्ति तो अपने से शत्रुता रखने वालों को भी अपना प्रिय मानता है। संसार में रहने वाले चल और स्थावर जीवों पर मन, वचन एवं शरीर से किसी भी तरह के दंड का प्रयोग नहीं करना चाहिए। ब्राह्मण कुल में पैदा होने के बाद यदि कर्म श्रेष्ठ हैं, वही व्यक्ति ब्राह्मण है किन्तु ब्राह्मण कुल में जन्म लेने के बाद भी यदि वह हिंसाजन्य कार्य करता है तो वह ब्राह्मण नहीं है जबकि नीच कुल में पैदा होने वाला व्यक्ति अगर सुआचरण, सुविचार एवं सुकृत्य करता है तो वह बाह्मण है। प्रत्येक प्राणी एक जैसी पीड़ा का अनुभव करता है और हर प्राणी का एकमात्र लक्ष्य मुक्ति ही है। आत्मा शरीर से भिन्न है, आत्मा चेतन है, आत्मा नित्य है, आत्मा अविनाशी है। आत्मा शाश्वत है।

- संसार में रहने वाले चल और स्थावर जीवों पर मन, वचन एवं शरीर से किसी भी तरह के दंड का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

- ब्राह्मण कुल में पैदा होने के बाद यदि कर्म श्रेष्ठ हैं, वही व्यक्ति ब्राह्मण है किन्तु ब्राह्मण कुल में जन्म लेने के बाद भी यदि वह हिंसाजन्य कार्य करता है तो वह ब्राह्मण नहीं है जबकि नीच कुल में पैदा होने वाला व्यक्ति अगर सुआचरण, सुविचार एवं सुकृत्य करता है तो वह बाह्मण है।

- प्रत्येक प्राणी एक जैसी पीड़ा का अनुभव करता है और हर प्राणी का एकमात्र लक्ष्य मुक्ति ही है।

- आत्मा शरीर से भिन्न है, आत्मा चेतन है, आत्मा नित्य है, आत्मा अविनाशी है। आत्मा शाश्वत है। वह कर्मानुसार भिन्न-भिन्न योनियों में जन्म लेती है।

यदि हम अपने आचरण और व्यवहार में उतार लें तो न केवल व्यक्तिगत जीवन को सार्थकता मिलती है, बल्कि समाज में भी सद्भाव, अहिंसा और करुणा की भावना को बढ़ावा मिलता है। महावीर स्वामी का दर्शन इस बात की शिक्षा देता है कि हर जीव मात्र के प्रति सम्मान और समता की भावना रखी जाए क्योंकि सभी प्राणी एक समान पीड़ा का अनुभव करते हैं और मुक्ति की आकांक्षा रखते हैं।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1866 में आज ही के दिन हेनरी बेर्घ ने न्यूयॉर्क शहर में पशु क्रूरता निवारण के लिए अमेरिकन सोसायटी की स्थापना की थी। 1875 में 10 अप्रैल के दिन ही स्वामी दयानंद सरस्वती ने आर्यसमाज की स्थापना की थी। 1889 में आज ही के दिन राम चंद्र चटर्जी गर्म गुब्बारे में उड़ान भरने वाले पहले भारतीय बने थे। 1912 में 10 अप्रैल के दिन ही टाइटेनिक ब्रिटेन के साउथेप्टन बंदरगाह से अपनी पहली और आखिरी यात्रा पर रवाना हुआ था। 1916 में आज ही के दिन प्रोफेशनल तरीके से पहले गोल्फ टूर्नामेंट का आयोजन हुआ था। 1922 में 10 अप्रैल के दिन ही ऐतिहासिक जेनेवा सम्मेलन शुरू हुआ था। 1930 में आज ही के दिन पहली बार सिंथेटिक रबक का उत्पादन हुआ था। 1938 में 10 अप्रैल के दिन ही ऑस्ट्रिया जर्मनी का एक राज्य बन गया था। 1972 में आज ही के दिन ईरान में आए भूकंप से लगभग 5 हजार लोगों की मौत हो गई थी। 1982 में 10 अप्रैल के दिन ही भारत का बहुउद्देशीय उपग्रह इनसेट-1ए का सफ्ल प्रक्षेपण हुआ था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जीवन पथ

जीवन पथ की पगडंडियों पर उसकी रज़ा में कदमताल मिलाते आगे बढ़ते चले जाएंगे हम मंजिलों की तलाश मुकम्मल हुई, नहीं पता बस चहलकदमी के धुंधले निशां छोड़ चले आयेंगे हम..

- सीमा भाटिया

मैंने थोड़े अलग

मैं ने थोड़े अलग शिल्प में यह लिखा कि नफ्रत से नफरत कीजिए, बुराई के विरुद्ध समाज में नफरत फैला दीजिये, नफरत के विरुद्ध बुरी तरह असहिष्णु हो जाइए, इतना लिखते ही तुरंत अनेक कुख्यात कांग्रेसी आ गये विरोध करने। उन्हें तुरंत ही यह पता चल गया कि बुराई और नफ्रत आदि का प्रतीक उन्हें और उसके समूह को ही कहा जा रहा है। गजब है न

- पंकज कुमार झा

खास पाती | वन पुष्प माली से सेवा नही लेते

वन पुष्प माली से सेवा नही लेते ये स्वतः ही खिल जाते है प्रकृति इन्हें संरक्षण देती धरा इन्हें जलवायु मधु सुगंध बहा हवा में बसंती छटा बिखराते हैं चढ़ते नही प्रभु चरणों में प्रभु ही इनका वन माली तितली,भंवरो को देकर आश्रय उनकी प्यास बुझाते है **- किरन भण्डारी**

केंद्र सरकार, उच्चतम न्यायालय और

केंद्र सरकार, उच्चतम न्यायालय और ग्रीन ट्रिब्यूनल से आवाहन किया जाता है कि आप वन्य अधिनियम को निरस्त कर दें अपने अपने विभागों को भी बंद कर दें। क्या फायदा है न तो वन आपके पास गुहार लगाएंगे न ही वन्य जीव, न उनके पास आपको देने के लिए वोट है न बोरियों में धन । उनकी पुकार कैसे पहुंचेगी? ग्रीन ट्रिब्यूनल चार सौ एकड़ के जंगल में मरे हजारों पशु पक्षियों और हाथियों के मरने पर स्वयं को डिस्पोज कर दें। और समस्त अधिकारी स्वतः अपनी सजा निर्धारित करें। राज्य सरकार गैर जिम्मेदार है इसलिए जिम्मेदारी जो समझते हैं वे उत्तर दें। धिक्कार है। **- नवीन शंकर शर्मा**

कचरा हिंदी में कहें, अंग्रेजी में जंक।

कचरा हिंदी में कहें, अंग्रेजी में जंक। खाय खाय सब हो रहे, स्वस्थ लाभ से रंक।। स्वस्थ लाभ से रंक, नहीं माने हैं फिर भी । चाहे उनका स्वस्थ ,नित्य जाए है गिर भी। केवल भाता स्वाद, ज्ञान रखते अधकचरा। पेट भरें खा जंक, यही हिंदी में कचरा।।

- रजनी रामदेव

ये कैसी हुस्न की शैतानियां हैं, नगर में हर

ये कैसी हुस्न की शैतानियां हैं, नगर में हर तरफ़ सोदाइयां हैं। समंदर को सफ़ीना चाहता है, मगर मंझधार की मनमानियां हैं। मुहब्बत का सिला कुछ पाया ऐसा, दिगर हर काम में नाकामियां हैं। गया हूँ घर हसीना के मैं जब भी, मेरी हर चौक पे रुसवाइयां है। बुलाती है मुझे वो भीड़ में भी, नई चाहत की ये नादानियां है। मुहब्बत का सिला मुझको मिला ये, मेरे बिन उनके घर शहनाइयां है। दिमाग़ी उलझनों का शाप ऐसा, भरी महफ़िल है और तनहाइयाँ हैं। हमारे आज के वैभव के पीछे, बुजुर्गों की बड़ी कुर्बानियां हैं। **- संजय दानी**

आम आदमी दिखता लाचार है

1. आम आदमी दिखता लाचार है हर ओर से 2. आसमां पर छिटपुट बादल तरसाते हैं 3. आंचल मैला मगर बचाती है तेज धूप से 4. पीड़ा भारी है मन उदासी ओढ़े किधर जाए 5. प्रवासी पक्षी जड़ों से कटकर भटकते हैं 6. पसरी चुप्पी शिकारी के कदम पहचानते हैं 7. हरा जंगल अंगारों ने बदला ढेर राख की 8 मन गिरह दर्द से खेलती है कोरी भावना **- सपना चन्द्रा**

देखिए बाकी सब तो ठीक है पर विवाह

देखिए बाकी सब तो ठीक है पर विवाह के समय ये जरूर तय होना चाहिए कि कोई पत्नी, पति से दो प्रश्न बिल्कुल नहीं पूछेगी पहला तो ये कि मैं कैसी लग रही हूं दूसरा ये कौन सा कलर अच्छा लग रहा है। ऐसे प्रश्नों से हम पुरुषों के दिमाग का सर्किट शॉर्ट हो जाता है। हमारे मस्तिष्क इतने जटिल प्रश्नों को सॉल्व करने के लिए नहीं बने है।

- कुलदीप वर्मा

प्रेरक प्रसंग

एक गांव में एक प्रसिद्ध संत का आगमन हुआ। उसी गांव में चार मूर्ख मित्र भी निवास करते थे। संत का स्वागत-सत्कार देख, उन्हें बड़ी उत्सुकता हुई, पूछा तो पता चला कि संत ने मौन रहकर गहन तपस्या की है और बहुत सी सिद्धियों के स्वामी भी हैं। बस, फिर क्या था, मूर्खा ने सोचा कि सम्मान प्राप्त करने का सबसे सुगम उपाय यही है। चारों ने एक दीया लिया और जंगल में एक अंधेरी गुफा ढूंढ़कर उसमें जा बैठे। निर्णय किया कि मौन रहेंगे तो देखा-देखी सिद्धियां हमारे पास दौड़ी चली आएंगी, फिर सम्मान मिलने में क्या देरी है। थोड़ा वक्त ही गुजरा था कि दीये की लौ लपलपाने लगी। उनमें से एक बोला-अरे कोई दीये में तेल तो डालो। दूसरा तुरंत बोला - बेवकूफ ! बातें थोड़ी करनी थीं। तीसरा कहने लगा- तुम दोनों मंदबुद्धि हो। मेरी तरह चुप नहीं बैठ सकते ? चौथा भी कहां शांत रहने वाला था, वह बोला-सबके सब बोल रहे हो, सिर्फ मैं हूं कि चुप बैठा हूं। मूढ़ ऐसे ही अनर्थ के प्रपंचों में समय गंवाते हैं, जबकि बुद्धिमान विवेक का उपयोग कर, जीवन को समर्थ व सुदृढ़ बनाते हैं।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:12, सूर्यास्तः 18:45, चन्द्रोदय : 15:50, चन्द्रास्त : 28:54, अयन : उत्तरायण, ऋतुः ?? बसन्त, शक सम्वत : 1947(विश्वावसु), विक्रम सम्वत : 2082 (कालयुक्त), युगाब्द : (कलि संवत)5127, मास : चैत्र, पक्ष : शुक्ल, तिथिः त्रयोदशी, नक्षत्र : पूर्वाफाल्गुनी, योग : वृद्धि, प्रथम करण : बव (10:00 तक), द्वितीय करण : बालव (22:55 तक)।

॥गोचर ग्रहाः॥

सूर्य : मीन, चंद्र : सिंह, मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (उदित, पूर्व , मार्गी), गुरु : वृषभ (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : मीन (उदित, पश्चिम, वक्री), शनि : मीन (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त, अमृत काल : 07:21 से 09:05, विजय मुहूर्त : 18:44 से 19:07, गोधूलि मुहूर्त : 18:44 से 19:07, सायाह्न सन्ध्या : 18:45 से 19:54, निशिता मुहूर्त : 24:05+ से 24:51+, ब्रह्म मुहूर्त : 28:40+ से 29:40+, राहुकाल : 13:30 से 15:03, गुलिक काल : 10:54 से 12:29, यमगण्ड : 07:46 से 09:20, दुर्मुहूर्त : 12:03 से 12:54, वर्ज्य : 18:46 से 20:32, गण्ड मूल : 06:12 से 09:57, होमाहुति : शनि, दिशा शूल : उत्तर, राहुकाल।

QUIZ TIME

1) किस राज्य की प्रसिद्व सौदागरी ब्लॉक प्रिंट को हाल ही में जीआई टैग प्रदान किया गया है?

2) भारत और किस देश के बीच त्रि-सेवा अभ्यास टाइगर ट्रायम्प 2025 का आयोजन किया गया?

3) प्रोजेक्ट टाइगर ने हाल ही में 52 वर्ष पूरे किए है, इसे कब शुरू किया गया था?

4) हाल ही में शिगमो महोत्सव कहाँ मनाया गया है?

5) राष्ट्रमंडल राष्ट्रों की पहली अफ्रीकी महिला अध्यक्ष हाल ही में कौन बनी हैं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) गुजरात (2) अमेरिका (3) 01 अप्रैल 1973

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। परिवार के सदस्यों के साथ आपको कुछ समय बिताने का मौका मिलेगा।

वृषः आज का दिन आपके लिए उत्तम संपत्ति के संकेत दे रहा है। किसी कानूनी मामले में आपको अपनी आंख और कान खोलकर रखने होंगे।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए उन्नति के नए-नए अवसर मिलेंगे। मित्रों और सहकर्मियों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा।

कर्कः आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको किसी दूर रह रहे परिजन की याद आ सकती है।

सिंहः आज का दिन आपके लिए अपने दिनचर्या को बेहतर बनाए रखने के लिए रहेगा। किसी पुराने मित्र से आपको लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा।

कन्याः आज का दिन राजनीति में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। परिवार में किसी नए सदस्य का आगमन हो सकता है।

तुलाः आज का दिन आपके लिए उत्तम संपत्ति के संकेत दे रहा है। दांपत्य जीवन में खुशियां भरपूर रहेंगी।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने के लिए रहेगा।

धनुः आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपके अंदर एक्स्ट्रा एनर्जी रहने से आप अपने कामों को आसानी से पूरा करने की कोशिश करेंगे।

मकरः आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको नौकरी में प्रमोशन आदि मिलने से खुशी होगी।

कुंभः आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपको एक के बाद एक खुशखबरी मिलेगी।

मीनः आज का दिन आपके लिए कुछ कमजोर रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में काम का दबाव आपके ऊपर अधिक रहेगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -013

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं :
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

ऊपर से नीचे
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सवेरा।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 012 का हल

अ	भि	षे	क		प	स		
जा	त		थ	प	थ	पा	ना	
य	र	का	नी		भ्र		र	श्मि
ब	घा	र		क	ष्ट	प्र	द	
	त	ना	त	नी		र्व		ब
अ		मा		ज	मा	त		ल
स	जा					क	ज	रा
बा		बे	स	हा	रा		ग	म
ब	गु	ला		रा	ज	दू	त	

संक्षिप्त खबरें

आरोपी को फांसी की सजा देने की मांग

रायपुर/नवप्रदेश । दुर्ग रेप केस मामले में आरोपी को फांसी की सजा की मांग पर उप मुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पुलिस ने घटना के दिन ही आरोपी को पकड़ लिया था। अधिवक्ताओं ने उसकी पैरवी नहीं करने की बात कही है, और पुलिस ने भी प्रतिबद्धता जताई है। हम नीयत समय में इसका कन्वेक्शन कर लेंगे। मैं सोचता हूं कि न्यायालय में अवश्य ही समाज की भावनाओं के अनुरूप निर्णय मिलेगा। गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि कांग्रेस अधिवेशन में डबल इंजन की सरकार से लड़ने की रणनीति तैयार करने पर कहा कि मेहनत करना होता, बैठकर बात करना नहीं होता। मोदी की तरह मेहनत करिए। परिवार के आधार पर सरकार चला लेना। वहीं नक्सल मोर्चे पर मिल रही सफलता पर कांग्रेस की तारीफ पर उन्होंने कहा कि अभिनन्दन करता हूं. सुरेंद्र शर्मा ने स्पष्टता से कहा है। अच्छा काम होता तो बीजेपी भी तारीफ करती है. सिर्फ विरोध के लिए विरोध करना और जवानों के शौर्य पर भी प्रश्न चिन्ह लगाना, यह अनुचित है।

शेर के खाल में भेड़िया जैसा काम करती है कांग्रेस-गुजरात में कांग्रेस का अधिवेशन को लेकर मंत्री केदार कश्यप ने कांग्रेस की स्थिति बद से बत्तर हो चुकी है, सदन के माध्यम से कांग्रेस का वास्तविक चेहरा लोगों के सामने आ चुका है। कांग्रेस शेर की खाल में छुप कर भेड़िया जैसा काम करती है, छत्तीसगढ़ की जनता ने तो कांग्रेस को सबक सिखाया है। अब देशभर की जनता सबक सिखाएगी।

वनरक्षक और सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी

रायपुर/नवप्रदेश। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक छत्तीसगढ़, नवा रायपुर के अंतर्गत वनरक्षक के पदों की भर्ती के लिए व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 22 सितम्बर 2024 को लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। इस परीक्षा के मॉडल उत्तर 05 मार्च को जारी कर 12 मार्च 2025 तक दावा आपत्ति मंगाए गए थे। प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण विषय-विशेषज्ञों द्वारा किया जाकर अंतिम उत्तर 28 मार्च 2025 को जारी कर दिया गया है। परीक्षा के अंतिम उत्तर व्यापम की वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया है। व्यापम की वेबसाइट https://vyapamcg.cgstate.gov.in/ में अभ्यर्थी स्वयं के प्रोफाइल लॉगिन कर परीक्षा परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारीछत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 13 अप्रैल 2025 (रविवार) को कृषि विभाग अंतर्गत सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। व्यापम द्वारा बेबसाइट में भर्ती परीक्षा का प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी व्यापम की नई वेबसाइट https://vyapamcg.cgstate.gov.in/ पर उपलब्ध लिंक पर क्लिक करके अपने प्रोफाइल लॉगिन कर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।अभ्यर्थी अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त एसएमएस के यू.आर.एल. को क्लिक कर अपने किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र के सम्बंध में कठिनाई होती है तो हेल्पलाइन नंबर 0771-2972780 एवं मोबाइल नंबर +91-8269801982 पर समय प्रातः 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 की गतिविधियों का वार्षिक कलेण्डर का हुआ अनुमोदन

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 की गतिविधियों का माहवार कलेण्डर का अनुमोदन किया गया। कलेण्डर अनुसार सहकारिता का प्रचार-प्रसार के लिए भिन्न-भिन्न विषयों पर विभिन्न दिनांकों को प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों, बुनकर सहकारी समितियों, ग्राम पंचायतों, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एवं उनकी शाखाओं में सालभर कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा, ताकि सहकारिता के बारे में अधिक से अधिक लोग जान सके तथा उसका लाभ भी वे प्राप्त कर सके।

दवा खरीदी पर छूट का प्रचार करने वाले मेडिकल स्टोर्स पर होगी कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश । उपभोक्ताओं अथवा मरीजों को दवा खरीदी पर छूट देने का प्रचार करने वाली मेडिकल दुकानोंके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। छूट का प्रचार करना फार्मेसी अधिनियमका उल्लंघन एवं अवैध है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य फार्मेसी काउंसिल ने समस्त मेडिकल दुकानों के लिए एडवाइजरी जारी की है। छत्तीसगढ़ राज्य फार्मेसी परिषद को सूचना मिली थी कि कुछ मेडिकल दुकान संचालक उपभोक्ताओं अथवा मरीजों को उनसे दवा खरीदने के लिए आकर्षित करने अपने परिसर में बोर्ड लगाते हैं। इसके अलावा सोशल मीडिया के माध्यम से दवा खरीदी पर छूट का भी प्रचार कर रहे हैं। एडवाइजरी में स्पष्ट कहा गया है कि पंजीकृत फार्मासिस्टों से ऐसी गतिविधि पर आपत्ति करने की अपेक्षा की जाती है। फार्मेसी अधिनियम 1948 के प्रावधानों के तहत बनाए गए फार्मेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन 2015 के अध्याय 7 और 8 के अनुसार यह कृत्य अनैतिक और अवैधहै। पंजीकृत फार्मासिस्ट द्वारा उक्त प्रावधान का उल्लंघन किए जाने की स्थिति में उनका पंजीकरण रद्द या निलंबित करने की कार्रवाई की जा सकती है। वहीं अधिनियम के तहत मेडिकल स्टोर को भी दंडित किया जाएगा।

ट्रैफिक व पानी और नशे की समस्या के समाधान पर जोर

राज्यपाल ने की रायपुर के विकास कार्यों की समीक्षा

अधिकारी आम जनता से नियमित रूप से मिलें: डेका

रायपुर /नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका ने आज रेडक्रॉस हॉल, कलेक्ट्रेट में जिले के प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक ली। इसमें जिले के विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। राज्यपाल ने कलेक्ट्रेट परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा रोपण भी किया। राज्यपाल श्री डेका ने जिले की प्रमुख मुद्दों जैसे यातायात, पेयजल की स्थिति, नशे की बढ़ती प्रवृत्ति इत्यादि पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जो समस्याएं आती है उनका समाधान के लिए ठोस कदम सुझाएं और उसे क्रियान्वित भी किया जाए। श्री डेका ने कहा कि जनता से संवाद बनाये रखें, नियमित रूप से उनसे मिलें और उनकी समस्याओं को सुनें, ताकि जमीनी हकीकत का सही आकलन हो सके। जन

संवाद से न केवल समाधान मिलते हैं, बल्कि जनता का विश्वास भी मजबूत होता है।

राज्यपाल ने यातायात के समस्या पर चर्चा करते हुए कहा कि आमजनों को यातायात के प्रति जागरूक करें और नई पीढ़ी को शिक्षित भी करें। उन्होंने सुझाव दिया कि बाएं मोड़ (लेफ्ट टर्न) को आसान बनाया जाए, रेल्वे फाटकों पर डिवाइडर लगाए जाएं ताकि दुर्घटनाएं कम हों। राज्यपाल ने कहा कि स्टंट करने वाली तेज रफ्तार टू-व्हीलर गाड़ियों पर सख्ती से कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि भारी वाहनों जैसे डंपर का स्कूल और कार्यालय आने जाने के समय में शहर के भीतर प्रवेश में सख्ती से रोक लगाएं। सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए हर संभव उपाय किया जाए ताकि इससे होने वाले नुकसानों को कम किया जा सके। पुलिस अधीक्षक लाल उम्मेद सिंह ने बताया कि जिले में ट्रैफिक जाम की स्थिति को सुधारने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। प्रमुख चौक-चौराहों पर जाम के कारणों का पता लगाया गया है और उन्हें ठीक करने का काम शुरू हो चुका है। इसके लिए 50 लोगों की एक प्रहरी टीम का गठन किया गया है, जो यातायात को सुचारू करने कार्य करती है। एसपी ने आगे बताया कि कुछ चौक-चौराहों के तकनीकी समस्याओं को सुधारा जा रहा है।

राज्यपाल ने कहा कि पेयजल समस्या और जल संरक्षण के प्रयास पर चर्चा करते हुए कहा कि सभी शासकीय कार्यालयों में जल संरक्षण के उपाय को अनिवार्य रूप से लागू किया जाए। साथ ही आम जनता को भी इसके प्रति जागरूक किया जाए। जल शक्ति अभियान जैसे कार्यों में समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। जिससे ऐसे अभियान जमीनी स्तर पर सफल होते हैं। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने बताया कि गत् वर्ष जल शक्ति अभियान चलाया गया था।

सुशासन तिहार-2025 का हुआ आगाज

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार सुशासन तिहार-2025 का आगाज हुआ। इसी क्रम में जिले के नगरीय निकायों, पंचायतों और ग्रामीण क्षेत्रों में समाधान पेटियों के माध्यम से आमजनों के शिकायत प्राप्त किए गए। राजधानी में कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह और नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने रायपुर नगर निगम के सभी 10 जोन के अंतर्गत विभिन्न वार्डों की समीक्षा की और आवेदकों से चर्चा कर उनकी मांग और समस्याओं को सुना। उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार प्रदेशभर में 8 अप्रैल से 31 मई तक 3 चरणों में आयोजित किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतों और नगरीय क्षेत्रों में वार्डवार समाधान पेटी रखी गई है, जिसमें आम जनता अपनी समस्या संबंधी आवेदन डाल सकेंगे।

दुनिया की प्रगति में ज्ञान और कौशल की प्रमुख भूमिका है: राज्यपाल डेका

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका एमिटी विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

उन्होंने इस अवसर पर कहा कि आज की दुनिया की प्रगति में ज्ञान और कौशल की प्रमुख भूमिका है। उच्च शिक्षा संस्थानों को विचारकों, नेताओं और नवप्रवर्तकों की अगली पीढ़ी को आकार देने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। रायपुर के पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित दीक्षांत समारोह में राज्यपाल डेका ने विश्वविद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को विभिन्न पुरूस्कार एवं 18 मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक, 15 को रजत पदक और 6 को कांस्य पदक प्रदान किए गए। समारोह में वर्ष 2024 बैच के 660 विद्यार्थियों को स्नातक एवं स्नातकोत्तर की उपाधियां वितरित की गईं। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के वैज्ञानिक डॉ. वी.के दास और उद्योगपति एस.एन स्वामी को डॉक्टरेट की मानद उपाधि सहित 16 विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों में पी.एच.डी की उपाधि प्रदान की गई। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि यह दिन सभी स्नातक विद्यार्थियों के लिए वर्षों की कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ता का

डेका ने विद्यार्थियों से किया आह्वान

डेका ने विद्यार्थियों से आव्हान किया कि वे नवाचार के बारे में सोचें और उसे अपनाए। भविष्य उन लोगों का है जो हिम्मत करते हैं। सपने देखें और उन सपनों को हासिल करने के लिए अथक परिश्रम करें। भारत को उद्यमियों, शोधकर्ताओं और दूरदर्शी लोगों की जरूरत है जो नए विचारों और समाधानों के साथ देश को आगे बढ़ा सकें। डेका ने कहा कि भारत हमेशा से बौद्धिक और वैज्ञानिक उपलब्धियों का देश रहा है। नालंदा और तक्षशिला के प्राचीन विश्वविद्यालयों से लेकर आधुनिक शोध संस्थानों तक, हमारा देश हमेशा ज्ञान सृजन में सबसे आगे रहा है। हमारे महान भारतीय विद्वानों ने गणित, विज्ञान, चिकित्सा और दर्शन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जीवन एक यात्रा है। जैसे-जैसे आप अपने जीवन में आगे बढ़ते है। अच्छा करने की कोशिश करे और आजीवन सीखने, नैतिक नेतृत्व और समाज की सेवा के लिए प्रतिबद्ध हों। शिक्षा केवल व्यक्तिगत सफलता के लिए नहीं है; यह राष्ट्र और दुनिया के प्रति एक जिम्मेदारी है।

प्रतीक है। यह न केवल आपके लिए बल्कि आपके परिवारों, शिक्षकों और मार्गदर्शकों के लिए भी गर्व का क्षण है।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ लंबे समय से ज्ञान, परंपरा और उत्कृष्टता की भूमि रही है।

वे स्वयं यह जानकर चकित हैं कि छत्तीसगढ़ का इतिहास रामायण काल से भी पुराना है। इस राज्य ने विज्ञान, साहित्य, संगीत, लोक कला, सिनेमा, खेल और राजनीति में बहुत योगदान दिया है। इसकी एक मजबूत शैक्षणिक संस्कृति, शिक्षा और अनुसंधान के प्रति गहरी प्रतिबद्धता है।

डेका ने कहा कि भारत विकास और परिवर्तन के एक नए युग की दहलीज पर खड़ा है। प्रौद्योगिकी, उद्योग, कृषि, स्वास्थ्य सेवा और डिजिटल बुनियादी ढांचे में प्रगति के साथ, हमारा देश एक वैश्विक नेता बनने के लिए तैयार है और 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनने के लिए अग्रसर है।

डेका ने कहा कि शिक्षा को व्यवसाय नही बनाना चाहिए बल्कि यह जीवन की उन्नति का मार्ग है। वे स्वयं शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर करने के लिए प्रयास करते रहेंगे।

डेका ने 'एक पेड़ मां के नाम' पर पौधा लगाया

समारोह में विश्वविद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अशोक के चौहान, अध्यक्ष डॉ. असीम के चौहान, कुलाधिपति डब्लू सेल्वमूर्ति, कुलपति डॉ. पीयूष कांत पाण्डे, रजिस्ट्रार, फैकल्टी मेंम्बर्स, डीन, प्राध्यापक, छात्र-छात्राएं एवं उनके परिजन भी उपस्थित थे।

गजराज बांध बचाने ग्रीन आर्मी टीम ने की उपमुख्यमंत्री से मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। जल ही जीवन है, पानी की एक-एक बूंद बचाएं जैसे अनगिनत नारों के बीच, हमारे रायपुर शहर की एक अनमोल धरोहर, एक ऐतिहासिक निशानी और विशाल जल स्त्रोत दुर्भाग्यवश उपेक्षा का शिकार है। यह विशाल जल कुंड, जो कभी 230 एकड़ का हुआ करता था, रायपुर के राजधानी बनने के 25 वर्षों बाद भी उपेक्षित पड़ा है। विकास और सौंदर्यीकरण के नाम पर हुए अतिक्रमण के कारण आज यह अत्यंत ही दयनीय स्थिति में दम तोड़ रहा है। यह चिंताजनक स्थिति ग्रीन आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे ने व्यक्त की है।

इसी विषय को लेकर ग्रीन आर्मी संस्था की एक 25 सदस्यीय टीम ने कल उपमुख्यमंत्री अरुण साहू से मुलाकात की। टीम ने रायपुर शहर के अंदर स्थित जलस्त्रोत को बचाने की पुरजोर मांग की। मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने बताया कि ग्रीन आर्मी संस्था विगत 8 वर्षों से लगातार इस गजराज बांध को बचाने के लिए कार्य कर रही है। जिसके लिए संस्था द्वारा स्वयं स्थानीय नागरिकों लेकर एक व्यक्ति एक धमेला योजना तहत प्रत्येक रविवार को गहरीकरण का कार्य भी स्वयं से आरम्भ किया गया

तथा समय-समय पर तत्कालीन जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को इस हेतु निवेदन किया गया, लेकिन दुर्भाग्यवश अभी तक कोई भी योजना जमीन पर नहीं उतरी है, सब कुछ केवल कागजों पर ही सीमित रहा है।

उपमुख्यमंत्री ने संपूर्ण विषय पर तत्काल संज्ञान लेते हुए तुरंत कार्रवाई का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के प्रत्येक तालाबों एवं सरोवरों को धरोहर की तरह प्राकृतिक रूप में संरक्षित करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है, जिससे भूजल स्तर बढ़ सके। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि गजराज बांध, बोरियाखुर्द अपने संपूर्ण आकार में विकसित होगा और इसके लिए तत्काल कार्य योजना तैयार की जाएगी। उन्होंने इस हेतु ग्रीन आर्मी टीम को आश्वस्त किया एवं इस शानदार कार्य के लिए संस्था की सराहना की, एवं संस्था प्रमुख अमिताभ दुबे जिला अध्यक्ष गुरदीप टुटेजा के नेतृत्व में उपस्थित सभी सदस्यों को आश्वस्त किया।

21 से होगा खेल अकादमी के लिए चयन ट्रायल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ खेल और युवा कल्याण विभाग की ओर से रायपुर जिले में खेल अकादमी के लिए चयन ट्रायल होगा। इसके लिए इच्छुक खिलाड़ी 12 अप्रैल तक पंजीयन करा सकते हैं। तीरंदाजी और फुटबॉल खेल का चयन ट्रायल 21 से 23 अप्रैल और हॉकी/एथलेटिक्स खेल का चयन ट्रायल 25 से 27 अप्रैल 2025 को होगा।

रायपुर जिले में संचालित आवासीय खेल अकादमी में हॉकी (बालक/बालिका), तीरंदाजी (बालक/बालिका) और वित्तीय वर्ष 2025-26 से संचालित की जाने वाली आवासीय खेल अकादमी फुटबॉल (बालक/बालिका) एवं एथलेटिक्स (बालक/बालिका) का खेल अकादमी में खिलाड़ियों के नवीन प्रवेश के लिए राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन रायपुर जिले में किया जा रहा है।

इस संबंध में प्रभारी खेल अधिकारी ने बताया है कि जिले के इच्छुक खिलाड़ी (बालक/बालिका) जो आयोजित ट्रायल में सम्मिलित होने चाहते है और उनकी आयु 13 से 17 वर्ष है। वे खिलाड़ी 12 अप्रैल 2025 तक कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण विभमें सयुंक्त जिला कार्यालय बलरामपुर में सबंधित खेल के उच्च स्तरीय खेल प्रमाण पत्र के साथ अपना जन्म प्रमाण-पत्र, आधारकार्ड, मार्कशीट की छायाप्रति व पासपोर्ट साईज की नवीनतम फोटो के साथ पंजीयन करा सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

राजकुमार कॉलेज पर 2 करोड़ का टैक्स बकाया

■ आरकेसी को टैक्स पटाने के लिए नोटिस जारी

रायपुर। राजकुमार कॉलेज, जहां पढ़ाना हर किसी माता-पिता का सपना होता है। ये कहना गलत नहीं होगा कि स्कूल फीस के मामले में RKC से शायद ही कोई महंगी स्कूल पूरे छत्तीसगढ़ में होगी। लेकिन आप ये जानकर हैरान हो जाएंगे कि नगर निगम को टैक्स देने के मामले में राजकुमार कॉलेज काफी पीछे है और पिछले कई वर्षों से आरकेसी ने निगम को कोई भी टैक्स नहीं दिया है।

सूत्रों ने बताया कि राजकुमार कालेज पर दो करोड़ से अधिक का टैक्स बकाया है। अब नगर निगम ने इस

टैक्स की वसूली के लिए तैयारी कर ली है। सूत्रों के मुताबिक नगर निगम जोन 5 के अधिकारियों ने आरकेसी को टैक्स पटाने के लिए नोटिस जारी कर दिया है। सूत्र बताते है कि स्कूल प्रबंधन को जब टैक्स जमा करने एप्रोच किया गया तो स्कूल के उच्च प्रबंधन के लोगों ने अपनी पहुंच दिखाने से पीछे नहीं हटे। लेकिन जब पूरा मामला सामने आया तो कही भी स्कूल प्रबंधन की दाल नहीं गली।

छूट की फाइल पेंडिंग में

सूत्र बताते है कि आरकेसी ने टैक्स में छूट के लिए आवेदन किया है। आरकेसी चाहता है कि शैक्षणिक संस्थान होने के नाते उसे छूट मिले। सूत्र बताते है कि आरटीई के तहत कुछ बच्चें भी वहां पढ़ते है। इस हिसाब से उक्त स्कूल को छूट मिलेगी या नहीं इस संबंध में उसके आवेदन के आधार पर फाइल आगे बढ़ा दी गई है। शासन स्तर पर अधिकारियों के आदेश के बाद ही ये स्पष्ट होगा कि उसे छूट मिलेगी या नहीं। सूत्रों का दावा है कि डिमांड ड्राफ्ट के मुताबिक 2016-17 से टैक्स बकाया है।

सुशासन तिहार 2025 : 11 अप्रैल तक आवेदन किए जा सकेंगे

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आदेशानुसार एवं उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रषासन एवं विकास विभाग अरूण साव के निर्देशानुसार सुशासन तिहार 2025 8 अप्रैल से 31 मई 2025 तक के 3 चरणों में होने वाले राज्य शासन के निर्देशानुसार लोक कल्याणकारी आयोजनों में प्रथम चरण 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आम जनता से समस्याओं के संबंध में आवेदन प्राप्त करने रायपुर नगर पालिक निगम के सभी 10 जोनो के समस्त 70 वार्डो में सार्वजनिक स्थलों पर आवेदन प्राप्त करने का कार्य आज से प्रारंभ हो गया। महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौड़, पार्षदगणों ने विभिन्न स्थलों पर जनसुविधा हेतु समस्याओं के आवेदन देने दी गई प्रषासनिक व्यवस्था का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। सभापति ने जोन 2 के सभी 7 वार्डो के स्थलों पर पहुंचकर व्यवस्था देखी एवं आमजनों से समस्याओं की जानकारी लेकर अधिकारियों को आमजनता का समस्याओं के आवेदन देने सहयोग करने निर्देशित किया। रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, निगम आयुक्त विश्वदीप, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह ने नगर निगम रायपुर के विभिन्न वार्डो में पहुंचकर सुशासन तिहार 2025 की आज से आमजनों से आवेदन लेने की प्रारंभ कार्यवाही का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। जिला कलेक्टर ने आमजनों से उनकी समस्याओं को लेकर चर्चा की एवं जानकारी ली ।

अभियान

जनसहयोग से वकीलों का खर्च वहन करेंगे भाजपा विधायक

दुष्कर्म कांड: सुको के पांच वकीलों की टीम लड़ेगी केस

रायपुर/नवप्रदेश । दुर्ग में मासूम बच्ची से दुष्कर्म के बाद हत्या मामले में पीड़ित पक्ष की ओर से स्थानीय वकीलों के साथ-साथ सुप्रीम कोर्ट के पांच वकीलों की टीम केस लड़ेगी। इस बात की जानकारी देते हुए वैशाली नगर से भाजपा विधायक रिकेश सेन ने कहा कि हमारी कोशिश है कि पीड़ित पक्ष को जल्द न्याय मिले। विधायक रिकेश सेन ने मीडिया से चर्चा में बताया कि बच्ची से दुष्कर्म और हत्या के मामले में भिलाई के वकील राजकुमार तिवारी निःशुल्क सेवा देंगे। वहीं सुप्रीम कोर्ट के पांच वकीलों की टीम भिलाई आएगी। हम लगातार उनके संपर्क में हैं। बांसुरी स्वराज से भी बातचीत चल रही है। इस कानूनी लड़ाई में वकीलों का जो भी खर्च होगा, मैं खुद जनसहयोग से वहन करूंगा। रिकेश सेन ने कहा कि सबूत के अभाव में लोग छूट जाते हैं। मैं अभी दिल्ली गया

था, जहां मैंने पांच बड़े वकीलों से मुकदमा लड़ने की बात की है. इसके साथ तय किया कि स्थानीय स्तर में दुर्ग जिले के पांच अधिवक्ता निःशुल्क इस पूरे प्रकरण को देखेंगे। सबसे बड़े क्रिमिनल वकील राजकुमार तिवारी के नेतृत्व में पांच लोगों का पैनल इस मामले को देखेगा। उन्होंने कहा कि इसका पूरा खर्च जन सहयोग से हम वहन करेंगे. मुझे लगता है अगर ऐसे प्रयास होंगे तो निश्चित रूप से आरोपी को फांसी के तख्ते तक पहुंचाएंगे। बच्ची परिजनों को सहयोग मिले इसको लेकर सरकार ने व्यवस्था कर ली है. उसके परिवार को कुछ सहयोग दिया जाएगा. अभी तो आरोपी को फांसी के तख्ते तक पहुंचना है। भाजपा विधायक ने कहा कि यह चिंता का विषय है। जो भी आरोपी रहता है, कानून के हाथ उस तक पहुंच जाते हैं। अगर कोई घर में ही क्रिमिनल बैठा हुआ है, और अपने ही रिश्तेदार से बच्चियों से अगर इस तरह का कृत्य करेंगे, तो यह कानून के लिए चिंता का विषय है।

अखंड ज्योति कलश का स्वागत

अंतागढ/नवप्रदेश। शांतिकुंज हरिद्वार से निकले अखंड ज्योति कलश रथ यात्रा का आगमन मंगलवार को सुबह नौ बजे कांकेर जिले के अंतागढ़ पहुंची। जिसे स्थानीय गायत्री परिवार द्वारा धूमधाम से स्वागत कर पूरे अंतागढ़ नगर में भ्रमण करा कर श्रद्धालुओं को दर्शन कराए। जिसमे श्रद्धालुओ ने भी अखंड ज्योति कलश रथ यात्रा में भाग लेकर अखंड ज्योति कलश का दर्शन कर पूजा अर्चना किए। बता दें कि यह अखंड ज्योति कलश को गायत्री परिवार के सरक्षक परम पूज्य गुरुदेव आचार्य पंडित श्री राम शर्मा जी के द्वारा बसंत पंचमी पर सन 1926 में प्रज्ज्वलित किया गया था। तब से आज तक यह कलश निरंतर जल रहा है। साथ ही परम वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा का जन्म भी इसी वर्ष 1926 में हुआ था। जो अब 2026 में पूरे सौ साल होने जा रहा है। जिनके जन्म शताब्दी एवं इस अखंड ज्योति को जलते हुए पूरे 100 वर्ष पूरा होने पर शांति कुंज हरिद्वार से इसे रथ के माध्यम से निकाला गया है जो 2026 दिसंबर तक पूरे भारत वर्ष का भ्रमण करेंगे।जो आज कांकेर जिले के अंतागढ़ पहुंची। जिसके बाद स्थानीय परजनों द्वारा नगर में भ्रमण करा कर लोगो को दर्शन कराए, जिसके बाद बुधवार को दोपहर बारह बजे भानुप्रतपुर के लिए रवाना किया गया, जिनके साथ स्थानीय परिजन भी आधे रास्ते तक बिदाई करने पहुंचे हुवे थे, वही भानुप्रतापपुर के गायत्री परिजन ज्योति कलश को लेने आधे रास्ते तक पैवारी तक पहुंचे हुए थे।

स्कॉउट गाइड जिला संघ ने शीतल प्याऊ घर खोला

■ जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला आयुक्त स्कॉउट ने किया फीता काटकर शुभारंभ

कांकेर/नवप्रदेश। भारत स्काउट एवं गाइड्स के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव के निर्देशन में पूरे छत्तीसगढ़ के प्रत्येक विकास खंडों में राहगीरों को भरी गर्मी में प्यास से राहत दिलाने के उद्देश्य से शीतल प्याऊ घर खोलने हेतु दिशा निर्देश स्काउट गाइड के राज्य मुख्यालय रायपुर द्वारा जारी किए गए थे। इसी परिप्रेक्ष्य में भरत मटियारा अध्यक्ष मत्स्य कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ एवं जिला आयुक्त स्काउट कांकेर के मार्गदर्शन में जिला स्काउट संघ कांकेर के द्वारा नए बस स्टैंड के समीप नेशनल हाईवे में विशेष कर ग्रामीण राहगीरों की प्यास बुझाने के उद्देश्य से शीतल प्याऊ घर खोला गया इसका शुभारंभ अशोक पटेल जिला शिक्षा अधिकारी कांकेर ने फीता काटकर किया इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता अंजना श्रीवास्तव प्राचार्य ने की साथ स्कॉउट गाइड के बच्चे भी बड़ी संख्या में शुभारंभ के अवसर पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि भीषण गर्मी में राहगीरों की प्यास बुझाने एक मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है। साथ ही स्काउट गाइड के द्वारा कांकेर जिले के प्रत्येक विकासखंड मुख्यालय में भी शीतल प्याऊ घर खोले जाएंगे जिससे राहत मिल सके इस प्याऊ घर के शुभारंभ के अवसर पर करुणा वैध, वाजिद खान,दंतेश्वरी तिवारी, अभिमन्यु कुंवर, प्रदीप कुलदीप, प्रद्युम्न श्रीवास,सुरेश कोरेटी, ममता तारम, राम भजन नेताम,अघन कश्यप, संतोष चौहान, सीमा महादेवकर,राधिका ध्रुव, हर्ष डोंगरे, सहित स्कूली स्कॉउट गाइड की बालिकाएं संध्या राजपूत, सृष्टि नागवंशी, उर्वशी यादव, श्रेया साहू, इशिका यादव, सिद्धि वर्मा,निशी यादव,टिया मरकाम, प्रतिभा कौशिक गिलेश्वरी नाग, रोशनी नेताम, सानिया गोस्वामी, योगिता रावते सेवा में सम्मिलित रहे।

■ न्यूज गैलरी

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ ने किया पार्षदों का सम्मान

अंतागढ़ । छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ अंतागढ़ द्वारा सभी नवनिर्वाचित पार्षदों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पेंशनधारी कल्याण संघ भवन नयापारा में संघ के सदस्यों द्वारा सभी पार्षदों को शाल श्रीफल व तिलक लगाकर सम्मान किया गया।

विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर सामूहिक जाप का आयोजन

कोण्डागांव। विश्व नवकार महामंत्र दिवस के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय कोण्डागांव स्थित ओसवाल भवन में ए नवकार महामंत्र जाप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन जैन समाज की आध्यात्मिक एकजुटता और विश्व शांति के उद्देश्य से किया गया, जिसमें समाज के सभी वर्गो ने सक्रिय भागीदारी दिखाई।समाज अध्यक्ष हरीश गोलछा और सचिव मनोज जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि आज के दिन विश्व के 108 देशों में एक साथ नवकार महामंत्र का जाप किया गया। यह पूरे जैन समाज के लिए एक गर्व का क्षण है कि इस वैश्विक आयोजन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सहभागिता निभाई।कोण्डागांव के ओसवाल भवन के साथ ही केशकाल में भी प्रातः 8:01 बजे से 9:36 बजे तक मंत्र जाप कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कांचेका प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से की मुलाकात

कांकेर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कांकेर प्रवास के दौरान सर्किट हाउस में कांकेर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अनूप शर्मा एवं महामंत्री दिनेश रजक,उपाध्यक्ष राकेश आहूजा,उपाध्यक्ष रवि लालवानी, उपाध्यक्ष उदय प्रकाश शर्मा,कोषाध्यक्ष सचिन गिडलानी,मंत्री मनीष देवनानी,मंत्री सन्नी खटवानी,मंत्री शकील मेमन साय का पुष्पगुच्छ से स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री को कांकेर जिले के विकास को लेकर जिले के उत्थान व विकास के साथ अंचल के दुरस्थ पहुंचविहिन क्षेत्रों तक भी व्यापार व व्यवसाय आमजनों तक विशेषकर किसानों तक उनकी मूलभूत आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए पहुचाने का प्रयास किया है।आज सरोना केशकाल नरहरपुर चारामा अंतागढ़ भानुप्रतापपुर, पखांजूर कोयलीबेड़ा के अंदरूनी क्षेत्रों तक व्यवसाय के क्षेत्र को विकसित करने आवागमन के साधन सड़क मार्ग व अनेको विकास शासन के सहयोग संभव हो पाया है।आज आपके कांकेर प्रवास पर हम कांकेर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल ने 08सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया। कांचेका प्रतिनिधिमंडल द्वारा सौंपे गए 08 सूत्रीय मांग में कांकेर के व्यापार व्यवसाय को और अधिक मजबूत एवं समृद्धबनाने 01.चेम्बर कार्यालय भवन हेतु आवश्यक भूमि आबंटन प्रदान करने हेतु लंबे समय से प्रयासरत है। आपके माध्यम से हमें सफलता प्राप्त होगी।02व्यवसायिक दृष्टि से धमतरी रेल्वे मार्ग को कांकेर होते हुए जगदलपुर तक जोड़ा जाए जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग के दवाब कम होगा व राष्ट्रीय संपदा, इंधन की बचत भी होगी, यदि जिला मुख्यालय को जोड़ा जा सके तो और भी उत्तम होगा।03अनेकों मामले में कोन्टा, सुकमा, बैलाडीला बीजापुर, जगदलपुर के लोगों को हाईकोर्ट के मामले में बिलासपुर जाना होता है जो दक्षिण बस्तर के लिए अनेक परेशानी पूर्ण कार्य है। यदि उच्च न्यायालय की खंडपीठ कांकेर में हो तो सभी के लिए सुविधापूर्ण होगी, यह मांग कांकेर वासियों की अविभाजित मध्यप्रदेश शासन काल से ही रही है।

अंधरेगर्दी : नजूल की जमीन पर रसूखदारों ने बना डाला कॉम्पलेक्स

■ मामला पहुंचा हाईकोर्ट, अब आया फैसला हाईकोर्ट का सख्त आदेश

कांकेर/नवप्रदेश। देश-प्रदेश के कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए कांकेर के रसूखदारों ने जिस प्रकार नेशनल हाईवे में अवैध दुकानें बनाकर दिखा दी हैं वह न केवल सरकारी संपत्ति की लूट का बल्कि अपना स्वार्थ सिद्ध करने के लिए दो बड़ी पार्टियों की एकता और गहरे प्रेम का भी उदाहरण है।

ज्ञात हो कि सन 2018- 19 या उससे भी कुछ पूर्व शहर की दोनों पार्टियों के कुछ नेताओं ने मिलाजुला षड्यंत्र करके नेशनल हाईवे 30 पर आलोका होटल के नजदीक खाली पड़ी सरकारी जमीन पर कब्जा कर लिया था और धीरे-धीरे उस पर दुकानों का निर्माण शुरू कर दिया। इस पर कुछ जानकारों ने शोर मचाया लेकिन बड़ी पार्टी वालों ने अपने-अपने चमचों के बाहुबल पर सबको चुप कर दिया। इस जमीन में न केवल नजूल बल्कि नेशनल हाईवे की भी हिस्सेदारी है लेकिन ये दोनों विभाग भी रहस्यमय कारणों से चुपचाप बैठे तमाशा देखते रहे। नवंबर 2018 में एक सरकार हारी और दूसरी आ गई लेकिन इसने भी 5 साल तक नाजायज कब्जा हटाने कुछ नहीं किया। अब एक बार फिर एक सरकार को सत्तासीन हुए डेढ़ साल होने जा रहे हैं। सारा प्रकरण उन्हें भी बखूबी मालूम है लेकिन पूर्ववर्ती सरकारों के चरणचिन्हों पर चलते हुए कार्यवाही नदारद है। मालूम हुआ है कि यह सरकार सुशासन पर्व मनाने जा रही है ,जो 100 दिनों से अधिक चलेगा (दुनिया का सबसे लंबा पर्व 75 दिनों का बस्तर दशहरा है लेकिन यह सरकार उसका भी रिकॉर्ड तोड़ने जा रही है)। कितना ही अच्छा हो यदि इस बीच अपने सुशासन को सच्चा साबित करते हुए यह सरकार उक्त अवैध दुकानों को भी तोड़ दे? वैसे भी एक विशेष पार्टी द्वारा शासित राज्यों में बुलडोजर संस्कृति लागू हो ही चुकी है लेकिन यहां शायद इसलिए कार्यवाही नहीं हो रही है क्योंकि इसमें उस पार्टी के भी नेता पेरे जाएंगे ? 2018 से 2025 तक दोनों पार्टियों की मिली जुली भ्रष्टाचारी नेताओं की टीम आराम से कांप्लेक्स बनाती रही। ना तो जनता की कोई सुनवाई हुई और न आरटीआई कार्यकर्ताओं की इससे व्यथित होकर अधिवक्ता डाकेश्वर सोनी ने सन् 2019 में हाई कोर्ट में मामला प्रस्तुत कर दिया। जिसका फैसला अब आया है। इसके निष्कर्ष में स्पष्ट आदेश है कि जिला प्रशासन नजूल आदि सख्ती के साथ 120 दिनों के अंतर्गत अवैध कब्जे पर कार्यवाही करें। यह फैसला आते ही श्री डाकेश्वर सोनी को चारों तरफसे बधाइयां प्राप्त हो रही हैं , इसलिए कि उन्होंने शहर के कुख्यात राजनीतिक गठजोड़ वाले भू माफिया को हाई कोर्ट में पटकनी दी है।

सुशासन सँगवारियों ने जिला अस्पताल में मरीजों से मुलाकात कर लिए आवेदन

कोरिया । सुशासन तिहार के तहत जिला प्रशासन ने नवाचार और संवेदनशील पहल की शुरुआत की है। इसी कड़ी में आज जिला अस्पताल में कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी की उपस्थिति में सुशासन संगवारियों ने मरीजों से मुलाकात की। इस दौरान मरीजों से उनकी समस्याओं, शिकायतों और मांगों से संबंधित आवेदन लिए गए, और उन्हें आवेदन भरने में मदद भी की गई।कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने इस पहल को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा, हमारी जिम्मेदारी है कि सुशासन तिहार के दौरान सभी वर्गों को इसका लाभ पहुंचे और समाज के सबसे अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की समस्याओं का समाधान हो। उन्होंने यह भी बताया कि अस्पताल में इलाज कराने आए मरीजों से लिए गए आवेदन के माध्यम से उनकी समस्याओं का समाधान समय पर किया जाएगा।जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा, सुशासन तिहार का मुख्य उद्देश्य समाज के सभी पात्र व्यक्तियों की समस्याओं का समाधान करना है, ताकि उनकी जायज मांगों पर उचित निर्णय लिया जा सके।

केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण टीम जगदलपुर पहुंचकर सर्वे कार्य में जुटी

जगदलपुर। बस्तर संभाग मुख्यालय का नगरपालिक निगम जगदलपुर के 48 वार्डो का शहर कितना स्वच्छ और सुंदर है, इसका आंकलन करने केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण टीम जगदलपुर पहुंचकर सर्वे कर रही है। यह टीम आने वाले 10 दिनों तक शहर के अलग-अलग इलाकों में जाकर सर्वे करेगी और निगम के द्वारा शरह की सफाई के लिए की गई, व्यवस्थाओं का जायजा लेगी। सर्वे में इस बार सबसे ज्यादा अंक शहर के लोगों के फीडबैक पर हैं, यानी लोग खुश होंगे तो ही अच्छे नंबर मिल पाएंगे। ऐसा होता नही दिख रहा है। ऐसा हम नहीं कह रहे हैं। बल्कि शहर के हालात इसकी गवाही दे रहे हैं। नगरपालिक निगम जगदलपुर के आउटर ही नही बल्कि शहर के वार्डों में कचरे के ढेर लगे पड़े हैं, नालियों की सफाई नहीं हो रही। हालत यह है कि शहर के महारानी वार्ड में नाली कचरे व गंदे पानी से पट गई है। बार-बार शिकायत के बाद भी सफाई नहीं हो रही है। कुछ दिनों पहले इसी नाली में एक छोटी बच्ची गिर गई थी, जिसे उसकी मां ने काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला था। वार्ड के लोगों ने बताया कि सालों से इस वार्ड में सफाई को लेकर कोई उचित व्यवस्था नहीं की गई है। लोगों की शिकायतों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

दावा-आपत्ति आवेदन 23 अप्रैल तक आमंत्रित

कोण्डागांव /नवप्रदेश। जिला कोण्डागांव के प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसाइटियों को पुनर्गठित करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन सहकारिता विभाग द्वारा जारी जिला कोण्डागांव में छत्तीसगढ़ की प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसाइटियों की पुनर्गठन योजना 2025 एवं अनुसूची-एक, अनुसूची-दो व अनुसूची-तीन को कार्यालय सहायक पंजीयक, सहकारी संस्थाएं कोण्डागांव लैम्पस समिति मुख्यालय कांटागांव, रांधना, अमरावती, हीरापुर, लंजोड़ा, बड़ेडोंगर, बांसकोट, विश्रामपुरी, बड़ेराजपुर एवं चिपावण्ड तथा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. जगदलपुर की शाखा कोण्डागांव, माकड़ी. फरसगांव, विश्रामपुरी के सूचना पटल पर अवलोकनार्थ चस्पा कर दिया गया है। पुनर्गठन के फलस्वरूप जिला कोण्डागांव में 09 नवीन आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित मालगांव, अनतपुर, तौरेंगा, बरकई, जुगानीकलार, आलोर, हरवेल, सरगीपाल एवं कोपरा का गठन होना है।इस संबंध में प्रभावित एवं परिणामी सोसाइटी के सदस्य, सोसाइटियों एवं बैंक शाखा तथा अन्य के द्वारा दावा आपत्ति 23 अप्रैल 2025 तक कार्यालय सहायक पंजीयक, सहकारी संस्थाएं कोण्डागांव में प्रस्तुत किया जा सकता है।

पैराडाइज स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित

■ योग अभ्यास एक्शन सांग, डॉक्टर रोल प्ले, चित्रकला स्वच्छता एवं मेडिकल चेकअप कैम्प

कांकेर /नवप्रदेश। पैराडाइज स्कूल हायर सेकेण्डरी सी.बी.एस.ई.स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विविध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं को योग एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। पैराडाइज स्कूल में प्रतिदिन सभी छात्रों को योग एवं ध्यान का अभ्यास कराया जाता है। जिससे उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास हो सकें। बच्चों को भोजन करने से पहले एवं शौचालय के बाद हाथ धोने के तरीके के विषय मे बताया गया एवं स्कूल परिसर की भी साफसफाई की गई। विश्व स्वास्थ्य दिवस के इस अवसर पर स्वास्थ्य परामर्श के लिये अतिथि के रूप में डॉ. एल.सी. लालवानी को आमंत्रित किया गया था। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर प्री-प्राइमरी एवं प्राइमरी, मिडिल, हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी के बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता एवं स्वास्थ्य रहने के लिये शारीरिक परिश्रम, खानपान, मेडिकल चेकअप और अन्य प्रकार की सावधानियों के विषयों पर विभिन्न गतिविधियां करवाई गयी। प्री. प्राइमरी एवं प्राइमरी के बच्चों को शिक्षकों के द्वारा हैंडवाश करने का तरीका एवं स्वास्थ्य से संबंधित ड्राइंग करवाये, डॉक्टर के वेशभूषा में अपने कक्षा के बच्चों का बी.पी. नापकर, हार्ट बिटिंग मेजरमेन्ट, इन्जेक्शन लगाने का अभिनय करते हुये स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमे मुख्य चिकित्सकों राहुल कुंजाम मेडिकल ऑफिसर, ताराचंद साहू, ज्योत्सना साहू, वंदना मण्डावी आयुष मेडिकल ऑफिसर, सुनिता सिन्हा ए.एन.एम., बिन्देश्वरी सिन्हा लैब टेक्नीषियन, देवेन्द्र सोनबोइर, पूजा उसेण्डी स्टाफ नर्स, सविता सलाम डेरेसर, कविता प्रसाद, दिनेश मजूमदार, अनिल कुमार साहू के द्वारा किया गया।

प्रथम पेज का शेष

भारत की विकास दर...

अनुसार, अनुकूल मौद्रिक और राजकोषीय नीतियों से विकास की गति को बनाए रखने की उम्मीद है और अगले वित्त वर्ष में जीडीपी में 6.8 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। भारत के लिए एडीबी के कंट्री डायरेक्टर मियो ओका ने कहा, भारत वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद लचीला विकास दिखा रहा है, जो भारत सरकार के बुनियादी ढांचे के विकास और रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित करने से प्रेरित है। विनियामक सुधारों के माध्यम से विनिर्माण क्षेत्र को और मजबूत करना, पहले से ही मजबूत सेवाओं और कृषि क्षेत्रों और मध्यम वर्ग के लिए हाल ही में घोषित कर प्रोत्साहनों के साथ मिलकर भारत की मजबूत आर्थिक विकास गति को बनाए रखने में मदद करेगा।

2032 तक छठा बड़ा...

तक छठा सबसे बड़ा बीमा बाजार बनने के लिए तैयार है, जिसमें 2024-2028 तक 7.1प्रतिशत वार्षिकी वृद्धि अपेक्षित होगी जो जी20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ते बीमा बाजारों में से एक। वित्त मंत्री ने नीतिगत समर्थन के साथ सतत आर्थिक विकास और निवेश अवसरों को सक्षम करने के लिए भारत सरकार की प्राथमिकताओं को रेखांकित किया, जो न्यू इंडिया को आकार दे रहा है, और अनुपालन बोझ को कम करने और व्यवसाय और निवेश के लिए सक्षम वातावरण की सुविधा के लिए विनियमन को आसान बनाने के लिए प्रक्रिया और शासन सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए भारत सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला।

राजस्व विभाग ने...

के तहत राजधानी रायपुर से विशाखपट्टनम तक 950 कि.मी. सड़क निर्माण किया जा रहा है। इस परियोजना में रायपुर से विशाखापटनम तक फोरलेन सड़क और दुर्ग से आरंग तक सिक्स लेन सड़क बनना प्रस्तावित है। इस सड़क के निर्माण के लिए सरकार ने कई किसानों की जमीनें अधिग्रहित की हैं। इसके एवज में उन्हें मुआवजा दिया जाना है, लेकिन कई किसानों को अब भी मुआवजा नहीं मिल सका है।

कोटतरा गांव में जुआ-सट्टा का बोलबाला

कांकेर/नवप्रदेश। जिले में जुआ सट्टा पर पुलिस कार्यवाही तो करती है मगर जुआ के खेल को रोकने में विफल साबित हो जाती है। अब जुआ खेलने व खिलाने वालो की तगड़ी सेटिंग की बात करें तो बिना सेटिंग के ताश का एक पत्ता भी जुआड़ी फेंक नहीं सकते हैं। दरअसल जुआ से जुड़ा एक मामला सामने आया है, जहां बिना पुलिस के भय के दिन रात लाखों का जुआ की महफिल सजाकर गांव के शांत वातावरण को अशांत करने का साहस किया जा रहा है।

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिका दण्डाधिकारी मुंगेली (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./बी-121 /2024-25
ग्राम- बुरका- प.ह.नं.

एतद् द्वारा ग्राम बुरका के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कोमल यादव आ. कुंवरसिंह जाति यादव निवासी बुरका तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम बुरका हल्का नं. तहसील व जिला मुंगेली अपने फुफा कलीराम आ. बरातीराम की मृत्यु/ जन्म दिनांक 25/12/2004 को होने एवं सचिव ग्राम पंचायत सेमरकोना के पंजी में दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी भी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 11/04/2025 समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/ आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि को पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील

तहसीलदार कार्यपालिका
दंडाधिकारी मुंगेली

कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

क्र. 75/निर्माण/2021 दिनांक 04.04.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	निविदा डालने की अंतिम तिथि
1	वार्ड क्र. 11 बनिया तालाब का विकास एवं संरक्षण कार्य (अधोसंरचना मद) (द्वितीय निविदा)	25.00	21.04.2025 (T.No. 166600)

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेबसाईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें ।।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छत्तीसगढ़)

Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited
(A Government of Chhattisgarh Undertaking)
(ISO 9001: 2015 Certified)
1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No.1, Telibandha, Raipur (C.G.) - 492006
CIN: U45203CT1981SG001853, PAN: AABCM6288N, GST Regn No. 22AABCM6288N5ZY
Phone: 0771-6621000 Fax: 0771-2583794
Website: www.csidc.in, Email address:csidc.cg@nic.in, csidc_raipur@yahoo.com

NOTICE INVITING TENDER (5th Call)
(e-Procurement Portal)

No.: 1/CSIDC/E.E./Division-IV/2025-26/ Raipur, Dated 09/04/2025

Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Ltd., Raipur (CSIDC), a Government of Chhattisgarh Undertaking constituted under the Companies Act, engaged in Industrial Infrastructure Development & Other Related Activities in the State invites online tender in "Form-B" (Item Rate Basis) for the following works:-

S. No	N.I.T. No.	Name of Work	Registered Contractor in CGPWD or in appropriate class in other dep't.	Time allowed including rainy season	P.A.C. (INR Lac)	EMD (INR Rs.)	Cost of Tender Doc. (INR) including GST18%
1	01	Up-gradation of Infrastructure like Roads, Drain, Culverts, & Street Light etc. at Industrial Area Harinchhapara Distt. Kabirdham (C.G.)	B & Above	09 Months	514.66 Lacs	2,58,000/-	3540/-

The tender document containing detailed terms & conditions, scope of work and other details can be downloaded from the web portal (website) https://eproc.cgstate.gov.in from **11/04/2025** and Time 17:01 and shall be submitted online only. Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

NOTE: The interested tenderers for online submission of tender may contact CG eProc Helpdesk. Operated by **Mjunction Services Limited.**, they may reach Helpdesk using 18002582502 (from 9 AM to 11 PM) (therein press 2 for CG e-Proc) or you can email them at Helpdesk.eproc@cgswan.gov.in.

S.-43505/1 **Executive Engineer, Division-IV**

कार्यालय एवं दुकान हेतु स्थान उपलब्ध, वेबसाईट देखें www.csidc.in

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

विविध कार्य हेतु ई-निविदा सूचना

क्र.सं. (1) ई-निविदा संख्या:- डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-13-25-26, दिनांक: 02.04.2025
कार्य: बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पी.वे/ शहडोल के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत दो साल के लिए ट्रैक के रखरखाव हेतु विविध पी.वे कार्यों का निष्पादन और सहायक पेट्रोलमैन (पेट्रोलमैन साथी) की प्रावधान । निविदा मूल्य (रू.): 4,91,70,223/-, अमानत राशि (रू.): 3,95,900/-, कार्य पूर्णता की अवधि: 24 माह ।

क्र.सं. (2) ई-निविदा संख्या:- डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-14-25-26, दिनांक: 02.04.2025
कार्य: बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पी.वे/ मनेन्द्रगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत दो साल के लिए ट्रैक के रखरखाव हेतु विविध पी.वे कार्यों का निष्पादन और सहायक पेट्रोलमैन (पेट्रोलमैन साथी) की प्रावधान । निविदा मूल्य (रू.): 3,36,35,522/-, अमानत राशि (रू.): 3,18,200/-, कार्य पूर्णता की अवधि: 24 माह ।

क्र.सं. (3) ई-निविदा संख्या:- डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-15-25-26, दिनांक: 02.04.2025
कार्य: बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पी.वे/ उमरिया के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत दो साल के लिए ट्रैक के रखरखाव हेतु विविध पी.वे कार्यों का निष्पादन और सहायक पेट्रोलमैन (पेट्रोलमैन साथी) की प्रावधान । निविदा मूल्य (रू.): 5,10,42,583/-, अमानत राशि (रू.): 4,05,200/-, कार्य पूर्णता की अवधि: 24 माह ।

क्र.सं. (4) ई-निविदा संख्या:- डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-16-25-26, दिनांक: 02.04.2025
कार्य: बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पी.वे/ बिजुरी के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत दो साल के लिए ट्रैक के रखरखाव हेतु विविध पी.वे कार्यों का निष्पादन और सहायक पेट्रोलमैन (पेट्रोलमैन साथी) की प्रावधान । निविदा मूल्य (रू.): 3,12,01,815/-, अमानत राशि (रू.): 3,06,000/-, कार्य पूर्णता की अवधि: 24 माह ।

क्र.सं. (5) ई-निविदा संख्या:- डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-17-25-26, दिनांक: 02.04.2025
कार्य: बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पी.वे/ बैकुंठपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत दो साल के लिए ट्रैक के रखरखाव हेतु विविध पी.वे कार्यों का निष्पादन और सहायक पेट्रोलमैन (पेट्रोलमैन साथी) की प्रावधान । निविदा मूल्य (रू.): 3,55,62,009/-, अमानत राशि (रू.): 3,27,800/-, कार्य पूर्णता की अवधि: 24 माह ।

क्र.सं. (6) ई-निविदा संख्या:- डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-18-25-26, दिनांक: 02.04.2025
कार्य: बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता मनेन्द्रगढ़ के अधिकार क्षेत्र में ट्रैक कार्य जैसे टीबीआर प्लास्टिक डोवेल हटाना, मिट्टी पपिंग से बचने के लिए कोयला लोडेड लाइन की डीप स्क्रीनिंग, टी/28/बीसीएम और अन्य ट्रैक का निष्पादन । निविदा मूल्य (रू.): 3,80,64,864.28/-, अमानत राशि (रू.): 3,40,300/-, कार्य पूर्णता की अवधि: 14 माह ।

निविदा जमा करने की आरंभ तिथि: दिनांक 14.04.2025 से, निविदा जमा की अंतिम तिथि: दिनांक 28.04.2025 के 11:00 बजे तक ।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है । उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी ।

मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)
सीपीआर/10/06 द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

न्यूज गैलरी

सुशासन तिहार में नगर पंचायत लखनपुर को मिले 26 आवेदन

लखनपुर/नवप्रदेश। आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करने के लिए राज्यव्यापी सुशासन तिहार की शुरुआत 8 अप्रैल को हुई। यह कार्यक्रम 31 मई तक तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा। पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल तक चार दिनों में आम जनता से आवेदन लिए जाएंगे। दूसरे चरण में लगभग एक महीने के भीतर प्राप्त आवेदनों का अधिकारियों द्वारा समाधान किया जाएगा। तीसरे चरण में 5 मई से 31 मई तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।सुशासन तिहार के पहले दिन नगर पंचायत लखनपुर को मांग से संबंधित 26 आवेदन पत्र मिले हैं, जिनमें शुद्ध पेयजल, आपसी नामांतरण और बंटवारे सहित अन्य समस्याएं शामिल हैं। इस मौके पर नगर पंचायत लखनपुर की अध्यक्ष सावित्री दिनेश ने हल्का पटवारी की गैरहाजिरी पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि लखनपुर के हल्का पटवारी के नहीं रहने से राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। आवेदक कई महीनों से हल्का पटवारी को ढूंढते फिर रहे हैं, लेकिन उनका दर्शन दुर्लभ है। श्रीमती साहू ने कहा कि प्रदेश सरकार के महात्वाकांक्षी कार्यक्रम सुशासन तिहार में भी हल्का पटवारी अनुपस्थित रहे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि हल्का पटवारी अपने कार्य व्यवहार में बदलाव नहीं लाते हैं, तो इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की जाएगी।

सुशासन तिहार यात्रा रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

लखनपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में आम जन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए प्रदेश व्यापी सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल के तहत, 8 अप्रैल 2025 को लखनपुर में जंप कार्यालय से सुशासन तिहार यात्रा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम आदमी की सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान करना है। रथ को रवाना करने के दौरान सीईओ जनपद वेदप्रकाश पांडेय, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी, सौरभ अग्रवाल, चंद्रिका यादव, महेश्वर राजवाड़े, घरभरन रजवाड़े, और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर इस महत्वपूर्ण मुहिम की शुरुआत की। सौरभ अग्रवाल ने सभी ब्लॉक के अधिकारियों और कर्मचारियों से अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक लोगों को इस मुहिम का लाभ दिलाएं। जिला पंचायत सदस्य विजय अग्रवाल ने पंचायत सरपंचों, रोजगार सहायकों, और कोटवारों से आग्रह किया है कि वे क्षेत्र के अधिक से अधिक निवासियों को इस सरकारी तिहार का लाभ दिलाने में मदद करें।

संत रितेश्वर महाराज का पेण्ड्रा में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी, मातृ शक्ति संगठन ने किया भव्य

सहयोग के नाम पर धर्मांतरण कराना गलत है: संत रितेश्वर

पेण्ड्रा /नवप्रदेश। पेण्ड्रा नगर में वृंदावन के आनंदम धाम के संस्थापक संत रितेश्वर महाराज का आगमन हुआ। इस दौरान दुर्गा चौक पेण्ड्रा में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी, मातृ शक्ति संगठन के सदस्यों सहित नागरिकों ने संत रितेश्वर महराज का भव्य स्वागत किया।

संत रितेश्वर महराज के पेण्ड्रा नगर आगमन की सूचना मिलने के बाद विश्व हिंदू परिषद और उनके अनुषांगिक संगठनों ने स्वागत की बड़ी तैयारी की हुई थी। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। संत का स्वागत नगरवासियों द्वारा श्रद्धा एवं भक्ति के साथ किया गया। सभी धर्मप्रेमी, श्रद्धालु एवं नगरवासी संत की प्रतीक्षा में कई घंटे से दुर्गा चौक, पेण्ड्रा में एकत्रित थे। जहाँ पर संत रितेश्वर महाराज का आगमन होते ही भव्य आतिशबाजी भी किया गया। इस दौरान संत रितेश्वर महराज ने कहा कि भारत सनातन संस्कृति का देश है, जो 'वसुधैव कुटुंबकम' का संदेश देता है और सभी को अपना मानता है. उन्होंने कहा, ÷भारत में कई वर्षों तक सनातनियों का शोषण हुआ, लेकिन अब माँ भारती की कृपा से युवा सनातन से जुड़ रहा है. सनातन अब न सिर्फ भारत में, बल्कि विदेशों में भी फैल रहा है. यह सनातन का सही मायने में उद्भव है। छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में बढ़ते धर्मांतरण पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा, ÷भोग के लालच में लोगों का

धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है. धर्म हमें दया, सेवा और सहयोग सिखाता है, लेकिन सहयोग के नाम पर धर्मांतरण कराना गलत है।÷ उन्होंने जोर देकर कहा कि धर्म परिवर्तन को रोकना केवल सरकार का काम नहीं है, बल्कि इसके लिए जनता को भी जागरूक होना होगा. उन्होंने माता-पिताओं से अपील की कि वे अपने बच्चों को संस्कार दें। इस दिशा में पहल करते हुए उन्होंने बताया कि भारत के गांवों में 'सनातन शिशु शाला' शुरू की जा रही है, जहां बच्चों को संस्कार और भगवान राम की शौर्य-वीरता की शिक्षा दी जाएगी. इसके लिए वे स्वयं पूरे भारत का भ्रमण कर रहे हैं.छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के मुद्दे पर उन्होंने कहा, ÷नक्सली भी भारत के नागरिक हैं. कुछ नक्सली विदेशी ताकतों से प्रभावित होकर अपने देश के खिलाफ हो गए हैं, जिनके खात्मे की बात गृहमंत्री ने 2026 तक करने की कही है। लेकिन जो ग्रामीण नक्सली जल, जंगल और जमीन के कारण भटके हैं और जिनका शोषण हुआ है, उन्हें समझाकर समाज की मुख्यधारा में वापस लाना होगास्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से स्वामी कृष्ण प्रपन्नाचार्य कामता महराज, विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष हर्ष छाबरिया, प्रकाश साहू, सागर पटेल, संदीप सिंघई, ज्ञानेंद्र चतुर्वेदी, मदन पांडे, अर्जुन सिंह, रमेश बजाज, विमल मिश्रा, बृजेश सोनी, मोहनी शंकर तिवारी, सरोज पवार, प्रिया त्रिवेदी, आकांक्षा साहू, विनय पांडे, शिवम साहू, भूपेंद्र चौधरी, उमाकांत सोनी इत्यादि सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

वंचित हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड शिविर लगाकर तेजी से बनाएं

सत्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने सुशासन तिहार 2025 के तैयारियों के संबंध में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक सुशासन तिहार अंतर्गत सुव्यस्थित आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी सहित अन्य आवश्यक व्यस्थाए सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

बैठक में सुशासन तिहार के ऑनलाइन और ऑफ़लाइन आवेदन की सही सही मार्किंग करने और गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सुशासन तिहार के सुचारू आयोजन एवं समुचित व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा

की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को सुशासन तिहार के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा, दायित्वों के विभाजन और जनसहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को सुशासन तिहार के कार्यों का फील्ड पर जाकर निरीक्षण करते के भी निर्देश दिए है। उन्होंने यह भी कहा कि सुशासन तिहार शासन की बहुत ही महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित करना है। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को शिविर लगाकर तेजी से आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य कराए जाने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर ने जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा सभी विभागों में आमजनता से प्राप्त आवेदनों तथा समय सीमा के लंबित प्रकरणों का विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुवे तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए गए है। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के कार्य, पीएम किसान सम्मान निधि की भी जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना के पूर्ण, अपूर्ण, प्रगतिरत कार्य सहित अद्यतन स्थिति, ओ डी एफ प्लस मॉडल ग्राम आदि की जानकारी लेते हुवे गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य के साप्ताहिक प्रोग्रेस की जानकारी ली गई और शेष बचे आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य को शिविर लगाकर तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही उन्होंने चिरायु योजना, सिकल सेल एनीमिया एलिमिनेशन मिशन सहित स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत चल रहे अन्य कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी लेते हुवे आवश्यक निर्देश दिए है। कलेक्टर द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत भवन विहीन आंगनबाड़ी केंद्रों की संख्यात्मक जानकारी सहित विभाग अंतर्गत चल रहे अन्य कार्यों की जानकारी ली गई।

पत्नी पर चरित्र शंका कर हसिए से गला रेतकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

सत्ती/नवप्रदेश। प्रार्थी दिलहरन उरांव साकीन कलमी भांटा जामचूआ थाना उपस्थित आकर जबानी रिपोर्ट दर्ज कराया कि रात्रि करीबन 9 बजे खाना खाकर अपने कमरे में परिवार सहित सो गया था ,रात्रि करीब 11.40 बजे इसके पिता ठंडी राम उरांव इसे जगा कर बताया कि तेरी मां फुलेश्वरी बाई को हसिया से मार दिया हूं जो कमरा में पड़ी है और गली तरफ निकल गया बताने पर घटना वाले कमरा में जाकर देखा तो मां फुलेश्वरी बाई जमीन में पड़ी थी उसके पीछे तरफ गला में चोंट लगा काफी खून निकल रहा था।

उसके बाद घटना के बारे में अपने बहन दामाद दूजेराम उरांव, बहन दिलमती उराव एवं पड़ोस के चाचा रामकुमार को बताया बहन दामाद दूजे राम, बहन दिलमति उराव तथा पड़ोस के चाचा रामकुमार मौके पर पहुंचे जो मां फुलेश्वरी बाई को देखें उसके बाद तत्काल इलाज कराने ले जाने के लिए बोलेरो गाड़ी मंगाया फिर मां फुलेश्वरी बाई को बहन दामाद दूजे राम उराव, बहन दिल मति तथा पड़ोस के चाचा राम कुमार उरांव के साथ कमरा से बाहर निकाले देखें तो उसकी मृत्यु हो चुकी थी मां फुलेश्वरी बाई के चरित्र पर शंका कर पिता ठंडी राम उरांव ने मां के साथ अक्सर झगड़ा विवाद करता था मां फुलेश्वरी बाई की चरित्र पर शंका कर पिता ठंडी राम उरांव ने हत्या करने के नियत से हसिया से मां के गले में वार कर गंभीर चोट पहुंचाकर उसकी हत्या कर दिया है कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबध कर विवेचना में लिया जाकर घटना के बारे में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया एवं वैज्ञानिक अधिकारी को घटना के संबंध में सूचना दिया गया जो वैज्ञानिक अधिकारी के द्वारा हत्या घटनास्थल का बारिकी से निरीक्षण किया गया और मामले के संबन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया घटना स्थल से घटना में प्रयुक्त हसिया एवं आला जरब को विधिवत् जप्त कर पुलिस कब्जा लिया गया।

कलेक्टर ने बतौली व सीतापुर ब्लॉक के ग्राम पंचायतों का किया निरीक्षण

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। राज्य में सुशासन की स्थापना सुनिश्चित करने के लिए शुरू किए गए सुशासन तिहार को जिले के नागरिकों ने अभिनव पहल एवं लोक हितैषी कदम बताते हुए सराहना की है। जिलेवासियों ने कहा कि सुशासन तिहार के पहले चरण में आम जनता के द्वारा मांग एवं शिकायत दोनों तरह के आवेदन समाधान पेटी के माध्यम से लिए जा रहे हैं।

इस पहल के माध्यम से आम जनता के समस्या एवं शिकायतों का निर्धारित समयावधि में निराकरण किया जाएगा। जिससे शासकीय कामकाज में पारदर्शिता भी आएगी। ग्राम पंचायत बतौली की रहने वाली महिला श्रीमती निलिमा मिंज ने कहा कि सुशासन तिहार के तहत हमारे ग्राम पंचायत में समाधान पेटी रखी गई है। इस पेटी में हम अपनी शिकायत एवं समस्या के लिए आवेदन दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक निश्चित समय अवधि में समस्याओं का निराकरण होने से हमें शासन के हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

ग्राम पंचायत भटको की रहने वाली श्रीमती अनिता पाले ने कहा कि सुशासन तिहार के प्रति सभी वर्गों में उत्सुकता एवं हर्ष व्याप्त है। अनिता ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि इस सुशासन तिहार के माध्यम से हमारे जैसे अनेक जरूरतमंद लोगों के मांगों एवं समस्याओं का निर्धारित समयावधि में निराकरण सुनिश्चित हो सकेगा। इस पहल के लिए उन्होंने राज्य शासन का आभार व्यक्त करते हुए सराहना की। वहीं ग्राम पंचायत देवगढ़ के रहने वाले किसान रामेश्वर ने कहा कि राज्य शासन द्वारा सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का निर्धारित समयावधि में क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का उपाय किया जा रहा है। जिससे आम जनता को योजनाओं का लाभ मिलने के साथ-साथ शासकीय कार्यों में पारदर्शिता भी आएगी। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा प्रदेश में मनाए जा रहे सुशासन तिहार की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

जनदर्शन में जन समस्याओं से अवगत हुए कलेक्टर

बलरामपुर/नवप्रदेश। संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में जनदर्शन का आयोजन किया गया। जिसमें कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये। जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के लिए कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान करना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए संबंधित अधिकारी समय-सीमा में समस्याओं का निराकरण करना सुनिश्चित करें।

सक्रिय सदस्य और बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन आयोजित

लखनपुर/नवप्रदेश। भाजपा मंडल कुन्नी (पूर्वी) के ग्राम कटिन्दा दुर्गा पंडाल में 8 अप्रेल दिन मंगलवार को सक्रिय सदस्य बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रवि महंत एवम् महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष फुलेश्वरी सिंह ने किया।

इस कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथ्य मधु एवं विशिष्ट अतिथि मण्डल प्रभारी राधे श्याम सिंह ठाकुर रहे। कार्यक्रम में अतिथियों ने कार्यकर्ताओं को भाजपा स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक के सफर के बारे में तफसील से जानकारी

देते हुये भाजपा शासन काल में हुए विकास कार्यों के संबंध में अपनी बातें रखीं। तथा लाभकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव महामंत्री विक्रम सिंह जय ईश्वर सिंह युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष कपिल राजवाड़े वरिष्ठ भाजपा नेता भैया लालसाहू पर्मेश्वर आदित्य सिंह एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पार्टीगत विषयों को लेकर विधायक कार्यालय में बैठक

लखनपुर/नवप्रदेश। लखनपुर स्थित विधायक कार्यालय में मंगलवार को महापौर मंजूषा भगत, मधुसूदन शुक्ला, और निलेश सिंह के मुख्य आतिथ्य में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक का उद्देश्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं और सक्रिय कार्यकर्ताओं का सम्मान करना और सुशासन तिहार जैसे खास विषयों पर चर्चा करना था। बैठक की शुरुआत में अतिथियों ने भाजपा के महान विभूतियों–श्याम प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, और अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया। लखनपुर मंडल के वरिष्ठ

भाजपा नेताओं–दिनेश गुप्ता, दिनेश साहू, जवाहर साहू, सुभाष अग्रवाल, सुरेन्द्र साहू, प्रदीप गुप्ता, राजेंद्र जायसवाल, और बृजकिशोर पांडेय को शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। महापौर ने सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं को भाजपा स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ दीं और कहा कि सभी 50 बूथों में इस अवसर को धूमधाम से मनाया जाए। साथ ही, उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी, श्याम प्रसाद मुखर्जी, और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के त्याग और समर्पण को याद किया।मधुसूदन शुक्ला ने राज्य में सत्ताधारी भाजपा सरकार की योजनाओं की सराहना की और प्रदेश स्तर के निगम और त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनावों में पार्टी की जीत के लिए सभी को बधाई दी। निलेश सिंह ने पार्टी संगठन को मजबूत करने और केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को हर घर तक पहुँचाने की अपील की।कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश बारी ने की, जबकि पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने सभी भाजपाइयों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने 12 अप्रैल को हनुमान जयंती पर आयोजित होने वाली विशाल रैली में शामिल होने के लिए वरिष्ठ भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया। भाजपा नेता सौरभ अग्रवाल ने बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे प्रदेश व्यापी सुशासन तिहार का अधिकतम लाभ ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों तक पहुँचाएं, ताकि क्षेत्र की अधिकांश समस्याओं का समाधान हो सके।

बैठक | जिले में संचालित शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा, दिए गए दिशा-निर्देश

जरूरतमंद परिवारों को योजनाओं का शत-प्रतिशत दिलाएं लाभ : कलेक्टर

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर राजेंद्र कटारा की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय के सभा कक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों की जिले में संचालित शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर कटारा ने सुशासन तिहार के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि आज से सुशासन तिहार के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के आवेदन स्वीकार किए जाने शुरू हो गए हैं। इस तिहार में प्राप्त होने वाले सभी आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर गहनता से अध्ययन कर उनका त्वरित तथा पूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया करें। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन द्वारा प्रत्येक स्तर पर निरंतर मॉनिटरिंग की जाएगी, ताकि आवेदनों का समाधान शीघ्र हो सके।

कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने कहा कि आगे आने वाले चरणों में समाधान शिविरों का आयोजन भी किया जाएगा, जिनमें लोगों को उनकी समस्याओं का समाधान व्यक्तिगत रूप से प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि सभी आवेदनों का का निराकरण पारदर्शी तरीके और त्वरित रूप से हो, जिससे नागरिकों को शासन-प्रशासन से बेहतर सेवाएं मिल सकें और जनता को लाभ मिल सके। उन्होंने समाधान शिविर के

आयोजन के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए। कलेक्टर कटारा ने पीएम जनमन योजना की विस्तार से गहन समीक्षा की। उन्होंने इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पीव्हीटीजी परिवारों को योजना से जोड़कर लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम जनमन योजना के लक्ष्यों को प्राप्त करने में पूरी तन्मयता से काम करने को कहा। कलेक्टर ने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों और उनकी बसाहटों का संपूर्ण विकास करना ही इस योजना का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत पीव्हीटीजी बसाहटों की आधारभूत संरचनाओं के विकास के साथ हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ दिलाकर उनके सामाजिक एवं आर्थिक स्तर का उन्नयन किया जाना है। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण व शहरी की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को फील्ड में जाकर काम की स्थिति का निरीक्षण करने और जहां प्रगति धीमी है, वहां तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जनपद पंचायत सीईओ निर्देश दिए कि जो आवास अभी तक अपूर्ण हैं, उन्हें समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। जिले में हो रहे अवैध उत्खनन, खनिज परिवहन और भंडारण को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने पर जोर दिया।

सट्टा-पट्टी लिखने वाला गिरफ्तार

सत्ती/नवप्रदेश। अवैध शराब, जुआ एवं सटटा खिलाने पर अंकुश लगाने हेतु अभियान के तहत लगातार वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिशा निर्देश दिया जा रहा था जिसके परिपालन में अवैध सटटा/पटटी अंक लिखकर तथा अपने मोबाईल के व्हाटसप नंबर के माध्यम से सटटा लिखने की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक सक्ती अंकिता शर्मा (भापुसे), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव (रापुसे) एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) शक्ति मनीष कुंवर के कुशल दिशा निर्देशन प्राप्त होने पर वार्ड 5 का सुदामा श्रीवास अपने घर के सामने सटटा/पटटी अंक लिखकर तथा मोबाईल के व्हाटसप के माध्यम से जुआ/सटटा खेला रहा है कि सुचना पर बताये स्थान वार्ड 5 सुदामा श्रीवास के घर के सामने जाकर रेड कार्यवाही किया जो सटटा खेलने वाले पुलिस को देखकर भाग गये एवं एक व्यक्ति मिला जिसका नाम पता पूछने पर वह अपना नाम सुदामा श्रीवास पिता छेदीलाल वार्ड 5 सक्ती थाना सक्ती का बताया जिसके पास एक कागज मे कुछ अंक, रूपया लिखा हुआ कागज, सट्टा पट्टी और नगदी रकम 220 एक डाट पेन तथा एक सेमसंग कंपनी का गैलेक्सी ए 03 कोर मोबाईल कीमती 8000 का मिला जिससे पूछताछ करने पर सटटा/पटटी अंक लिखकर तथा अपने मोबाईल के व्हाटसप नं 9407942517 के माध्यम से सटटा खेलाना स्वीकार किया।

नेशनल लोक अदालत को लेकर बैठक आयोजित

नारायणपुर। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव किरण चतुर्वेदी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव गायत्री साय के आदेशानुसार अपर सत्र न्यायाधीश नारायणपुर हरेंद्र सिंह नाग, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नारायणपुर कुमारी प्रतिभा मरकाम, रिटेनर अधिवक्ता चन्द्र प्रकाश कश्यप के द्वारा जिला न्यायालय परिसर नारायणपुर के न्याय सदन में नगरपालिका परिषद अधिकारी, दूरसंचार विभाग अधिकारी नारायणपुर एवं समस्त बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने हेतु 09 अप्रैल को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी 10 अप्रैल को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में चर्चा करते हुए नगरपालिका परिषद में लंबित जल कर, दुकान कर, मकान कर, संपति कर,अन्य कर से संबंधित प्रकरण एवं दूरसंचार विभाग के बिल वसूली से संबंधित प्रकरण तथा समस्त बैंकों के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में आपसी राजीनामा के माध्यम से निराकरण करने की समीक्षा की गई। इसके साथ ही प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को यथाशीघ्र प्राधिकरण में प्रस्तुत कर उक्त प्रकरणों को पक्षकारों के मध्य प्री-सिटिंग की कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए उक्त आयोजित नेशनल लोक अदालत में अपना सहयोग एवं सहभागिता देते हुए अधिक से अधिक प्रकरणों को निराकृत कराने हेतु निर्देशित किया गया

भगवान महावीर के संदेश पर चलने से ही दुनिया में आएगी शांति : महापौर संजय पाण्डेय

जगदलपुर। श्री ओसवाल जैन श्वेतांबर समाज जगदलपुर द्वारा 13 दिवसीय कार्यक्रम भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव 2025 के मौके पर महापौर संजय पाण्डे मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। समाज ने महापौर का सम्मान किया। जगदलपुर के वाटर फ्रंट में मंगलवार रात जैनिज्म परिवार द्वारा संभाग स्तरीय ग्रुप गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मालूम हो कि 13 दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ 29 मार्च से किया गया है जिसका समापन 10 अप्रैल को होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इसके बाद समाज के लोगों ने कुमकुम, तिलक लगाकर संजय पाण्डे का स्वागत किया। महापौर संजय पाण्डे ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान महावीर के बताए रास्ते पर चलें, सदमार्ग का अनुसरण करें। भगवान महावीर के संदेशों को जन जन तक पहुंचाएं। भगवान महावीर के संदेशों पर चलने से ही देश- दुनिया में शांति आ सकती है। महापौर पाण्डेय ने जैन समाज को सर्वाधिक शांत और अमन पसंद समाज बताया। उन्होंने आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज के उभरते कलाकारों को मंच तो मिलता ही है साथ ही उनकी प्रतिभा भी निखरती है। समाज की महिलाओं व नन्हीं बालिकाओं ने इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के बीच में महापौर संजय पाण्डेय को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आयोजन में मनोहर लूनिया, भंवर बोथरा, पारसमल जैन, विमल बोथरा, श्रीपाल जैन, जयेश बरड़िया, चंद्रेश छाजेड़ संध्या वैष्णव सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

पोषण पखवाड़ा 2025 का शुभारंभ, कलेक्टर एवं अधिकारियों ने ली शपथ

सुकमा। प्रदेश भर में 08 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक पोषण पखवाड़ा 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सुकमा जिले में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव एवं जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विशेष तैयारियां की गई हैं। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी बिस्मिता पाटले ने पोषण जागरूकता को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से अभिनव पहल की शुरुआत की है।पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत जिले की समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में कुपोषित बच्चों, एनीमिक व गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य व पोषण संबंधी गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। इसके अंतर्गत बच्चों में मोटापे की रोकथाम हेतु स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना, पोषण भी पढ़ाई, पर्यावरण संरक्षण (मिशन लाइफ), जल संरक्षण।

कोण्डागांव में विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर सामूहिक जाप का हुआ आयोजन

कोण्डागांव। विश्व नवकार महामंत्र दिवस के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय कोण्डागांव स्थित ओसवाल भवन में ए नवकार महामंत्र जाप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन जैन समाज की आध्यात्मिक एकजुटता और विश्व शांति के उद्देश्य से किया गया, जिसमें समाज के सभी वर्गों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई।

समाज अध्यक्ष हरीश गोलछा और सचिव मनोज जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि आज के दिन विश्व के 108 देशों में एक साथ नवकार महामंत्र का जाप किया गया। यह पूरे जैन समाज के लिए एक गर्व का क्षण है कि इस वैश्विक आयोजन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सहभागिता निभाई।कोण्डागांव के ओसवाल भवन के साथ ही केशकाल में भी प्रातः 8:01 बजे से 9:36 बजे तक मंत्र जाप कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान समाज के बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं, पुरुष, युवा और युवतियों ने एक साथ

नवकार मंत्र का जाप कर विश्व शांति के लिए सामूहिक प्रार्थना की। कार्यक्रम में उपस्थितजनों ने आत्मकल्याण एवं वैश्विक सद्भाव की भावना के साथ सहभागिता दर्ज की।

इस आध्यात्मिक आयोजन से स्थानीय स्तर पर समाज को जोड़ने का कार्य के साथ वैश्विक स्तर पर जैन धर्म की शांति और अहिंसा की भावना को भी सशक्त रूप से प्रस्तुत किया।

नेशनल लोक अदालत : जनता को राहत पहुंचाने के लिए न्यायिक अधिकारियों और अधिवक्ताओं की हुई बैठक

कोंडागांव। लंबित मामलों की पहचान कर उन्हे नेशनल लोक अदालत में रखकर शीघ्र निपटारा करने एवं अधिक से अधिक मामलों को आपसी सहमति के माध्यम से समाधान करने के उद्देश्य हेतु माननीय श्रीमती किरण चतुर्वेदी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के अध्यक्षता एवं उनकी उपस्थिति में नेशनल लोक अदालत को प्रभावी एवं सफल बनाने हेतु समस्त न्यायाधीशों एवं अधिवक्ताओकी उपस्थिति में बैठक कर विचार-विमर्श किया गया।

इसके साथ ही समस्त न्यायालयों में लंबित सिविल, दांडिक, पारिवारिक, मोटर दुर्घटनादावा, चेक बाउंस, बीमा से संबंधित प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में रखकर पक्षकारों के आपसी राजीनामा के माध्यम से प्रकरणों को निराकरण करने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में श्री विक्रम प्रताप चन्द्रा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कोण्डागांव, श्रीमती यशोदा नाग जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (एफ0टी0एस0सी0 पॉक्सो) कोण्डागांव, श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव, श्री शिव प्रकाश त्रिपाठी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोण्डागांव एवं सुश्री गायत्री साय, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव एवं कोण्डागांव जिला के समस्त सम्मानीय अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

सुशासन तिहार में समस्याओं के निराकरण कराने उमड़े लोग

सुशासन तिहार एवं जनसमस्या निवारण शिविर में प्राप्त हुए 511 आवेदन

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में जनकल्याण और सुशासन की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम के रूप में सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की यह अभिनव पहल नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान भी करेगी ही बल्कि जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रभावी समीक्षा और प्रशासन तथा जनता के बीच सशक्त संवाद को भी साकार करेगी। सुशासन तिहार 2025 का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देशन में 08 अप्रैल को सुशासन तिहार, राजस्व पखवाड़ा सह जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन ग्राम ओरछा में आयोजित किया गया। उन्होंने सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सुशासन तिहार के लिए सभी ग्राम पंचायतों में शिकायत पेटी लगाई जाए ताकि लोगों की मांग एवं

शिकायत संबंधी आवेदन आसानी से शिकायत पेटी में जमा कर सके।

जिले के सम्माननीय नागरिकों के शिक्षा, स्वास्थ्य, कल्याण एवं चहुमुंखी विकास के लिये कार्य करना प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है। शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार लोक शिकायतों के त्वरित निराकरण, विकास कार्यों के आवश्यकतानुसार स्वीकृत करने एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले के ग्राम पंचायत एवं हाट बाजार के दिन शिविर लगाकर प्राप्त आवेदनों को निराकरण करने हेतु शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिला स्तरीय शिविरों में जिला स्तर के अधिकारियों को शिविर में उपस्थित रहने निर्देशित किया गया है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रताप सिंह मण्डावी ने जनसमस्या निवारण शिविर को संबोधित करते कहा कि विभागीय अधिकारी प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करें, साथ ही आवेदक को लिखित में सूचना भी दें। उन्होंने आयोजित होने वाले जनसमस्या निवारण शिविरों में प्राप्त आवेदनों का शत प्रतिशत निराकरण करने निर्देशित किए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लिए संचालित महिला एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास की योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्होंने शत प्रतिशत लाभ उठाने की अपील की। शिविर में गर्भवती माताओं का गोद भराई और बच्चों को अन्नप्राशन उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा कराया गया। ओरछा के सरपंच अजीत मांझी ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने शिविर में उपस्थित लोगों से अपील की।

अपर कलेक्टर बीरेंद्र बहादुर पंचभाई ने ग्राम पंचायतों के सरपंचों से आग्रह करते हुए कहा कि पेंशनधारी और महतारी वंदन योजना के लाभार्थी माता बहनों की बैंक संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक सोमवार को जनदर्शन में आवेदन के साथ सूचित करें। उन्होंने शिविर में लगाई गई विभागीय स्टालों का अवलोकन करते हुए प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। शिविर में पशुधन विकास, आयुष, महिला एवं बाल विकास विभाग, विद्युत अक्षय ऊर्जा, उद्यानिकी और कृषि विभाग के अधिकारियों को राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर ग्रामीणों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

अपर कलेक्टर श्री पंचभाई ने शिविर में आए ग्रामीणों से उनकी समस्याओं और मांगों के बारे में जानकारी लेकर शीघ्र निराकरण का भरोसा दिलाया।

सर्पदंश से बचाव संबंधी दो दिवसीय कार्यशाला में विशेषज्ञों ने साझा किए अनुभव

जगदलपुर। बस्तर जिले के कलेक्टर हरिस एस के निर्देश पर जिले में सर्पदंश से बचाव एवं सर्पदंश से होने वाली मृत्यु पर रोक लगाने हेतु महारानी अस्पताल में आयोजित दोदिवसीय कार्यशाला का बुधवार को समापन किया गया। गुजरात से आए विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ.पीसी पटेल और स्नेक बाइट हीलिंग एंड एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष प्रियंका कदम के द्वारा बस्तर जिले के सभी सातों ब्लॉक के बीएमओ, आरएमए और स्टाफ नर्स को सर्पदंश से बचाव तथा उपचार सम्बन्धी विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान डॉ. पीसी पटेल जिन्हें सर्पदंश से बचाव सम्बन्धी 35 साल का अनुभव और 20 हजार से अधिक सर्पदंश केस के इलाज का अनुभव है, उनके द्वारा बचाव के साथ ही आरंभिक उपचार और सघन ईलाज के सम्बंध में विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया। अध्यक्ष स्नेक बाइट हीलिंग एंड एजुकेशन सोसाइटी प्रियंका कदम ने सर्पदंश से बचाव के लिए स्थानीय स्तर पर व्यापक जनजागरूकता निर्मित करने पर बल देते हुए विशेष तौर पर वनांचल इलाकों में ग्रामीणों को बचाव सम्बन्धी सतर्कता बरतने के साथ ही त्वरित उपचार के लिए जागरूक किए जाने कहा गया।

जनसमस्याओं का निराकरण विष्णुदेव सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : चैतराम अटामी

दतंवाड़ा । भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी ने कहा की जनता की समस्याओं के त्वरित निदान के लिये छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार द्वारा सुशासन तिहार 2025 का शुभारंभ आज 08 अप्रैल को हुआ। जनसमस्या के समाधान हेतु नगर पालिका/पंचायत ,ग्राम पंचायत एवं जनपद पंचायत कार्यालय में 08 अप्रैल से 11 अप्रैल तक समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन किए जाएंगे। प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु समाधान शिविर का आयोजन 05 मई से 31 मई तक किया जाएगा। अटामी ने कहा की विष्णुदेव सराकर सुशासन एवं संवेदनशीलता को लेकर संकल्पित है जिससे आम नागरिकों के समस्याओं के अधिक से अधिक आवेदन पर समस्याओं का समाधान हो सके। क्षेत्र की देवतुल्य जनमानस से भेंट एवं मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत होकर उनकी समस्याओं का निराकरण करने संबंधित विभाग को निर्देश दिया जाएगा । अटामी ने बताया की पेयजल आपूर्ति, सडक निर्माण, नाली निर्माण, देवगुड़ी का नवनिर्माण,राजस्व संबंधी, विधुत संबंधित व अन्य समस्याओं को सुनकर तत्काल कार्रवाई करते जिन समस्याओं

का तत्काल निराकरण करना है उन समस्याओं को संबंधित विभाग से चर्चा कर तत्काल निराकरण किया जायेगा ।वहीं सड़क, पुलिया, नाली बोर खनन व अन्य समस्याओं को जल्द निराकरण करने हेतु भी सरकार प्रयासरत है ।

विधायक चैतराम अटामी ने कहा क्षेत्र के देवतुल्य जनता से भेंट मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत होकर उनकी समस्या का समाधान किया जाएगा। जनता को किसी भी तरह की समस्या व परेशानी ना हो उस संबंध में कार्ययोजना के साथ कार्य किया जायेगा । जनता को मूलभूत सुविधा देना हमारा कर्तव्य है जिसके लिए लगातार विष्णुदेव साय सरकार संकल्पित है। और प्रयास किया जा रहा है।

अनुसूचित जनजाति उप योजना अंतर्गत कृषक संगोष्ठी व प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

कोण्डागांव। भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् राष्ट्रीय कृषि उपयोगी सूक्ष्मजीव ब्यूरो कुशमैर, मऊ (उ.प्र.) एवं इंदिरा गाँधी कृषि विश्विद्यालय रायपुर, कृषि विज्ञान केन्द्र कोंडागांव के संयुक्त तत्वाधान में अनुसूचित जनजाति उप योजना अंतर्गत कृषक संगोष्ठी व प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र कोंडागांव परिसर में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी कोंडागांव अविनाश भोई, आईसीआर-एनबीएआईएम के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. प्रमोद कुमार साहू, आ आईसीआर-एनबीएआईएम के एडमीनिस्ट्रेटिव ऑफिसर श्री रजनीश मीना, श्री तरुण साना, जनपद उपाध्यक्ष फरसगांव जदूराम नाग, पूर्वी बोरगांव सरपंच चन्द्रकला नेताम, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. ओम प्रकाश एवं जिले के किसानो के द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा एवं सूक्ष्मजीव की संक्षिप्त जानकारी वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. ओम प्रकाश ने दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने की तथा उन्होंने किसानो को संबोधित करते हुए कहा की फसल चक्र बहुत जरुरी है मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने के लिए दलहन, तिलहन फसल लगाने की जरुरत है। साथ ही लाभदायक सूक्ष्मजीव के साथ खेती करने की सलाह दिया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी कोंडागांव अविनाश भोई ने वैज्ञानिक विधि के साथ खेती करने के लिए किसानो को प्रेरित किया। तरुण साणा ने किसानो को आधुनिक पद्धति से फसल परिवर्तन के साथ खेती करने के बारे में कहा। जनपद उपाध्यक्ष फरसगांव जदूराम नाग ने समय समय पर प्रशिक्षण के माध्यम से नए तकनीको के बारे में जानकारी प्राप्त करने के बारे में कहा। आईसीआर-एनबीएएम के आईसीआर-एनबीएआईएम मऊ (उ.प्र.) के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. प्रमोद कुमार साहू ने कहा की सूक्ष्मजीव ब्यूरो पुरे भारत वर्ष के लिए काम करता है साथ ही साथ पुरे विश्व में इसकी संस्था स्थापित है। उन्होंने बताया की लाभदायक सूक्ष्मजीव पौधों और मिट्टी के बीच का माध्यम है जो ज्यादा से ज्यादा मात्रा में पौधों के लिए पोषक तत्त्व प्रदान कराता है तथा मिट्टी को मजबूत बनता है, साथ ही साथ बीज बुआई के पूर्व बीजो का शोधन बहुत जरुरी है इससे फसल गुणवत्ता बढ़ता है तथा कहा की मिट्टी की उर्वरक शक्ति बढ़ने के लिए सूक्ष्मजीव की आवश्यकता है जिस पर किसानो को ध्यान देने की आवश्यकता है। ऑफिसर रजनीश मीना ने बताया कि मिट्टी में लाभदायक सूक्ष्मजीव की उपस्तिथि से फसल की उत्पादकता व गुणवत्ता में अत्यधिक फर्क पड़ता है तथा भविष्य के लिए मिट्टी को मरने से बचाने के लिए खाद व कम्पोस्ट के साथ सूक्ष्मजीव (सुडोमोनस, अजेटोबेक्टर आदि) के प्रयोग को आवश्यक पड़ता है। विषय वस्तु विषेषज्ञ उद्यानिकी डॉ. सुरेश कुमार मरकाम ने फूलों, फलो तथा सब्जियों में सूक्ष्मजीव की महत्ता को बताया, पशुधन एवं प्रबंधन डॉ. हितेश कुमार मिश्रा ने पशुओ में टीकाकरण के बारे में जानकारी प्रदान की, कृषि मशीनरी एवं शक्ति अभियांत्रिकी डॉ. प्रिया सिन्हा ने कृषि कार्यो में उपयोगी उपकरणों के उपयोग व उनके रखरखाव के बारे में जानकारी प्रदान किया।

26 लाख के इनामी सहित 22 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

बीजापुर। छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों के लगातार आक्रमक कार्यवाही से भयभीत नक्सलियों के आत्मसमर्पण करने का दौर जारी है। इसी कड़ी में चार 26 लाख के इनामी सहित 22 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। समर्पण करने वालों में पीएलजीए बटालियन नम्बर 1 सदस्य, तेलंगाना स्टेट अंतर्गत सीआरसी कंपनी नम्बर 2 का सदस्य, एसीएम, मिलिशिया डिप्टी कमांडर, मिलिशिया सदस्य, केएमएस उपाध्यक्ष, मिलिशिया प्लाटून डिप्टी कमांडर, मिलिशिया प्लाटून सदस्य, जनताना सरकार सदस्य, पदेड़ा, कोत्तागुड़ा, गलगम, कमलापुर, डुमरीपालनार, कोरसागुड़ा आरपीसी के अन्य

सदस्य शामिल हैं। इन सभी को प्रशासन की तरफ से 50- 50 हजार रुपये का प्रोत्साहन राशि प्रदाय की गई है। विदित हो कि 1 जनवरी 2025 से अब तक नक्सली वारदात में शामिल 172 नक्सली गिरफ्तार हुए, वहीं 179 नक्सलियो ने आत्मसमर्पण किया एवं बीजापुर जिले में अलग-अलग मुठभेड़ में कुल 83 नक्सली मारे गए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आत्मसमर्पित करने वाले नक्सलियों में कमली हेमला उर्फ सोमे पति कन्ना सोढ़ी उम्र 32 वर्ष साकिन मण्डीमरका कर्रेपारा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा, पद पीएलजीए बटालियन नम्बर 1 में सदस्य, घोषित ईनाम 8 लाख रूपये, मुया माड़वी उर्फ राजेश पिता देवा माड़वी उम्र 19 वर्ष साकिन नेलाकांकेर स्कूलपारा थाना उसूर जिला बीजापुर, पद टीएसी (तेलंगाना स्टेट कमेटी) अन्तर्गत सीआरसी कंपनी नंबर 2 में (पार्टी सदस्य), वर्ष 2023 से सक्रिय, घोषित ईनाम 8 लाख रूपये सोनू ताती पिता सुक्कू ताती उम्र 28 वर्ष जाति मुरिया साकिन तोड़का मासापारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, पद पश्चिम बस्तर डिवीजन प्रेस टीम कमाण्डर (एसीएम), वर्ष-2008 से सक्रिय, घोषित ईनाम 5 लाख रूपये , महेश पुनेम पिता सन्नू पुनेम उम्र 20 वर्ष साकिन पुसनार पेद्दापारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, पद भैरमगढ़ एरिया कमेटी अन्तर्गत प्लाटून नंबर 13 में (पीएलजीए सदस्य) वर्ष-2023 से सक्रिय, घोषित ईनाम 5 लाख रूपये, बुधराम ताती उर्फ सुद्दू उर्फ गट्टा पिता सुक्कू उम्र 32 वर्ष साकिन तोड़का मासापारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, सावनार-कोरचोली मिलिशिया कंपनी डिप्टी कमाण्डर, वर्ष-2007 से सक्रिय सन्नू हेमला पिता गुड्डा हेमला उम्र 26 वर्ष साकिन सावनार गुण्डापारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, पद सावनार-कोरचोली मिलिशिया कंपनी सदस्य, वर्ष-2010 से सक्रिय सोमलू मड़कम उर्फ पटेल पिता मासा मड़कम उम्र 60 वर्ष साकिन काकेकोरमा मड़कमपारा थाना बीजापुर, पद पदेड़ा आरपीसी जनताना सरकार सदस्य-कृषि शाखा अध्यक्ष, वर्ष-1999 से सक्रिय।

शासन द्वारा राजनीतिक प्रकरणों की वापसी : लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय

नारायणपुर जिले के एक प्रकरण को लिया गया वापस

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ सरकार ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और निष्पक्ष शासन की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए विभिन्न जिलों में दर्ज 103 गैर-गंभीर राजनीतिक प्रकरणों की वापसी का निर्णय लिया है। गृह विभाग द्वारा जिलों से प्राप्त रिपोर्ट और विस्तृत समीक्षा के बाद मंत्रिमंडलीय उपसमिति की अनुशंसा पर यह फैसला लिया गया। न्यायालय से विधिवत स्वीकृति मिलने के पश्चात 41 प्रकरणों में अभियुक्तों को राहत प्रदान की गई और संबंधित पुलिस रिकॉर्ड से उनके नाम हटा दिए

गए। नारायणपुर जिले के 1 प्रकरण को वापस लिया गया है। धार्मिक भावनाओं को उकसाने और मुख्य मार्ग पर चक्काजाम करने के मामले में रुपसाय सलाम, अंकित नंदी, पवन कुमार, अतुल नेताम, डोमेंद्र यादव, रमेश पोटाई, मंगलू राम कावड़े, लहरु राम नेताम, राम नेताम, निरंजन करंगा, राजू दुग्गा,सुकमन नेताम, लछु राम कोर्राम, रामसिंह हिचामी, मंगतू राम करंगा, आसमान नेताम, सूरज कोर्राम, दिनेश सलाम, सुरेश कुमार, राजाराम कावड़े, लच्छराम साहू, नरेंद्र नाग, अनूप कुमेटी और लच्छन नेताम के विरुद्ध अपराध क्रमांक 2/23 दर्ज किया गया था। न्यायालय द्वारा 14 दिसंबर 2024 को इस प्रकरण की वापसी को स्वीकृति दी गई। उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी की सरकार सुशासन की सरकार है। हमारी सरकार में किसी भी निर्दोष के साथ गलत नही होने दिया जाएगा। लोकतंत्र में हर नागरिक को अपनी बात रखने और शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार है।

न्यूज गैलरी

हनुमान जन्मोत्सव को लेकर हो रही नगर में व्यापक तैयारियां

मुंगेली/नवप्रदेश। हनुमान जन्मोत्सव को लेकर नगर में व्यापक तैयारियां चल रही है, प्राचीन हनुमान मंदिर गोलबाजार में 3 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें पंडितो के द्वारा सुंदरकांड का पाठ और 151 हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। 12 अप्रेल को सुबह 8 बजे से विशेष पूजा, महाआरती और हवन के साथ समाप्त होगा। नया बस स्टैण्ड,पूराना बस स्टैंण्ड मे हर वर्ष कि भांति इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव बडे धूम-धाम से मनाए जाने कि तैयारियां जारी है। सबसे प्राचीन मंदिर गोल बाजार स्थित बजरंग मंदिर में 10 अप्रेल से सुंदरकांड का पाठ और 151 हनुमान चालीसा का पाठ शुरू किया जाएगा, जो 12 अप्रेल को सुबह 8 बजे से विशेष पूजा, महाआरती और हवन किया जाएगा। जगह जगह भण्डारे के साथ साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। मंदिर के प्रांगण को भगवा रंग के झंडो से, लाईटों और फुलों से सजाया जा रहा है।

राम जन्मोत्सव पर हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। रामनवमी के अवसर पर सोनार पारा स्थित राम मंदिर में सोनी मित्र मंडल के द्वारा राम जन्मोत्सव के पश्चात राम मंदिर के सामने विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रध्दालुजनों को पुरी और मटर कि सब्जी और वितरित कि या गया यह भंडारा अनवरत् रूप से 12 बजे से लेकर 5 बजे तक चला इस भंडारे का लाभ आसपास के ग्रामीणजनो ने भी इस भंडारे का लाभ उठाया विगत तीन वर्षो से अनवरत् रूप से चल रहा है सर्व सोनी समाज के द्वारा आयोजित हो रहा है युवा स्वर्णकार समाज के सभी साथी इस भंडारे के आयोजन को सफल बनाने में जुटे रहे।

मृतक के परिजनों को 25 हजार की आर्थिक सहायता राशि मंजूर

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम भटगांव निवासी हेमंत सोनवानी की मृत्यु होने पर उनके निकटतम परिजन को 25 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार एसडीएम पार्वती पटेल ने तहसीलदार मुंगेली के प्रतिवेदन के आधार पर मृतक के पिता राधेश्याम को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। गौरतलब है कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजन को 25 हजार रूपए और गंभीर रूप से घायल के परिजन को 10 हजार रूपए की स्वीकृति प्रदान किए जाने का प्रावधान है।

कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने जिले के नगरीय निकायों और ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया

कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित नहीं रहेगा: संभागायुक्त

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत 11 अप्रैल तक सभी नगरीय निकाय कार्यालयों और ग्राम पंचायत भवनों में समाधान पेटी स्थापित की गई है, जिसमें आम नागरिक अपनी समस्याओं, मांगों और शिकायतों से संबंधित आवेदन डाल सकते हैं।

सुशासन तिहार के प्रथम चरण के पहले दिन बिलासपुर संभागायुक्त महादेव कावरे, कलेक्टर राहुल देव एवं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने जिले के नगरीय निकायों और ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया। संभागायुक्त ने नगर पालिका मुंगेली और विकासखण्ड मुंगेली के ग्राम पंचायत गीधा में समाधान पेटियों में प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली एवं विभागवार पृथक कर निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम गीधा में पीएम आवास योजना के अंतर्गत कई आवेदन प्राप्त हुए, जिस पर संभागायुक्त ने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित नहीं रहेगा। उन्होंने बताया कि सर्वे का कार्य जारी है और सभी पात्रजनों को योजना का लाभ दिया जाएगा। संभागायुक्त श्री कावरे ने आमजनों से संवाद कर योजनाओं की जानकारी दी और अधिक से अधिक लोगों को आवेदन करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को सुशासन तिहार को सफल बनाने हेतु समर्पण भाव से कार्य करने के निर्देश दिए।

सुशासन तिहार के तहत कलेक्टर ने ग्राम धरमपुरा एवं दशरंगपुर पंचायत भवन पहुंचकर स्वयं ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त किए। ग्राम धरमपुरा में शिवराज यादव की आवास की मांग पर कलेक्टर ने तत्काल मौका निरीक्षण करने और पात्रतानुसार सर्वे सूची में नाम जोड़ने के निर्देश दिए। कई ग्रामीणों ने राशन कार्ड में नाम जोड़ने व हटाने संबंधित आवेदन सौंपे। कलेक्टर ने मौके पर ऑनलाइन जांच कराकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम दशरंगपुर में अवैध शराब बिक्री और अतिक्रमण की शिकायतें भी प्राप्त हुईं, जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम को जांच कराने के निर्देश दिए। वहीं पंचायत सचिव के विरुद्ध लापरवाही की शिकायत पर कलेक्टर ने संज्ञान लेते हुए दशरंगपुर ग्राम पंचायत के सचिव को हटाने के निर्देश दिए। साथ ही पंचायत भवन की बदहाल स्थिति को देखते हुए कायाकल्प के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक शिकायत आवेदन के माध्यम से दें, ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। उन्होंने ग्राम के सर्वांगीण विकास हेतु सभी को मिलजुलकर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। कलेक्टर ने भ्रमण के दौरान ग्राम के युवाओं से भी संवाद किया और उन्हें सांस्कृतिक गतिविधियों, पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन, महिला सुरक्षा जैसी सामाजिक सरोकारों से जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं को समझाइश देते हुए कहा कि वे अपने कौशल और ऊर्जा का सही दिशा में उपयोग करें, जिससे ग्राम के समग्र विकास में उनकी अहम भूमिका सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर ने बताया कि सुशासन तिहार का आयोजन तीन चरणों में किया जाएगा। पहला चरण में 11 अप्रैल तक आम नागरिकों से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। दूसरा चरण में प्राप्त आवेदनों का विभागीय निराकरण किया जाएगा। तीसरा चरण 05 मई से 31 मई तक प्रत्येक 8 से 15 ग्राम पंचायतों में समाधान शिविर आयोजित कर आवेदनों की स्थिति से अवगत कराया जाएगा एवं हितग्राही को योजनाओं की जानकारी देने के साथ आवेदन लिए जाएंगे। नगरीय निकाय एवं पंचायत भवनों में प्रतिदिन प्रातः 10 से सायं 05 बजे तक एवं लोक सेवा केंद्रों में जाकर भी ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

पीड़िता के परिवार को शीघ्र न्याय दिलाने सहित प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा पर उठा सवाल

कांग्रेस का प्रदर्शन: महिला और बच्चियों की सुरक्षा को लेकर उठी आवाज

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रदेश में बढ़ते अपराध और मासूम बच्चियों और महिलों की असुरक्षा को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैंज के निर्देश पर जिले में भी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धनश्याम वर्मा के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन किया गया।

गौरतलब हो कि बीते दिनों दुर्ग जिले के मोहन नगर थाना अंतर्गत ओम नगर में 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुए दुराचार नृशंस हत्याकांड को अंजाम दिया गया था। जिसको लेकर पूरे प्रदेश भर में विरोध किया जा रहा है। प्रदेश में बढ़ते आपराधिक मामलो की गूंज सदन में भी उठ चुकी है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धनश्याम वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं और मासूम बच्चियों को सुरक्षा देने में असमर्थ रही है। आये दिन महिलाओं पर अत्याचार के मामले बढ रहे है। जिला अध्यक्ष श्री वर्मा ने कहा, यदि सरकार महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकती तो उसे सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। जिसको लेकर प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया है और निष्क्रिय गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग की गई। उन्होने पीड़िता के परिवार को शीघ्र न्याय दिलाने सहित प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा हेतु ठोस कदम उठाने की मांग की है।

उन्होने राज्य की बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर गहरी चिंता जताई और दोषियों को शीघ्र कड़ी सजा देने की मांग की। विधानसभा के बजट सत्र के दौरान पूर्व मंत्री व खरसिया से कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने रायगढ़ जिले सहित छत्तीसगढ़ में जनवरी 2024 से 2025 तक हत्या, लूटपाट, अपहरण, चोरी, डकैती और दुष्कर्म के दर्ज मामलों पर सवाल किया था। साथ ही प्रदेश में अपराध को रोकने के लिए किए गए उपायों की जानकारी भी मांगी थी। गृह मंत्री विजय शर्मा ने सदन में बताया कि छत्तीसगढ़ में साल 2024 से 2025 के बीच हत्या के 1114 मामले, लूट के 458, अपहरण के 3644, चोरी के 7960, डकैती के 56 और बलात्कार के 3191 केस दर्ज किए गए हैं। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, चंद्रभान बारमते, संजीत बनर्जी, श्याम जायसवाल, दिलीप बंजारा, जैतराम खाण्डे, नरेश पाटले, कौशल सिंह क्षत्रिय, अभिलास सिंह, संजय चंदेल, राजासिंह ठाकुर, श्री ठाकुर, उर्मिला यादव, मंजू शर्मा, जाहिदा बेगम, नूरजहां, संतोषी मोना नागरे, राजेन्द्र यादव, नौसाद खान, रामकुमार साहू, भूपेन्द्र साहू, इंद्रजीत कुर्रे, सूरज यादव, अजय साहू, नामदेव बंजारा, दादू मल्हा, मुकेश पाण्डेय, नंद कुमार साहू, अनीस मसीह, विकास खडेकर, विष्णु खाण्डे, विष्णु जायसवाल, रूपदास चतुर्वेदी, महेन्द्र यादव, राजाराम साहू, सम्मन दीप वर्मा, सूरज, रामजी ध्रुव, रवि कौसले, आरीफ खोखर, अरूण कुलमित्र, बशीर खान, दर्गेश साहू उपस्थित रहें।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने अतिथियों को छायाचित्र भेंट कर सम्मानित किया

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम मोहडंडा में श्रीरामनवमी के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह गांव भाजपा जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी का गृह ग्राम है, जहां आदि शक्ति मां दुर्गा, भगवान बजरंगबली एवं काल भैरव दिव्य प्रतिमाएं स्थापित है।

श्रीरामनवमी के अवसर पर कलेक्टर राहुल देव एवं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल विशेष रूप से दर्शन हेतु मोहडंडा पहुंचे। ग्रामवासियों ने कलेक्टर एवं एसपी का स्वागत एवं अभिनंदन किया। कलेक्टर एवं एसपी ने मंदिर में पूजा अर्चना किये। भाजपा जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने अतिथियों को मंदिर में विराजित देवी देवताओं की छायाचित्र भेंट कर सम्मानित किया। पूरे गांव में राम मंदिर का उत्सव के वातावरण में मनाया गया। जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। आमतौर पर हनुमान मंदिर और कालभैरव मंदिर जैसे धार्मिक स्थलों पर विशेष त्यौहार और आयोजन होते है। वही हनुमान जयंती चैत्र माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस दिन विशेष पूजन, हवन, सुंदरकांड पाठ, भजन कीर्तन और भंडारा होता है। ग्रामीणों ने बताया कि मंगलवार व शनिवार के दिन विशेष पूजा की जाती है और भक्तों की भीड़ अधिक होती है।

इस दौरान अखंड रामायण पाठ और झांकी जैसे आयोजन भी किए जाते हैं। कालभैरव मंदिर में कालभैरव अष्टमी मार्गशीर्ष मास में आने वाली इस तिथि को विशेष पूजा होती है। रात्रि जागरण और भैरव भजन की विशेष परंपरा होती है। वहीं नवरात्रि में शक्ति स्वरूप न की उपासना के साथ कालभैरव का पूजन भी किया जाता है।

बैगा आदिवासी समुदाय के उत्थान की दिशा में बड़ा कदम

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रयास अ स्माल स्टेप फाउंडेशन सामाजिक संस्था जिनके द्वारा पूरे साल बैगा आदिवासी जनजाति लोगों के शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आवास के लिए प्रयास किया जाता है, जिससे इनके भविष्य को बेहतर बनाया जा सके। प्रयास संस्था लगातार जनजाति लोगो के उत्थान और उनके जीवन शैली में शिक्षा के जरिये आवश्यक बदलाव लाने की अलख जगाने की कोशिश कर रही है जिससे ये शिक्षित होकर समाज में उचित दर्जा प्राप्त कर अपने हक अधिकारों को पा सके।

संस्था प्रमुख रामकिंकर परिहार ने बताया कि जिले के लोरमी इलाके का बहुत बड़ा भू भाग अचानकमार टाइगर रिजर्व के जंगल सहित मुंगेली वन मंडल का बहुत बड़ा क्षेत्र आता है और यहां आज भी लोग विकास, शिक्षा एवं स्वास्थ्य पीने के पानी जैसे सुविधाओं से वंचित रह जाते है और जानकारी के अभाव में अपने अधिकारों का लाभ लेने से चुक जाते है ऐसे में इन वनावासियों में शिक्षा की अलख जगाने का बीड़ा उठाया 'प्रयास' संस्था के प्रमुख रामकिंकर और उनके टीम के सदस्यों ने और वनांचल में जनसहयोग से एक वनवासी स्कूल की शुरुआत की। जहां से बच्चों को उचित शिक्षा दी जा सके और इस संस्था के नेक सामाजिक दायित्वों को बखूबी निभाते देखते हुए प्रदेश के राज्यपाल का आमंत्रण इस संस्था और इनके वनवासी बच्चों को मिला। राजभवन से मिले आमंत्रण से न केवल संस्था के लोग बल्कि सभी बच्चे भी बहुत खुश है। इनमें से अधिकांश बच्चे इसलिए भी खुश है क्योंकि उन लोग कभी जंगल से बाहर नही निकले है और इन्हे प्रदेश के राजधानी रायपुर जाने का सौभाग्य मिल रहा है। जहां राजभवन में राज्यपाल से मिलने की उत्सुकता बच्चों में साफदिखाई दे रहा है। ये संस्था अपने वनवासी बच्चों के साथ 12 अप्रैल को राजभवन पहुंचेगी। जहां एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना के अंतर्गत राजभवन के दरबार हाल में आयोजित अरुणांचल, राजस्थान और ओड़िसा राज्य के स्थापना दिवस अवसर पर आयोजित समारोह में शामिल होने का आमंत्रण मिला है। जिससे सभी बहुत ज्यादा उत्साहित है। गौरतलब है इस संस्था के सदस्यों ने वैश्विक कोरोना महामारी के दौरान अपने जान की बाजी लगाकर लोगो को दूध, राशन, आक्सीजन और दवा मेडिकल सुविधाएं जैसे सहयोग कर हजारों जिन्दगी बचाई थी।

प्रगतिशील पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक

लखनपुर/नवप्रदेश। प्रगतिशील पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन तहसील शाखा की मासिक बैठक सोमवार को रखी गई। बैठक में पेंशनर समाज के सदस्य काफी संख्या में उपस्थित रहे। उप प्रांताध्यक्ष एसपी जायसवाल ने कार्यक्रम को संबोधित किया। आनंद राम अकेला एवं फेकू दास ने सुंदर सरगुजिया गीत प्रस्तुत कर सभा को खुशनुमा बना दिया। कार्यक्रम में शिवनारायण जायसवाल, कृष्णा गुप्ता, जगत पैकरा, त्रिभुवन यादव पेंशनर समाज के तमाम रिटायर्ड कर्मचारी उपस्थित रहे बसंत प्रसाद गुप्ता ने उपस्थित जनों के प्रति आभार प्रदर्शन किया। बाद इसके सभा का समापन हुआ।

नागरिकों की समस्याओं का समाधान और विकास कार्यों की समीक्षा

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला कलेक्टोरेट में जनदर्शन का आयोजन किया गया। कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी और मेनका प्रधान ने आमजनों से उनकी मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुनी और नियमानुसार निराकरण के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए।

जनदर्शन में आवास, पेयजल, शौचालय, विद्युत आदि मूलभूत सुविधाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए, इनमें लोरमी विकासखण्ड के ग्राम अचानकमार के इतवारी सगरिया ने मतदाता सूची में त्रुटि सुधार कराने, ग्राम अखरार के रामेश्वर यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, आदिवासी समाज लोरमी के लोगों ने सामुदायिक भवन निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने, ग्राम विचारपुर के ग्रामीणों ने शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने सहित अन्य आवेदकों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इस दौरान सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

बीजातराई में गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम बीजातराई में स्वामी आत्मानंद गिरि महाराज के सानिध्य में श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ संगीतमय श्रीरामकथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ।

कलश यात्रा में साधु संत सहित बड़ी संख्या में महिला, पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। महायज्ञ स्थल से 3 बजे गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में मौजूद श्रद्धालुओं द्वारा धार्मिक उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं द्वारा जय जय श्री राम, जय हनुमान जय सीता राम और श्रीलक्ष्मी नारायण की जय

के नारे लगाए जा रहे थे। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से होते हुए नगर भ्रमण करते हुए नदी पहुंची, जहां गंगा मैया की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। नदी से विधिवत अपने अपने कलश में जल भर कर, नदी से मुख्य मार्ग होते हुए यज्ञ स्थल पहुंचे। कलश यात्रा में श्रद्धालुओं की लंबी कतार लग गई थी।

वहीं इस कलश यात्रा में आसपास इलाके से बड़ी संख्या में युवती/महिलाओं ने पीला वस्त्र धारण कर सिर पर कलश रख कर भाग लिया। लेख राम गबेल ने बताया कि ग्राम में श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ/संगीतमय श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन से आसपास इलाके के लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। यह कार्यक्रम 9 दिन तक चलेगा।

समीक्षा बैठक

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी ने की समीक्षा बैठक

जिले के सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों को लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर निराकरण करने के निर्देश

मुंगेली/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित संवाद कक्ष में जिले की अपराध समीक्षा बैठक ली। अपराध समीक्षा बैठक में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी पुलिस एवं सभी थाना एवं चौकी प्रभारी उपस्थित रहे। अपराध समीक्षा के दौरान पुलिस अधीक्षक ने जिले की कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतू आवश्यक निर्देश दिये, जिले के समस्त थानाध्चौकी प्रभारियो को स्पष्ट रूप से हिदायत दिया गया कि महिला-बच्चों से संबंधित अपराध तथा गंभीर अपराधों एवं पूर्व लंबित प्रकरणो तथा 173 (8) जा.फौ. (वर्तमान 193 बीएनएसएस) के तहत लंबित प्रकरण को शीघ्र अतिशीघ्र कार्यवाही कर निराकरण करने निर्देशित किया गया साथ ही जिले के सभी पर्यवेक्षण अधिकारियो को लंबित प्रकरणों की लगातार समीक्षा कर निराकरण करने हेतू निर्देश दिये गये।

क्राईम मीटिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक ने जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर, गुण्डा बदमाश, सजायाबों एवं ग्राम अपराध पुस्तिका का अवलोकन कर ग्रामो में कानून व्यवस्था निर्मित करने वाले आदतन अपराधियों पर सत्त निगाह रखने तथा पूर्व आपराधिक रिकार्ड के अनुरूप

सूची तैयार कर जिला बदर की कार्यवाही करने निर्देशित किया गया एवं अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर बांउण्ड ओवर हेतु निर्देशित किया गया। नाबालिग व गुम इंसान के मामलों में उनकी पता तलाशी हेतु थाना स्तर पर टीम बनाकर नाबालिक बच्चो एवं गुम इंसान को बरामद कर आवश्यक कार्यवाही करने एवं सभी थाना/चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत अवैध शराब बिक्री, जुआ-सट्टा, गांजा एवं अन्य मादक पदार्थों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही करने व साथ ही बीट सिस्टम के माध्यम से प्रभारियो को जिले की कानून व्यवस्था को मजबुत बनाने के लिए आम जनता एवं जनप्रतिनिधियो के साथ घनिष्ठ संवाद और जुड़ाव को जोर दिया। उन्होने कहा कि आसूचना संकलन के लिए स्थानीय नागरिकों का सहयोग अत्यंत महत्वपुर्ण है एवं थाने मे जप्त गाड़ियो को सुरक्षित एवं व्यवस्थित रूप से रखने, यातायात व्यवस्था को दुरूस्थ करने निर्देशित किया गया, पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना/चौकी प्रभारियों को स्पष्टरूप से कहा गया कि लंबित मामलों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

दशरथ सिंह के परिजनों को मिली आर्थिक सहायता

मुंगेली/नवप्रदेश। मनरेगा योजना के अंतर्गत जिपं में सहायक ग्रेड-03 (संविदा) के पद पर कार्यरत स्वर्गीय दशरथ सिंह राजपूत के निधन के बाद प्रशासन ने संवेदनशील पहल करते हुए उनके परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की है। 03 सितंबर को ड्यूटी उपरांत घर लौटते समय हुए सड़क हादसे में दशरथ गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनका 04 सितंबर को ईलाज के दौरान दुखद निधन हो गया। कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देशानुसार मृतक कर्मचारी के परिजन को कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) के तहत मिलने वाली बीमा एवं पेंशन की राशि शीघ्र उपलब्ध कराने हेतु त्वरित कार्यवाही की गई। इसके अंतर्गत ईपीएफ संगठन द्वारा मृतक की पत्नी श्रीमती सविता राजपूत को बीमा एवं पेंशन की एरियर्स राशि कुल 5.68 लाख रुपये प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त मनरेगा के तहत उन्हें 1 लाख रुपये की अनुकम्पा अनुदान राशि भी दी गई है। साथ ही, सविता राजपूत को आजीवन 2901 रुपये प्रतिमाह की पेंशन तथा दोनों बच्चों को 25 वर्ष की आयु तक 725-725 रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जाएगी।

गर्भावस्था से लेकर प्रसव के एक हजार दिन तक महिलाओं को दें पोषक तत्व

स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरुक करने पोषण पखवाड़ा का आयोजन, हो रहे विविध आयोजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। महिला बाल विकास जन समुदाय को स्वास्थ्य पोषण के प्रति जागरुक करने व पोषण के लिए किस तरह का बदलाव जरुरी है इसे लेकर पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया है। यह जनजागरुकता कार्यक्रम 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक निरंतर जारी रहेगा।

परियोजना अधिकारी दीप्ती पटेल साहू ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र में चौपाल का आयोजन कर कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य होता है लोगों को कुपोषण के बारे में जानकारी देने साथ ही साफ-सफाई के महत्व को बताया जाता है।

गर्भावस्था से लेकर बच्चे की डिलवरी के बाद एक हजार दिनों तक पोषक तत्वों से भूरपूर खान-पान महिलाओं को दिया जाना चाहिए। इस आयोजन में महिलाओं की देखभाल संबंधित और बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए उन्हें कैसा आहार दिया जाए इसके बारे में जानकारी दी जाती है। इस 15 दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा बना ली गई है। प्रत्येक दिन अलग गतिविधि का आयोजन कर लोगों को जागरुक किया जाएगा। आंगनबाड़ी केंद्र स्तर पर चौपाल का आयोजन कर लोगों को जानकारी दी जा रही है। परियोजना अधिकारी साहू ने बताया कि कुपोषण प्रबंधन के बारे में अभिभावकों को जानकारी दी जा रही है, जिससे कुपोषित बच्चों में जल्द ही सुधार हो सके। इन दिनों देखा जा रहा है कि बच्चों में मोटापे की समस्या आम हो गई है जिसकी वजह खानपान में होने वाले बदलाव है।

आज बच्चे जंक फूड, कोल्ड ड्रींक, फ्रोजन खाद्य पदार्थ का सेवन नियमित रुप से कर रहे हैं। शारीरिक गतिविधि बहुत कम हो गई हैं। इसका विपरित प्रभाव बच्चों के स्वास्थ्य में देखने को मिल रहा है। छोटे बच्चे मोटापे का शिकार हो रहे हैं, जिससे भविष्य में गंभीर बीमारी होने का संदेह बढ़ जाता है।

ऊर्जा से भरपूर खाद्य पदार्थों की मिल रही जानकारी

11 अप्रैल को राज्य स्तर पर वेबीनार का आयोजन कर इस आयोजन के माध्यम से जिला एवं परियोजना स्तर पर पोषण जागरुकता के बारे में जानकारी देने के लिए शिविर भी लगाया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से बेनिफिशियरी माड्यूल की जानकारी भी लोगों को दी जाएगी। हमर स्वस्थ लइका के तहत माड्यूल का क्रियान्वयन करते हुए कुपोषण प्रबंधन के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी जाएगी। स्थानीय एवं किफायती खाद्य सामग्री का उपयोग करते हुए कुपोषित बच्चों के लिए ऊर्जा से भरपूर भोजन बनाने संबंधी विधियों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। आयोजन के अंतिम दिन प्रभातफेरी निकालकर आंगनबाड़ी केंद्र की साफ-सफाई की जाएगी। प्लास्टिक के उपयोग से पर्यावरण को होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी देते हुए जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। श्रीमती साहू ने बताया कि इन सभी आयोजनों को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभाग से सहयोग मिल रहा है।

गोदभराई व अन्नप्राशन का आयोजन

परियोजना अधिकारी ने बताया कि आज आंगनबाड़ी केंद्र में सुपोषण चौपाल लगाकर गोद भराई व अन्नप्राशन की गतिविधि की गई। अन्नप्राशन के पहले 6 माह के बच्चों के लिए आहार संबंधित जानकारी भी उपस्थित अभिभावकों को दी गई। गोद भराई के बाद गर्भवती महिला के परिवारवालों को गर्भवस्था और बच्चे के जन्म के बाद मां और बच्चे से संबंधित जरुरी बातों को सांझा किया गया।

न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री साय से एसईसीएल के सीएमडी दुहन ने की मुलाकात

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज उनके निवास कार्यालय में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के नव नियुक्त अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) हरीश दुहन ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री दुहन को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को श्री दुहन ने एसईसीएल द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत राज्य के खनन प्रभावित क्षेत्रों में किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इन प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य के औद्योगिक और सामाजिक विकास के लिए हरसंभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी को नियुक्ति आदेश जारी करने निर्देश

हाईकोर्ट ने कहा- सवाल गलत पूछे जाने का खामियाजा कर्मचारी क्यों भुगते

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी रायपुर के द्वारा कनिष्ठ अभियंता पद हेतु विभागीय परीक्षा का आयोजन वर्ष 2022 में किया गया था। जिसमें कोरबा संभाग के लाइन परिचारक के पद पर पदस्थ दिनेश कुमार चंद्रा भी परीक्षार्थी के रूप में शामिल हुआ था। विभागीय पदोन्नति परीक्षा के लिए पावर होल्डिंग कंपनी ने जरुरी शर्त भी तय किया था। इसके तहत माइनस मार्किंग सिस्टम को लागू कर दिया था।

मसलन सवाल के गलत उत्तर देने पर नंबर काटे जाने का प्रावधान रखा था। परीक्षा के दौरान जो प्रश्न पत्र होल्डिंग कंपनी ने परीक्षा हाल में बांटे थे उसमें 10 सवाल ऐसे थे जिसका उत्तर देने के लिए दिए गए आप्शन में बड़ी गड़बड़ी कर दी गई थी। वैकल्पिक प्रश्न पूछने के बाद विकल्प के रूप में पांच सवाल दिए गए थे। विकल्प के लिए उत्तर लिखने के लिए पांच की जगह चार विकल्प छोड़ा गया था। दिनेश कुमार चंद्रा को लगा कि विकल्प के लिए जो जगह तय किया गया है वह गलत है। गलत आंसर लिखने पर माइनस मार्किंग का भी डर था। लिहाजा उसने और अन्य अभ्यर्थियों ने भी सवाल को गलत मानते हुए उत्तर नहीं दिया और सभी 10 सवालों को छोड़ दिया। होल्डिंक कंपनी ने जब रिजल्ट जारी किया तब दिनेश कुमार को 33.50 अंक मिला तथा उसे पदोन्नति के लिए अपात्र घोषित कर दिया।

होल्डिंग कंपनी के निर्णय को दी चुनौती

त्रुटि पूर्ण प्रश्नों के लिए बोनस अंक अथवा उक्त प्रश्नों को विलोपित मानते हुए पुनर्गणना की मांग करते हुए उप महाप्रबंधक छत्तीसगढ़ स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी रायपुर के समक्ष दिनेश ने अभ्यावेदन पेश किया था। उप महाप्रबंधक ने अभ्यावेदन को खारिज कर दिया। उप महाप्रबंधक के निर्णय को चुनौती देते हुए दिनेश कुमार ने अधिवक्ता मतीन सिद्दीकी और नरेंद्र मेहेर के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर की। दिनेश कुमार के अलावा अन्य अभ्यर्थियों ने अपने अधिवक्ताओं के माध्यम से अलग-अलग याचिका दायर की है।

मामले की सुनवाई जस्टिस एके प्रसाद के सिंगल बेंच में हुई। याचिकाकर्ता दिनेश की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता मतीन सिद्धीकी ने कहा कि प्रश्न क्रमांक 81, 83, 85, 86, 87, 88, 89, 90, 98, 99 के चयन हेतु पांच विकल्प दिए गए थे, किंतु उत्तर पुस्तिका का अवलोकन करने पर केवल चार विकल्प ए.बी.सी.डी. दिया गया था। ई. का विकल्प दिया ही नहीं गया था, जिसके कारण याचिकाकर्ता को विकल्प चुनने में परेशानी हुई। अधिवक्ता मतीन सिद्दीकी द्वारा पैरवी करते हुए सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का हवाला दिया।

अपोलो प्रबंधन के खिलाफ जांच करने की मांग, पूर्व विधायक शैलेश डीजीपी से मिले

बिलासपुर/नवप्रदेश। अपोलो के चर्चित डॉक्टर के द्वारा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद शुक्ला का इलाज किए जाने के मामले और उनकी मौत के बाद पूरे प्रदेश में राजनीति गरमाई हुई है और अपोलो प्रबंधन पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। पूर्व विधायक शैलेश पांडे ने आज स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद शुक्ला की मौत के मामले में दोषी अपोलो प्रबंधन तथा तथा चिकित्सक नरेंद्र विक्रमादित्य यादव के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर प्रदेश शासन के डीजीपी अरुण देव गौतम से मुलाकात की। पूर्व विधायक ने डीजीपी के समक्ष मांग रखी है कि 19 साल पहले हुए इस पूरे मामले में तीन बड़े आईपीएस अफसरों की कमेटी बनाकर इस मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। अपोलो प्रबंधन और डॉक्टर की नियुक्ति करने वाले अधिकारी एवं अपोलो अध्यक्ष सहित तत्कालीन अपोलो प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

शैलेश पांडे ने डीजीपी श्री गौतम से कहा है कि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शुक्ला की तबीयत बिगड़ने पर 2006 को उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया था और विवादों में गिरे गिरे दो नरेंद्र विक्रमादित्य यादव ने अपोलो अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ के रूप में उनका इलाज किया था और एंजियोप्लास्टी भी की थी। अपोलो में ऑपरेशन के बाद राजेंद्र प्रसाद शुक्ला की तबीयत बिगड़ी और 18 दिन तक अपोलो प्रबंधन ने उन्हें वेंटिलेटर में रखा। और बाद में मृत घोषित कर दिया । पूर्व विधायक शैलेश पांडे ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष के परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है।

लूट व छेड़छाड़ के फरार आरोपी को चकरभाठा पुलिस ने किया गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। अक्टूबर 2024 में चकरभाठा थाना क्षेत्र में लूटपाट व छेड़छाड़ के प्रकरण के फरार आरोपी को चकरभाठा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में आरोपी का लोकेशन लेकर राजकिशोर नगर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा जिला बिलासपुर के समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ ही समस्त थाना प्रभारियों को थानों में लंबित पुराने प्रकरणों के फरार आरोपियों की गिरफ्तारी कर प्रकरण का निराकरण करने के कडे निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुज कुमार एवं नगर पुलिस अधीक्षक रश्मित कौर चावला के मार्गदर्शन में थाना चकरभाठा के लूटपाट एवं छेड़छाड़ के प्रकरण के फरार आरोपी अंकित सिंह ठाकुर पिता अजय सिंह ठाकुर उम्र 23 वर्ष निवासी देविका विहार कालोनी राजकिशोर नगर थाना सरकण्डा ने अपने साथियों के साथ 2 अक्टूबर 2024 के रात्रि में काली ढाबा के पास पीड़िता को अश्लील गाली कर मारपीट करने की धमकी देकर छेड़छाड़ किया था। इसी प्रकार आरोपी अंकित सिंह ठाकुर पिता अजय सिंह ठाकुर उम्र 23 वर्ष निवासी देविका विहार कालोनी राजकिशोर नगर थाना सरकण्डा के द्वारा अपने साथियों के साथ 2 अक्टूबर 2024 को रामावैली गेट के पास प्रार्थी वेदांत शुक्ला निवासी रामावैली के साथ अश्लील गाली गुत्तार कर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था जिस पर आरोपी के विरूद्ध थाना चकरभाठा में अपराध कमांक 449/2024 धारा 309(6) 351(4) 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर लगातार आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी।

फरार आरोपियों की तलाश जारी

वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में आरोपी का लोकेशन प्राप्त कर थाना प्रभारी चकरभाठा निरीक्षक उत्तम साहू द्वारा थाना स्तर पर टीम गठित कर आरोपी के निवास स्थान देविका विहार कालोनी राजकिशोर नगर में दबिश देकर आरोपी को घेराबंदी कर पकडा गया और अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा घटना घटित करना स्वीकार करने पर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण के अन्य आरोपीगण फरार हैं जिनकी पतासाजी की जा रही है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

बिलासपुर/नवप्रदेश। सकरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत तिवारी पारा सैदा ओवरब्रिज के पास नेशनल हाईवे पर सड़क हादसा हुआ। भाडम निवासी चेतन सिंह सिंगौर उम्र लगभग 35 वर्ष की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौके पर ही मौत हो गई। घटना सुबह करीब 7 बजे की है, जब चेतन सिंह अपनी बाइक से किसी काम से निकले थे। पुलिस के अनुसार लमेर निवासी लक्ष्मण रजक ने चेतन के छोटे भाई देवेंद्र सिंह सिंगौर को फोन कर हादसे की जानकारी दी।

इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में चोरी के आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। तेलीपारा स्थित विजय वाच एण्ड इलेक्ट्रिानिक्स से 2 नग मोबाइल, 4 नग घडी व गल्ले में रखे पैसा को चोरी करने वाले आरोपी को सिटी कोतवाली पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी से 1 नग मोबाइल जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार दौलतराम चौधरी पिता स्व. नेहचलदास चौधरी उम्र 53 वर्ष निवासी निराला नगर पुराना बस स्टैण्ड के पास बिलासपुर के द्वारा 11 जनवरी को रोज की भांति अपनी दुकान को रात्रि 10 बजे बंद कर घर चला गया था जो 12 जनवरी को सुबह 10.30 बजे दुकान खोला तो देखा कि दुकान का समान बिखरा पडा था चेक करने पर दुकान का मोबाईल एवं घडियां, गल्ला में रखे नगदी रकम नहीं था कोई अज्ञात चोर रात्र दुकान के पीछे दरवाजा से घुसकर दुकान में रखे सामान कीमती 40 हजार चोरी कर ले गया कि रिपोर्ट पर 7 अप्रैल को मुखबीर के सूचना के आधार पर एक व्यक्ति शनिचरी बाजार बाल्मीकी चौक के पास एक मोबाईल बेचने के फिराक में ग्रहक की तलाश कर रहा है कि सूचना पर आरोपी दुर्गेश घोरे पिता राकेश घोरे उम्र 22 वर्ष निवासी आदर्श नगर स्वामी मेडिकल स्टोर गली देवरी खुर्द थाना तोरवा को पुलिस द्वारा पकडकर लाया गया जो कडाई से पूछताछ करने पर 11 जनवरी को रात्रि में तेलीपारा विजय वाच एण्ड इलेक्ट्रिानिक्स से 2 नग मोबाईल एवं 4 नग घडी एवं गल्ले में रखे पैसा को चोरी करना जुर्म स्वीकार किया है एवं चोरी पैसा, 1 नग मोबाईल एवं घडी को रेल्वे स्टेशन में किसी व्यक्ति को बेचना पैसा खाने पीने में खर्च होना स्वीकार किया है 1 नग मोबाईल को आरोपी के कब्जे से जप्त कर विधिवत 8 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायाकि रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

पावरलिफ्टिंग के चैंपियनशिप में संभाग के 4 खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

बिलासपुर/नवप्रदेश। संयुक्त भारतीय खेल फाउंडेशन (एस.बी.के.एफ.) इंटरनेशनल गेम्स 2025 के द्वारा नेपाल के पोखरा मे रंगशाला स्टेडियम में 3 अप्रैल से 7 अप्रैल तक आयोजित 22 खेलो के महाकुंभ में बिलासपुर संभाग के चार खिलाड़ियों का चयन पावरलफ्टिंग में हुआ था। इस चैंपियनशिप को इन्दु ऑर्गेनाइजेशन के द्वारा मेजबानी की गई थी यह नेशनल स्पोर्ट्स काउंसिल नेपाल के द्वारा समर्थित है तथा भारत सरकार के कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के अधिनियम के तहत स्थापित है। इस चैंपियनशिप में मास्टर-1 (40 +) कैटिगरी के उत्तम कुमार साहू ने पावरलिफ्टिंग में कुल योग 435 किलोग्राम का भार उठाकर स्वर्ण पदक, सीनियर /30 कु. मेघा भगत ने कुल योग 352.5 किलोग्राम का भार उठाकर स्वर्ण पदक , सब - जूनियर /17 श्रीवर्धन श्रीवास्तव कुल योग 395 कि.ग्रा. का भार उठाकर स्वर्ण पदक , सब-जूनियर /17 प्रियांशु मानिकपुरी कुल योग 370 किलोग्राम का भार उठाकर स्वर्ण पदक प्राप्त किए हैं. इस प्रकार से बिलासपुर संभाग में कुल 4 स्वर्ण पदक प्राप्त हुए हैं.उत्तम कुमार एवं मेघा भगत पहले भी अंतरराष्ट्रीय स्तर में पदक प्राप्त करके भारत का सम्मान बढ़ा चुके हैं.रायगढ़ जिले के कलेक्टर कार्तिकेय गोयल ने कुमारी मेघा भगत को कंपटीशन फीस हेतु आर्थिक मदद कर सहायता की थी।

नेपाल के पोखरा में की गई आयोजित

पत्नी की हत्या कर खुद फांसी लगाकर कर ली खुदकुशी

बिलासपुर/नवप्रदेश। शराब पीने के लिए पैसा देने से मना करने पर पति ने पत्नी की हत्या कर स्वयं फांसी लगाकर आत्महत्या क़र लिया। पुलिस के अनुसार ग्राम सरपंच रामेश्वर कुजूर से जरिये मोबाइल से सूचना मिला की ग्राम उमरिया में सुखसिंह बैगा अपने पत्नी कुंवरिया बाई बैगा को शराब पीने के लिए पैसे मांगने पर पैसा नहीं देने की बात पर गुस्से में आकर टांगी के बेठ से मारकर हत्या कर दिया है कि सूचना से तत्काल वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, अर्चना झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देश पर कार्यवाही हेतु स्टॉफ के ग्राम उमरिया में मौके पर पहुंचकर मृतका के पुत्र चुन्नीलाल बैगा से पूछताछ करने पर घटना की पुष्टि होने व उसकी रिपोर्ट पर मर्ग इंटिमेशन क्र 00/2025 धारा 194 बीएनएसएस व अपराध क्र 00/2025 धारा 103(1) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नुपूर उपाध्याय व फोरेंसिक टीम की उपस्थिति घटना स्थल का बारिकी से निरीक्षण किया गया।

शिविर नगर निगम क्षेत्र में बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिक, निगम कमिश्नर ने लिया शिविर का जायजा

सुशासन तिहार के पहले दिन समाधान पेटी में आए 742 आवेदन

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश में पूरे प्रदेश में 8 अप्रैल से शुरू हुए सुशासन तिहार 2025 के तहत शिविर में बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे,जिन्होंने आवेदन दिया। सुशासन तिहार के पहले दिन बिलासपुर नगर निगम के सभी 70 वार्डों में आयोजित शिविर में कुल 742 आवेदन प्राप्त हुए, सभी शिविरों में समाधान पेटी भी रखा गया है जिसमें नागरिकों ने अपने आवेदन डाले।

वार्डों में लगाए गए शिविर का निगम कमिश्नर अमित कुमार ने निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया और नागरिकों से बातचीत की। विदित है की बिलासपुर नगर निगम क्षेत्र के सभी 70 वार्डों में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से आमजन के आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश में तीन चरणों में सुशासन तिहार-2025 का आयोजन किया जा रहा है। पहले चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे एवं अंतिम चरण में 05 मई से 31 मई 2025 के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

यह तिहार प्रदेश में सुशासन की सशक्त स्थापना, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा और जन संवाद को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। सरकार शासन के प्रत्येक स्तर पर पारदर्शिता, प्रभावशीलता और जन-हितैषी प्रशासन की स्थापना को लेकर कटिबद्ध है।

सुशासन तिहार का उद्देश्य आम जनता से सीधा संवाद करना

सुशासन तिहार-2025 के आयोजन के उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है। शिविर स्थलों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। इन स्थलों पर समाधान पेटी भी रखी गई है, ताकि लोग अपनी समस्याएं और शिकायतें नि:संकोच लिखकर उसमें डाल सकें। ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की भी पोर्टल में व्यवस्था है। कॉमन सर्विस सेंटर का भी ऑनलाइन आवेदन लेने हेतु उपयोग किया जा सकता है।

न्यूज गैलरी

पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ेंगी, सरकार ने बढ़ाई एक्साइज ड्यूटी

नई दिल्ली। वाहनचालकों के लिए अहम खबर सामने आ रही है। खबर यह है कि पेट्रोल डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी होना तय है क्योंकि सरकार ने एक्साइज ड्यूटी बढ़ाने का ऐलान किया है। सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क 2 रुपये प्रति लीटर बढ़ाया है। इससे पेट्रोल-डीजल के दाम 2 रुपए बढ़ जाएंगे। दिल्ली में अभी पेट्रोल 94 रुपए, डीजल 87 रुपए लीटर बिक रहा है। नए दाम रात 12 बजे से लागू होंगे। अभी सरकार पेट्रोल पर 19.90 रुपए लीटर और डीजल पर 15.80 रुपए लीटर वसूल रही है। इस बढ़ोतरी के बाद पेट्रोल पर 21.90 रुपए लीटर और डीजल पर 17.80 रुपए लीटर एक्साइज ड्यूटी लगेगी। पेट्रोल-डीजल की बढ़ी हुई कीमत से दूसरी चीजें भी महंगी हो सकती हैं।

टैरिफ का असर! गोल्ड और क्रूड ऑयल की कीमतों में भारी गिरावट

नई दिल्ली। अमेरिकी टैरिफ का असर अब कमोडिटी मार्केट पर भी देखने को मिल रहा है। वैश्विक स्तर पर अहम माने जाने वाली गोल्ड और क्रूड ऑयल जैसी महत्वपूर्ण कमोडिटी की कीमतों में भारी गिरावट देखने को मिली रही है। इंडियन बुलियन ज्वैलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, सोमवार को 24 कैरेट के गोल्ड की कीमत 2,613 रुपये कम होकर 88,401 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो शुक्रवार को 91,014 रुपये थी। इसके साथ ही, 22 कैरेट के गोल्ड की कीमत कम होकर 86,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 18 कैरेट के गोल्ड की कीमत कम होकर 78,680 रुपये हो गई है। इसके अलावा, चांदी की कीमतों में भी भारी गिरावट देखी गई है। एक किलो चांदी की कीमत 4,535 रुपये कम होकर 88,375 रुपये प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी की कीमत 92,910 रुपये प्रति किलो थी। गोल्ड की कीमतों में कमी की वजह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दाम कम होना है। गोल्ड का भाव 3,201 डॉलर प्रति औंस के अपने उच्चतम स्तर से कम होकर 3,060 डॉलर प्रति औंस पर आ गया है। ऐसी ही स्थिति चांदी में देखी गई है। जहां भाव 35 डॉलर प्रति औंस के उच्चतम स्तर से गिरकर 30.40 डॉलर प्रति औंस पर आ गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से रेसिप्रोकल टैरिफ के ऐलान के बाद से क्रूड ऑयल की कीमतों पर भी दबाव देखा जा रहा है। सोमवार को ब्रेंट क्रूड 2.12 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 64.24 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 2.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 60.61 डॉलर पर था। रेसिप्रोकल टैरिफ लगने के बाद क्रूड ऑयल की कीमतों में करीब 14 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। क्रूड ऑयल में गिरावट का कारण अमेरिका के साथ वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी आने की संभावना बढ़ना है, जिससे क्रूड ऑयल की मांग कम हो सकती है।

भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में खुला, आरबीआई एमपीसी पर निवेशकों की निगाहें

मुंबई। कमजोर वैश्विक संकेतों के चलते भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत लाल निशान में हुई। सुबह 9ः40 पर सेंसेक्स 356 अंक या 0.48 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 73,870 और निफ्टी 129 अंक या 0.58 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,405 पर था।आरबीआई एमपीसी के फैसलों का ऐलान 10 बजे गवर्नर संजय मल्होत्रा द्वारा किया जाएगा। जानकारों का मानना है कि केंद्रीय बैंक रेपो रेट में 25 आधार अंक की कटौती कर सकता है। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी गिरावट बनी हुई है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 539 अंक या 1.08 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 49,298 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 165 अंक या 1.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 15,223 पर था। सेक्टोरल फ्रंट पर ऑटो, एफएमसीजी, कंजम्पशन इंडेक्स हरे निशान में थे। आईटी, पीएसयू बैंक, फार्मा, मेटल, रियल्टी, इंफ्रा और कमोडिटीज में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। सेंसेक्स पैक में, पावर ग्रिड, नेस्ले, एचयूएल, एमएंडएम, आईटीसी, एशियन पेंट्स और भारती एयरटेल टॉप गेनर्स थे।। मारुति सुजुकी, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, एचसीएल टेक, इटरनल, टीसीएस और सन फार्मा टॉप लूजर्स थे। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में प्राइम रिसर्च के प्रमुख देवर्ष वकील ने कहा, हमें उम्मीद है कि आज भी बाजार में उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

डेटा सेंटर उद्योग में मजबूत विस्तार 2024 के लिए तैयार

भारत की उद्योग क्षमता 2027 तक 77 प्रतिशत बढ़कर 1.8 गीगावाट पहुंचने के आसार

मुंबई। भारत का डेटा सेंटर उद्योग मजबूत वृद्धि के लिए तैयार है, जिसकी क्षमता 2027 तक 77 प्रतिशत बढ़कर 1.8 गीगावाट तक पहुंचने का अनुमान है। यह जानकारी बुधवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में दी गई।डेटा सेंटर उद्योग में यह मजबूत विस्तार 2024 में 1 गीगावाट के मील के पत्थर को पार करने के बाद हुआ है।

उद्योग 2019 से 24 प्रतिशत सीएजीआर का मजबूत प्रदर्शन कर रहा है।जेएलएल की रिपोर्ट के अनुसार, क्लाउड सर्विस प्रोवाइडर्स की मांग और तेजी से बढ़ते एआई क्षेत्र द्वारा संचालित यह वृद्धि भारत को ग्लोबल डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के परिदृश्य में एक उभरती शक्ति के रूप में स्थापित करती है। मुंबई भारत के डेटा सेंटर बाजार में एक लीडर के रूप में उभरा है, जो देश की कुल क्षमता का 52 प्रतिशत हिस्सा रखता है। यह प्रभुत्व भारत के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में मुंबई की महत्वपूर्ण भूमिका और देश के डेटा हब के रूप में इसकी स्थिति को उजागर करता है। इसी क्रम में मुंबई के बाद चेन्नई दूसरे स्थान पर है, जहां भारत की डेटा सेंटर क्षमता का 21 प्रतिशत हिस्सा है।दिलचस्प बात यह है कि बेंगलुरु जिसे भारत की सिलिकॉन वैली कहा जाता है और हैदराबाद जैसे स्थापित टेक हब में देश की डेटा सेंटर क्षमता का 7-7 प्रतिशत हिस्सा है।जेएलएल के एपीएसी लीड (डेटा सेंटर कोलोकेशन लीजिंग) रचित मोहन ने कहा, भारत एआई मिशन सभी क्षेत्रों में एआई अपनाने को बढ़ावा देगा, जो 1 ट्रिलियन डॉलर डिजिटल अर्थव्यवस्था लक्ष्य में योगदान देगा। भारत में डिजिटल और रियल एस्टेट इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 5 बिलियन डॉलर के निवेश के साथ 785 मेगावाट (आईटी लोड) की नई डेटा सेंटर सप्लाई जोड़ने की उम्मीद है। मोहन ने कहा, भविष्य की मांग वृद्धि पर अमेरिकी प्रसार नीति की प्रतिकूल परिस्थितियों का असर पड़ने की उम्मीद है, जो एडवांस टेक्नोलॉजी के ट्रांसफर को प्रतिबंधित करती है। बीएफएसआई (बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विस और इंश्योरेंस) और टेक्नोलॉजी सेक्टर ऑक्यूपेंसी में क्रमशः 18 प्रतिशत और 12 प्रतिशत का योगदान देते हैं। भारतीय डेटा सेंटर उद्योग ने 2024 की दूसरी छमाही (जुलाई-दिसंबर) में शानदार वृद्धि दर्ज की। सप्लाई में सालाना आधार पर 51 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 114 मेगावाट तक पहुंच गई। जेएलएल के मुख्य अर्थशास्त्री और अनुसंधान एवं आरईआईएस, भारत प्रमुख सामंतक दास ने कहा, भारतीय डेटा सेंटर उद्योग तीव्र वृद्धि के लिए तैयार है। यह तेजी तकनीकी प्रगति और सहायक सरकारी नीतियों की वजह से देखी जाएगी। डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट और इसके साथ आने वाले नियम डेटा सुरक्षा परिदृश्य को बदलने के लिए तैयार हैं।

करोड़ों ईपीएफओ सदस्यों को संपर्क रहित, सुरक्षित और पूरी तरह से डिजिटल सेवाओं का लाभ

सरकार ने कर दिया बड़ा ऐलान, ईपीएफओ से जुड़े कर्मचारियों के लिए आई खुशखबरी

नई दिल्ली। सरकार ने ईपीएफओ के तहत आने वाले कर्मचारियों के लिए बड़ा एलान किया है। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को बताया कि सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में शामिल कर्मचारी अब केवल चेहरे की पहचान करारकर ही सार्वभौमिक भविष्य निधि खाता संख्या (यूएएन) और उससे जुड़ी सेवाएं हासिल कर सकेंगे।

केंद्रीय मंत्री ने बिहार के छह जिलों जिनमें अररिया, सहरसा, औरंगाबाद, बांका, पूर्वी चंपारण और गोपालगंज शामिल हैं, में कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के तहत पूर्ण रूप से अधिसूचित करने की भी घोषणा की। इससे लगभग 24,000 अतिरिक्त लोग ईएसआईसी की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के दायरे में आ सकेंगे। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, मांडविया ने कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन

(ईपीएफओ) ने चेहरे के प्रमाणीकरण का उपयोग करके यूएएन आवंटन और उसे एक्टिवेट करने के लिए उन्नत डिजिटल सेवाएं शुरू की हैं। करोड़ों ईपीएफओ सदस्यों को संपर्क रहित, सुरक्षित और पूरी तरह से डिजिटल सेवाओं का लाभ मिलेगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि अब कर्मचारी उमंग मोबाइल एप के जरिए आधार फेस ऑथेंटिकेशन टेक्नोलॉजी (एफएटी) का उपयोग करके सीधे यूएएन बना सकते हैं। नियोक्ता भी किसी नए कर्मचारी के आधार फेस ऑथेंटिकेशन टेक्नोलॉजी (एफएटी) का उपयोग करके यूएएन बनाने के लिए उमंग एप का उपयोग कर सकता है।

यूएएन जनरेट करने के लिए, कर्मचारी को उमंग एप खोलना होगा और फेस ऑथेंटिकेशन के जरिए यूएएन आवंटन और एक्टिवेशन के चरणों का पालन करना होगा। आधार-आधारित सत्यापन के बाद, यूएएन जनरेट हो जाएगा और आधार डेटाबेस में दिए गए मोबाइल नंबर पर एसएमएस के जरिए इसे भेज दिया जाएगा। यूएएन बनाने के बाद, कर्मचारी उमंग एप या सदस्य पोर्टल से यूएएन कार्ड डाउनलोड कर सकता है।

नई प्रक्रिया के लाभ यह है कि इसमें आधार की 100 प्रतिशत पुष्टि होती है और उपयोगकर्ता फेस ऑथेंटिकेशन का उपयोग करता है। मंत्री ने आगे बताया कि जिन सदस्यों के पास पहले से ही यूएएन है, लेकिन उन्होंने अभी तक इसे सक्रिय नहीं किया है, वे अब उमंग ऐप के माध्यम से आसानी से अपना यूएएन सक्रिय कर सकते हैं। चेहरा प्रमाणीकरण का उपयोग करने से बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, जनसांख्यिकीय या ओटीपी-आधारित प्रमाणीकरण जैसे पारंपरिक तरीकों की तुलना में उच्च स्तर की सुरक्षा मिलती है।

बढ़ती महंगाई में राहत : आरबीआई ने लगातार दूसरी बार घटाई ब्याज दर

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति का ऐलान किया है। आरबीआई एमपीसी ने रेपो रेट को 25 आधार अंक कम करके 6 प्रतिशत कर दिया है, जो कि पहले 6.25 प्रतिशत थी। 2025 में यह लगातार दूसरा मौका है, जब केंद्रीय बैंक ने रेपो रेट को कटौती है। इससे पहले फरवरी में आरबीआई एमपीसी ने रेपो रेट 25 आधार अंक घटाया था। रेपो रेट में कमी का सीधा असर होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन समेत सभी प्रकार के लोन की ब्याज दरों पर होता है। इस फैसले से आम आदमी को राहत मिलेगी। इसके अलावा, केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक नीति के रुख को 'न्यूट्रल' से बदलकर 'अकोमोडेटिव' कर दिया है। अकोमोडेटिव का मतलब है कि केंद्रीय बैंक आने वाले समय में मौद्रिक नीति का नरम रुख जारी रख सकता है। आरबीआई गवर्नर ने वित्त वर्ष 26 के लिए जीडीपी विकास दर अनुमान को 20 आधार अंक कम कर 6.5 प्रतिशत कर दिया है।

केंद्रीय बैंक के मुताबिक, जीडीपी विकास दर वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में 6.5 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 6.7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 6.6 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 6.3 प्रतिशत रह सकती है। आरबीआई गवर्नर के मुताबकि, वित्त वर्ष 26 में महंगाई दर 4 प्रतिशत पर रह सकती है। यह चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 3.6 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 3.9 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 3.8 प्रतिशथ और चौथी तिमाही में 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। गवर्नर मल्होत्रा ने कहा कि मौजूदा समय में महंगाई लक्ष्य के नीचे बनी हुई है। इसकी वजह खाद्य उत्पादों की कीमतों में गिरावट आना है। उन्होंने आगे कहा, अगले साल महंगाई दर आरबीआई के लक्ष्य 4 प्रतिशत के अनुरूप रह सकती है। गवर्नर मल्होत्रा ने कहा कि देश में निवेश गतिविधियों में तेजी जारी है। मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों में बढ़त देखने को मिल रही है। साथ ही बताया कि शहरी खपत में भी बढ़त देखी जा रही है।

भारी गिरावट के बाद शेयर मार्केट में लौटी रौनक

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार ट्रंप टैरिफ के खौफ से उबरते हुए रिकवरी मोड में नजर आया। सोमवार की बड़ी गिरावट झेलने के बाद बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स मार्केट ओपन होते ही 1200 अंक उछल गया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी ने भी 350 अंक की जोरदार उछाल के साथ कारोबार की शुरुआत की।

शेयर मार्केट में कारोबार की शुरुआत होने के साथ ही बीएसई का सेंसेक्स अपने पिछले बंद 73,137.90 की तुलना में उछलकर 74,013.73 पर ओपन हुआ और कुछ ही देर में उछलकर 74,265.25 के स्तर पर पहुंचकर कारोबार करता नजर आया। निफ्टी की बात करें, तो ये इंडेक्स अपने पिछले बंद 22,161.60 के लेवल से चढ़कर 22,446.75 पर खुला और कुछ ही मिनटों में ये 22,577.55 के लेवल पर पहुंच गया।सोमवार को शेयर बाजार में तेजी के संकेत पहले से ही मिलने लगे थे। जी हां जापान और हांगकांग के शेयर बाजारों तूफानी तेजी देखने को मिल रही थी, तो वहीं Gift Nift4 भी शुरुआती कारोबारी में करीब 400 अंकों की उछाल के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा था। जापान के निक्केई में जबरदस्त 7प्रतिशत की उछाल देखने को मिली। भारतीय शेयर मार्केट में बीते कारोबारी दिन सोमवार को कत्लेआम मचा हुआ था। मार्केट ओपन होने के साथ ही सेंसेक्स और निफ्टी धराशायी नजर आए थे। बीएसई का सेंसेक्स अपने पिछले बंद 75,364.69 की तुलना में फिसलकर 71,449 के लेवल पर खुला था और कुछ ही देर में 71,425 के स्तर तक टूट गया था। हालांकि, अंत में कुछ रिकवरी देखने को मिली, फिर भी Sense& 2226.79 अंक या 2.95 फीसदी गिरकर 73,137.90 के लेवल पर क्लोज हुआ।

टग बोट की मैन्युफैक्चरिंग से भारत की मैरिटाइम क्षमता में इजाफा : केंद्रीय मंत्री

नई दिल्ली। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा है कि हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन टग का घरेलू स्तर पर विकास न केवल एक तकनीकी उन्नति है, बल्कि यह ग्लोबल ग्रीन मैरिटाइम मूवमेंट का नेतृत्व करने की भारत की बढ़ती क्षमता का प्रतीक भी है।देश की जहाज निर्माण क्षमता बढ़ाने के लिए कोचीन शिपयार्ड में एडवांस मशीनरी का अनावरण करने के बाद, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।केंद्रीय मंत्री ने 'प्रोआर्क सीएनसी प्लाज्मा कम ऑक्सी फ्यूल प्लेट कटिंग मशीन' का उद्घाटन किया। यह

एक एडवांस्ड फैसिलिटी है जो कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड की जहाज निर्माण क्षमताओं को बढ़ाएगी।यह सिस्टम की मदद से रियल टाइम पर निगरानी, पूर्वानुमानित रखरखाव और उत्पादन दक्षता में वृद्धि की जा सकती है, जो सीधे जहाज निर्माण वित्तीय सहायता नीति (एसबीएफएपी) 2.0 के उद्देश्यों के साथ अनुरूप है।केंद्रीय मंत्री ने ग्रीन टग ट्रांजिशन प्रोग्राम (जीटीटीपी) के तहत विकसित किए जा रहे दो ग्रीन टग के लिए स्टील कटिंग समारोह की भी अध्यक्षता की, जो मंत्रालय का एक प्रमुख सस्टेनेबिलिटी इनिशिएटिव है।कोचीन शिपयार्ड इन हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन टग का निर्माण करने वाली पहली भारतीय कंपनी है।केंद्रीय मंत्री ने कहा, आईएनएस विक्रांत के निर्माण से लेकर 175 से अधिक जहाजों की डिलीवरी और 2,500 से अधिक जहाज मरम्मत प्रोजेक्ट्स को पूरा करने तक, कोचीन शिपयार्ड पीएम मोदी की आत्मनिर्भरता की दिशा में परिवर्तनकारी दृष्टिकोण को दर्शाता है।सोनोवाल ने कहा, उनके (पीएम मोदी) नेतृत्व में भारत का मैरिटाइम सेक्टर विश्व स्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर, राष्ट्रीय विस्तार और एमईटीआई जैसे संस्थानों के माध्यम से नई ऊंचाइयों को छू रहा है, जो कल के कुशल मैरिटाइम वर्कफोर्स को आकार दे रहे हैं।इसके अलावा, केंद्रीय मंत्री ने भारत के सबसे बड़े ट्रेलर सक्शन हॉपर ड्रेजर के निर्माण की प्रगति की भी समीक्षा की, जिसका निर्माण कोचीन शिपयार्ड द्वारा आईएचसी हॉलैंड के साथ साझेदारी में ड्रेजिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के लिए किया जा

खेल

वर्ल्ड कप मुक्केबाजी में गोल्ड मेडलिस्ट बने हितेश

दिल्ली। हरियाणा के झज्जर जिले के गांव जहांगीरपुर का बेटा हितेश गुलिया राष्ट्रीय चैंपियन के बाद वर्ल्ड चैंपियन में खिताब जीतने वाला पहला खिलाड़ी बन गया है। बचपन में हितेश का वजन अधिक होने के कारण परिवार ने अकादमी में भेज दिया था।

अब उन्होंने ब्राजील में आयोजित वर्ल्ड कप मुक्के बाजी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। वहीं हितेश के सम्मान में गांव जहांगीरपुर में पंचायत की ओर से समारोह का आयोजन किया जा रहा है। ब्राजील के फोझ डो इगुआकु में हाल ही में आयोजित हुई विश्व मुक्केबाजी प्रतियोगिता में झज्जर के गांव जहांगीरपुर के हितेश गुलिया ने स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश व देश का नाम रोशन किया है। हितेश की जीत की खुशी में उसका स्वागत करने के लिए उसका परिवार और गांव के लोग बड़ी ही बेसब्री से हितेश के आगमन का इंतजार कर रहे हैं। हितेश का गांव की तरफ से बड़ी ही शान और शौकत से स्वागत किया जाएगा। इसके लिए गांव में एक पंचायत भी हो चुकी है। हितेश के पिता ने बताया कि उन्होंने बताया कि हितेश के स्वागत के लिए पूरे परिवार और गांव में अलग तरह की खुशी है और हर कोई हितेश के आन का इंतजार कर रहा है। गांव में समारोह को लेकर उसके पदक जीतते ही तैयारियां शुरू कर दी गई थी। पेश से ठेकेदार रहे हितेश के पिता सत्यवान के अनुसार हितेश को दाल चूरमा बहुत पसंद है और उसके यहां गांव में आने पर दाल चूरमा खिलाया जाता है। जब वह गांव आता है तो उसकी स्पेशल डिमांड सिर्फ दाल चूरमा की ही होती है। हितेश की जीत की खुशी की चमक उसके पिता सत्यवान, मां शर्मिला और बहन चेतना के चेहरे पर अलग तरह से दिखाई दी। हितेश के पिता सत्यवान कहते हैं कि बचपन में हितेश का वजन बहुत ज्यादा था। उन्होंने उसका वजन कम करने और

शारीरिक अभ्यास करने के लिए ही हितेश को झज्जर में अकादमी के अंदर भर्ती कराया था। यहां उसके कोच हितेश की मेहनत का ही परिणाम है कि उसने यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने कहा कि ब्राजील में स्वर्ण जीतना एक तरह से हितेश के खेल की शुरुआत है। अभी हितेश को देश के लिए ओलिम्पिक खेलना है और इसी की तैयारी में वह जुटा हुआ भी है। मौजूदा समय में उनका टारगेट कॉमनवैल्थ और एशियन गेम खेलने का प्रयास है। अभी हितेश को बहुत ज्यादा खेलना है और देश के लिए पदक हासिल करना है। मां शर्मिला बोली कि बेटे के गोल्ड जीतने की खुशी पूरे परिवार के चेहरे पर है। दाल चूरमा खिलाकर हितेश का स्वागत किया जाएगा। बहन चेतना गुलिया ने भी हितेश की जीत पर खुशी जताई। उसने कहा कि हर मैच की हार जीत की खुशी और दुख हितेश उनके साथ साझा करता आया है।फाइनल में उनके प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड के ओडेल कामारा चोट के कारण मुकाबले में नहीं उतर सके। हितेश की खेल यात्रा स्कूल स्तर से शुरू हुई। उन्होंने सब-जूनियर में राज्य स्तर पर तीन स्वर्ण पदक जीते। हरियाणा स्कूल स्टेट चैंपियनशिप 2018 और स्कूल गेम्स 2019 में सफलता के बाद भिवानी के स्ढ्ढ सेंटर में ट्रेनिंग ली। यहीं से भारतीय नौसेना में उन्हें चुना गया।

हतेश के पिता सत्यवान के अनुसार उनके बेटे ने दसवीं के बाद नौसेना ज्वाइन की। वे पूर्व स्टार सुरंजय के मार्गदर्शन में बॉक्सिंग कर रहे हैं। हितेश ने सितंबर 2024 में इंटर-सर्विसेज चैंपियनशिप में खिताब जीता। 2025 के नेशनल गेम में वे राष्ट्रीय चैंपियन बने। उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों में भी स्वर्ण पदक हासिल किया।

एमपी की शुचि का बीसीसीआई ने किया सिलेक्शन

दिल्ली। मध्यप्रदेश के मंडला की रहने वाली शुचि उपाध्याय भारतीय महिला क्रिकेट टीम में खेलेंगी।

बीसीसीआई ने श्रीलंका में होने वाली त्रिकोणीय सीरीज के लिए उनका सिलेक्शन किया है। लेफ्ट ऑर्म स्पिनर शुचि हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में 27 अप्रैल से 7 मई तक कोलंबो में यह टूर्नामेंट खेलेगी। शुचि इस समय देहरादून में नेशनल चैलेंजर ट्रॉफी खेल रही हैं। उनके पिता सुधीर उपाध्याय ने बताया कि वह बुधवार शाम तक मंडला पहुंचेंगी। शुचि की क्रिकेट यात्रा रोचक है। उन्होंने मंडला के रामलीला मैदान नावघाट से गली क्रिकेट के साथ अपनी शुरुआत की। फिर मेकल अकेडमी में प्रैक्टिस की। वह ओपन टूर्नामेंट में पुरुष खिलाड़ियों को भी अपनी फिरकी से परेशान कर चुकी हैं। नेशनल सीनियर वुमेन टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब भी जीत चुकी हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ मामले को लेकर ईडी पर कसा तंज, कहा-

आपके मूल अधिकार हैं तो जनता के भी हैं...

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रवर्तन निदेशालय के पास यदि मूल अधिकार हैं, तो आम जनता के भी ऐसे ही अधिकार हैं। सुप्रीम कोट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान यह स्पष्ट किया है। ईडी ने आर्टिकल 32 के तहत एक याचिका शीर्ष अदालत में प्रस्तुत की थी, जिसमें छत्तीसगढ़ के नागरिक आपूर्ति निगम में हुए घोटाले की जांच को दिल्ली स्थानांतरित करने की मांग की गई थी। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि यदि ईडी के पास अपने मूल अधिकार हैं, तो उसे जनता के अधिकारों का भी ध्यान रखना चाहिए। बेंच ने यह भी स्पष्ट किया कि आर्टिकल 32 के तहत याचिका तभी स्वीकार की जा सकती है, जब मूल अधिकारों का उल्लंघन हुआ हो। इसके बाद, ईडी ने सुप्रीम कोर्ट से अपनी याचिका वापस ले ली है।

ईडी ने पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा और अन्य के खिलाफ चल रहे मामले में एक अर्जी दाखिल की है। ये सभी 2015 के एक मामले में आरोपी हैं, जिसमें नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा चावल की खरीद और वितरण में बड़े पैमाने पर घोटाले का आरोप लगाया गया है। ईडी का आरोप है कि छत्तीसगढ़ का आपराधिक न्याय प्रणाली इस जांच को प्रभावित कर रही है, जहां गवाहों को धमकाया जा रहा है और जांचकर्ताओं पर राजनीतिक दबाव डाला जा रहा है। ईडी ने इस मामले को नई दिल्ली में पीएमएलए के तहत विशेष अदालत में स्थानांतरित करने और नए सिरे से ट्रायल शुरू करने की मांग की है।

इस मामले की जांच पर 2018 में सरकार के परिवर्तन का गहरा प्रभाव पड़ा। टुटेजा तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निकट हो गए और उन्हें अग्रिम जमानत प्रदान की गई, जिससे जांच को प्रभावित करने का प्रयास किया गया। इसके अलावा एजेंसी ने एसआईटी के सदस्यों और टुटेजा के बीच हुई वॉट्सऐप चैट्स का उल्लेख किया और कॉल रिकॉर्ड का डेटा भी प्रस्तुत किया। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने ईडी की याचिका पर सवाल उठाए, यह कहते हुए कि यह आश्चर्यजनक है कि ईडी जैसी संस्था ने सरकार की एजेंसियों के खिलाफ याचिका दायर की है। अडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने ईडी की ओर से पेश होकर याचिका वापस लेने की बात कही।

नक्सलियों पर एक्शन की कांग्रेसियों ने की सराहना

सबका साथ रहे, जवानों के शौर्य पर सवाल न उठे : विजय शर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश में हो रही नक्सल कार्रवाई की सराहना की है। इसी बीच अब गृह मंत्री विजय शर्मा का बयान भी सामने आया है।

उन्होंने कांग्रेस नेताओं के द्वारा की गई नक्सली कार्रवाई की तारीफ को लेकर कहा- टीएस सिंहदेव और सुरेन्द्र शर्मा को मैंने सुना, दोनों कांग्रेस नेताओं ने स्पष्टता से अपनी बात रखें हैं। नक्सल मुद्दे पर हम सबको साथ होना चाहिए। जवानों के शौर्य पर सवाल न उठे। गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा- देश की सुरक्षा पर खेल नहीं खेलना चाहिए। वहीं शर्मा ने दुर्ग में बच्ची के साथ रेप के बाद मर्डर की घटना कहा कि, पुलिस ने उसी दिन आरोपियों को पकड़ लिया था। मैं दुर्ग बार एसोसिएशन का धन्यवाद करता हूं। वकीलों ने कहा कि हम आरोपी की पैरवी नहीं करेंगे। पुलिस समय सीमा के भीतर चालाना पेश करेगी। कोर्ट से समाज के अनुरूप निर्णय की उम्मीद है।

सुप्रीम कोर्ट के वकीलों की टीम आएगी भिलाई

बच्ची से रेप और हत्या मामले में दुर्ग के वैशाली नगर से भाजपा विधायक रिकेस सेन कहा- सुप्रीम कोर्ट के पांच वकीलों की टीम पीड़ित पक्ष की ओर से केस लड़ सकती है। हमारी कोशिश है कि जल्द न्याय मिले, भिलाई के वकील राजकुमार तिवारी निःशुल्क सेवा देंगे। सुप्रीम कोर्ट के पांच वकीलों की टीम भिलाई आएगी। हम लगातार उनके संपर्क में है। बांसुरी स्वराज से भी बातचीत चल रही है। आगे कहा कि इस कानूनी लड़ाई में उन वकीलों का जो भी खर्च होगा मैं खुद जनसहयोग से वहन करूंगा।

कांग्रेस के अधिवेशन पर वन मंत्री ने कसा तंज

गुजरात में कांग्रेस के अधिवेशन को लेकर मंत्री केदार कश्यप का बड़ा तंज कसा है। कहा- कांग्रेस की स्थिति बद से बत्तर हो चुकी है। सदन के माध्यम से कांग्रेस का वास्तविक चेहरा लोगों के सामने आ चुका है। शेर की खाल में छुपकर भेड़िया जैसा काम कांग्रेस करती है। छत्तीसगढ़ की जनता ने तो कांग्रेस को सबक सिखाया है। अब देशभर की जनता सबक सिखाएगी।

आयुष्मान की प्रोत्साहन राशि पर डेढ़ साल से रोक

बंदरबांट की मिल रही थीं शिकायतें, अब तक नहीं हो पाया फैसला

रायपुर/नवप्रदेश। आयुष्मान योजना के तहत किए उपचार के बदले मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के वितरण पर लगा ब्रेक पिछले डेढ़ साल ले नहीं हट पाया है। इस योजना के जरिए इलाज के बदले डॉक्टर सहित अन्य चिकित्सकीय स्टाफको काफी पैसे मिल जाते थे। लगातार इसकी बंदरबांट की शिकायतें मिल रही थी जिसके बाद राशि वितरण पर अघोषित तौर पर रोक लगाई गई थी। जिस पर अब तक अंतिम फैसला नहीं हो पाया है। छोटे-बड़े सरकारी अस्पतालों में आने वाले 90 फीसदी मरीज आयुस्मान योजना के हितग्राही होते हैं। योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा मरीजों को उपचार लाभ देने के लिए डॉक्टर के साथ-साथ अन्य चिकित्सकीय स्टाफ को एक निश्चित हिस्सा इंटेसिव के रूप में दिया जाता है।

निजी अस्पतालों का भुगतान बाकी

मिली जानकारी के अनुसार, आयुष्मान योजना के तहत निजी अस्पतालों को उपचार की पूरी राशि का भुगतान अब तक नहीं किया गया है। प्राप्त होने वाली राशि के आधार पर उन्हें कुछ हिस्सा सरकारी अस्पतालों के साथ प्रदान किया गया है। राजधानी समेत प्रदेश में अभी भी कई अस्पतालों द्वारा आयुष्मान योजना में मरीजों का उपचार नहीं किया जाता है।

वेतन से ज्यादा मिल जाती थी इन्टेंशिव : रिपोर्ट के मुताबिक आंबेड़कर अस्पताल के कई विभाग में कार्यरत सर्जन सहित बड़े चिकित्सकों को इंन्टेंसिव के रूप में वेतन से ज्यादा पैसे मिल जाते थे। वहीं अन्य अस्पतालों के स्टाफ को निश्चित पैसे मिलते थे। दूसरी तरफ प्रोत्साहन राशि के वितरण में गड़बड़ी शुरू हुई। निचले स्तर के कर्मचारियों को पैसे मिलने बंद हो गए। ऐसी ही शिकायतों की वजह से योजना में पारद्रशिता लाने तक प्रोत्साहन राशि के वितरण पर अघोषित तौर पर रोक लगा दी गई। करीब डेढ़ साल से इस योजना पर रोक लगी है, जिससे चिकित्सकों के साथ अन्य स्टाफ को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। चिकित्सकीय स्टाफ के साथ उपचार की राशि का लगभग दस फीसदी हिस्सा अस्पताल में सुविधा के विस्तार के लिए दिया जाता है। इस मामले में स्टेट नोडल एजेंसी के जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं।

समस्या : टूटी सड़कें, फूटी नाली यही वार्ड संख्या 6 की निशानी

रोहित मिश्र

बिलासपुर/यदुनंदन नगर। बिलासपुर जिले में स्थित जोन क्रमांक 02 तिफरा से जुड़े वार्ड संख्या 06 इन दिनों मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहा है। जहां एक ओर सरकार का नारा सुशासन और जनहित याचिकाओं पर तुरंत कार्यवाही की बात कहता है ठीक इसके उलट तिफरा जोन ऐसी किसी भी शिकायतों से प्रभावित नहीं होता है। आपको बता दे कि वार्ड संख्या 06 से जुड़ी लगभग सभी गलियों में बहने वाली नालियां अब कचरा युक्त और टूटे हुए स्लैब में परिवर्तित हो चुकी है आलम यह है कि नालियां जाम है और नालियां खुली होने के कारण छोटे बच्चों और मवेशियों के लिए खतरा बना हुआ है। आपको इस कड़ी में बता दे कि कॉलोनी में आम जनता को जिन पाइपों द्वारा पीने का पानी पहुंचाया जाता है। आज उनकी हालत ऐसी है कि विगत 3 माह से पाइप फूट जाने के कारण कई हजार लीटर पानी सड़कों पर आए दिन बहते हुए देखा जा सकता है। इस समस्या को कई बार वार्ड के पार्षद और उनके सहयोगियों को बताया गया पर समस्या का समाधान नहीं हो पाया। पार्षद ने हमारे विशेष संवाददाता रोहित मिश्र को दूरभाष के माध्यम से बताया कि निगम इस समस्या को दूर कर पाने में मदद नहीं कर रहा है। कॉलोनी की मुख्य सड़क लगभग टूट चुकी है पर निगम के उच्च अधिकारी इस विषय में संज्ञान लेने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाते।

आपको बता दे कि वर्धमान दुकान के पीछे वाली गली की पेय जल की पाइप विगत 3 माह से टूटी हुई है पर आज तक निगम और पार्षद द्वारा इसे दुरुस्त कराने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है जो कही न कही संवेदनशील कार्य शैली की ओर इशारा करता है। सूत्र बताते है कि कॉलोनी में अब किसी भी समस्या को त्वरित रूप से पूर्ण करने की तत्परता अब नहीं देखी जाती जिस कारण कॉलोनी वाशियो को हर समस्या के समाधान में काफ़ी वक्त लगता है।

साय सरकार का बड़ा फैसला-अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं के लिए मिलेंगे 3 लाख रुपए

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर राज्य सरकार अब खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए 3 लाख रुपए तक की आर्थिक मदद देगी। कई बार खिलाड़ी पैसों की कमी के कारण इन प्रतियोगिताओं में हिस्सा नहीं ले पाते थे। अपनी यात्रा और तैयारी के लिए फंड मिलेगा। यह योजना क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के तहत लागू की जाएगी। इसमें ओलंपिक, विश्व कप, एशियाड और राष्ट्रमंडलीय खेल शामिल होंगे। खिलाड़ियों को इस मदद के लिए चयन पत्र और यात्रा टिकट जैसी जानकारी देनी होगी। इसके आधार पर मदद का मूल्य तय किया जाएगा। इसके बाद, मंत्री की सिफारिश और कलेक्टर की मंजूरी से यह मदद दी जाएगी। खेल संचालक तनुजा सलाम ने बताया कि इस साल सरकार ने खेल योजना के लिए 50 करोड़ रुपए का बजट रखा है।

1.65 करोड़ का गोल्ड लोन का फ्रॉड करने वाली युवती गिरफ्तार

गरियाबंद/नवप्रदेश। ईओडब्ल्यू ने दो साल से फरार बैंक की पूर्व असिस्टेंट मैनेजर को गिरफ्तार किया है। ये मैनेजर इतनी शातिर थी कि उसने उन अकाउंट्स को अपना टारगेट बनाया जिसमें ज्यादा ट्रांजेक्शन नहीं होते थे या ऐसे अकाउंट्स जो कुछ महीनों से बंद पड़े थे। इस ठग ने 1 करोड़ 65 लाख रुपए से अधिक की ठगी को अंजाम दिया है।

मोबाइल को लेकर पिता ने डांटा तो बेटा फांसी पर झूला गया

सरगुजा/नवप्रदेश। सरगुजा संभाग के बतौली में नाबालिग स्कूली छात्र को मोबाइल न चलाने के विषय में फटकार लगाना परिजनों को महंगा पड़ा। मोबाइल न चला पाने के डर से गुस्से में आकर नाबालिग छात्र ने अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। बताया जा रहा है कि, नाबालिग ने जंगल में पेड़ की टहनी के सहारे रस्सी बांधकर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मिली जानकारी के अनुसार यह घटना सीतापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम महेशपुर की है।

छात्र कक्षा 9 वीं में पढ़ता था, जो कसाईडीह का निवासी था। लेकिन नासमझ नाबालिग छात्र ने आवेश में आकर महेशपुर के जंगल में पेड़ की टहनी के सहारे रस्सी लटकाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। बता दें कि घटना लगभग दिन के 2.30 बजे की है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431 संपादक-चन्द्रशेखर धोटे *(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com